खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :40$^{0}$C
न्यूनतम: 23$^{0}$C

मेरठ, सोमवार 20 अप्रैल 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 318 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 1 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विपक्ष का आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफः योगी पेज 2



आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फटी, अब उन्हें बाहर बैठना पड़ेगा खेल टाइम्स



इस साल लोगों को झुलसाएगी गर्मी सम्पादकीय



ईरान से युद्ध एपस्टीन विवाद से ध्यान भटकाने की चालः कमला हैरिस पेज 12

# ट्रम्प की ईरान को आखिरी धमकी

## इस्लामाबाद वार्ता से पहले कहाः समझौते नहीं माने, तो तमाम पावर प्लांट और पुलों को उड़ा देंगे

वाशिंगटन, वार्ता



■ ईरान ने होर्मुज में फायरिंग कर मौजूदा युद्धविराम समझौते की धज्जियां उड़ा दीं: ट्रम्प

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे आक्रामक रुख अख्तियार किया है। उन्होंने ईरान को सैन्य तबाही की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने मौजूदा समझौते की शर्तों को स्वीकार नहीं किया, तो अमेरिका उसके तमाम पावर प्लांट और पुलों को जमींदोज कर देगा।

ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में गोलीबारी कर मौजूदा युद्धविराम समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी हमलों का निशाना फ्रांस और ब्रिटेन के जहाज बने हैं। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान का यह कदम उसकी हताशा को दर्शाता है। इस तनाव के बीच ट्रम्प ने कूटनीतिक रास्ते का आखिरी विकल्प भी खुला रखा है। अमेरिकी प्रतिनिधियों का एक दल सोमवार शाम पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच रहा है। वहां ईरान के साथ निर्णायक बातचीत होनी है। ट्रम्प ने कहा कि यह ईरान के पास आखिरी मौका है। ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की घोषणा पर तंज कसते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी नाकेबंदी ने उसे पहले ही बंद कर रखा है। इससे ईरान को रोजाना 50 करोड़ डॉलर का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के जहाज अब तेल और माल लोडिंग के लिए अमेरिका के टेक्सास, लुइसियाना और अलास्का के बंदरगाहों का रुख कर रहे हैं, जिससे अमेरिका को कोई नुकसान नहीं है। ट्रम्प ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि पिछले 47 वर्षों से जो काम किसी राष्ट्रपति ने नहीं किया, उसे अब वो अंजाम देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर डील नहीं हुई, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा।

### होर्मुज स्ट्रेट किसी बेवकूफ के ट्वीट पर नहीं खुलेगा

■ ईरान ने ऑडियो संदेश जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति को चिढ़ाया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण अफ्रीका में स्थित ईरानी दूतावास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर सोशल मीडिया के जरिये तीखा हमला किया है।

एक वायरल समुद्री ऑडियो क्लिप को लेकर दूतावास ने ट्रम्प को निशाना बनाते हुए विवाद खड़ा कर दिया। यह पूरा मामला उस कथित ऑडियो के सामने आने के बाद शुरू हुआ, जिसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना का रेडियो संदेश बताया जा रहा है। इस ऑडियो में इडियट शब्द सुनाई देता है, जिसे लेकर -शेष पृष्ठ दो पर

### ट्रम्प हमसे परमाणु अधिकार छीनने वाले कौनः ईरान

■ ईरानी राष्ट्रपति बोले: हम युद्ध नहीं चाहते, सिर्फ आत्मरक्षा कर रहे, अमेरिका पर हमें भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है। ईरानी न्यूज एजेंसी इसना के मुताबिक, पेजेशकियान ने कहा कि ट्रम्प कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में। वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले।

पेजेशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने वाली है। अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत में अभी भी गतिरोध बना हुआ है। दोनों के बीच मतभेद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के नियंत्रण को लेकर हैं। पजशकियन ने दोहराया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता है। सिर्फ आत्मरक्षा में कदम उठा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। इससे पहले ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने कहा था कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता हैं। हालात कभी भी बिगड़ सकते है। वहीं ईरान ने एक बार फिर -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में रोड सेफ्टी निर्देश किए जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहाः एक्सप्रेसवे खतरे के गलियारे नहीं बनने चाहिएं
■ इन सड़कों पर भारी वाहन पार्किंग न हो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूरे देश में कई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन निर्देशों में एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने सड़क और परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। बेंच ने बताया कि नेशनल हाईवे भारत की कुल सड़क लंबाई का सिर्फ 2 प्रतिशत हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है। ये निर्देश 13 अप्रैल को सामने आए। जहां कोर्ट 2 और 3 नवम्बर 2025 को राजस्थान के फलोदी, तेलंगाना के रंगारेड्डी में लगातार हुई सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज केस पर सुनवाई कर रहा था। इन दुर्घटनाओं का कारण सिस्टम की लापरवाही और बुनियादी ढांचे का फेल्योर था, जिसके कारण ये मौतें हुई। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कोई भी भारी या कमर्शियल गाड़ी किसी भी नेशनल हाईवे के कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर पार्क नहीं होगी, रुकेगी नहीं, सिवाय किसी तय जगह, ले-बाय, या सड़क किनारे की सुविधा वाली जगह के। निर्देश को लागू करने का काम एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये किया जाएगा। इसमें राज्य पुलिस को रियल-टाइम अलर्ट भेजना, जीपीएस टाइमस्टैम्प वाले फोटो सबूत और इंटीग्रेटेड ई-चालान बनाना शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 18 की मौत, छह घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को धमाका हुआ। फायर एंड रेस्क्यू विभाग के मुताबिक, हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे। 6 लोगों को गंभीर घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया, जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। दमकल, पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। फिलहाल विस्फोट की वजह साफ नहीं है।

### वर्धा और राजनांदगांव में तापमान 45 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों और मध्य भारत में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के वर्धा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को देश के 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी का बांदा 44.6, तेलंगाना का आदिलाबाद 44.3, महाराष्ट्र के नागपुर-अमरावती 44.2 और मध्य प्रदेश का रतलाम 44 डिग्री सेल्सियस भी शामिल रहा। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। यानी मई से पहले ही तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हो गई है।

### भारत-रूस में रक्षा समझौता, एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तैनात करेंगे

**मास्को/नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच रक्षा समझौता अब लागू हो गया है। इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तक तैनात कर सकेंगे। साथ ही 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमानों की तैनाती की भी अनुमति दी गई है। दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, एयरबेस और बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकेंगी। जिससे लंबे समय तक सैन्य तैनाती और ऑपरेशन आसान होंगे। डील में लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल है। इसके तहत ईंधन, पानी, मरम्मत, तकनीकी संसाधन और अन्य जरूरी सप्लाई उपलब्ध कराई जाएंगी।

## संसद में टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा उजागरः मोदी

■ तृणमूल सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की सगी है, घुसपैठियों की सगी है, बाकी इनको किसी से कोई लेना-देना नहीं

**कोलकाता।** पीएम मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की सगी है, घुसपैठियों की सगी है। बाकी इनको किसी से कोई लेना-देना नहीं है।

बीते 2-3 दिनों में देश की संसद में टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा भी साफ-साफ नजर आया है। देश की बहन और बेटियों को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने पर चर्चा हुई, लेकिन टीएमसी ने इस कानून को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में टीएमसी का महिला-विरोधी रुख खुलकर सामने आया है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संसद में चर्चा हुई। हालांकि, टीएमसी ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन नहीं किया। टीएमसी का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं राज्य विधानसभा में उनसे सवाल करेंगी। महिला विधायकों की संख्या जितनी अधिक होगी, टीएमसी द्वारा महिलाओं के खिलाफ की गई हिंसा के कृत्यों के उजागर होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।

### सीईसी को हटाने की तैयारी में विपक्ष, दोबारा नोटिस देंगे

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष एक बार फिर कोशिश में जुटा है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी दलों के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं। करीब पांच सीनियर लीडर एक नए नोटिस का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहे हैं, ताकि हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सके। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते। नए नोटिस में विपक्ष कम से कम 200 सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है।

## चारधाम यात्रा का आगाज, गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुले

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम से दोनों धामों में की गई पहली पूजा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना
■ सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए राज्य में किए गए हैं व्यापक प्रबंधः सीएम

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है। दोनों धामों में प्रधानमंत्री के नाम से पहली पूजा की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनात्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। गंगोत्री धाम के कपाटोद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने मां गंगा के मंदिर -शेष पृष्ठ दो पर

मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज,
ओपीडी सेंटर, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर

मुजफ्फरनगर में अत्याधुनिक OPD सेंटर का शुभारंभ अब शहर में ही मिलेंगी वरिष्ठ विशेषज्ञों की सेवाएं :-

मुजफ्फरनगर। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के लिए एक बड़ी सौगात। मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के अथक प्रयासों से सदर बाजार, मुजफ्फरनगर में एक अत्याधुनिक OPD सेंटर का शुभारंभ किया जा रहा है।

इस OPD सेंटर की विशेषता यह है कि यहां विभिन्न विभागों के वरिष्ठ एवं अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर उच्च स्तरीय, सटीक एवं विश्वसनीय चिकित्सा सेवाएं प्राप्त होंगी।

उद्घाटन

1. द्रारा:- माननीय डॉ. सुनील तेवतिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO), मुजफ्फरनगर
2. स्थान- सदर बाजार मुज़फ्फरनगर
3. दिनांक:- 20 अप्रैल 2026
4. समय:- अपराह्न 12:15 बजे

Doctor Name Qualification Department

1. डॉ. सज्जाद मंसूर MBBS, DNB कार्डियोलॉजी
2. डॉ. गौरव निरवाल MBBS, MS सर्जरी
3. डॉ. राहुल गोयल MBBS, MS, MCH यूरोलॉजी
4. डॉ. सुमित कंसल MBBS, MS, MCH न्यूरोसर्जरी
5. डॉ. तरंग गोयल MBBS, MD त्वचा रोग विभाग
6. डॉ. संदीप परमार MBBS, MS कान, नाक, गला विभाग
7. डॉ. मनीष अग्रवाल MBBS, MD बाल शिशु विभाग
8. डॉ. भारती महेश्वरी MBBS, MS स्त्री एवं प्रसूति
9. डॉ. विक्की MBBS, MD मेडिसिन
10. डॉ. अम्बर तिवारी MBBS.MD साइकेट्रिस्ट (मनोचिकित्सक)
11. पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध है

इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को समय पर उचित परामर्श, सटीक जांच तथा प्रभावी उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे गंभीर बीमारियों की रोकथाम के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में यह मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज का एक सराहनीय एवं महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दवा कारोबारी ने जुड़वां बेटियों का गला रेता, गिरफ्तार

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में कानपुर के नौबस्ता क्षेत्र में एक व्यक्ति ने रविवार तड़के अपनी जुड़वां बेटियों की गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि किदवईनगर के ब्लाक में स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-2 में आज सुबह शशि रंजन मिश्रा ने अपनी जुड़वां बेटियों रिद्धि (11) और सिद्धि (11) की गला रेत कर हत्या कर दी। हत्या के बाद खुद पिता ने वारदात की सूचना फोन कर पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि प्रात: लगभग 04:30 बजे यूपी-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना नौबस्ता क्षेत्रान्तर्गत त्रिमूर्ति अपार्टमेंट में एक पिता द्वारा अपनी दो नाबालिग जुड़वा पुत्रियों उम्र करीब (11 वर्ष) की गला काटकर हत्या कर दी गई है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

### सेना ने जम्मू और कश्मीर पुलिस को किया प्रशिक्षित

**जम्मू।** भारतीय सेना के जवानों ने जम्मू में 'टाइगर डिवीजन' की देखरेख में 10 दिवसीय आतंकवाद-रोधी रिफ्रेशर कोर्स में जम्मू और कश्मीर के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया। गौरतलब है कि इस कोर्स की रूपरेखा भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर तैयार की थी। इसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर के बदलते सुरक्षा माहौल में तालमेल, समन्वय और प्रक्रियाओं के मानकीकरण को बढ़ाना था। कुल 108 पुलिसकर्मियों ने इस गहन प्रशिक्षण में हिस्सा लिया, जिसका संचालन 'मीरान साहिब ब्रिगेड' ने किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य फोकस जूनियर नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने पर था।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर इंडी गठबंधन पर बरसे सीएम योगी

# विपक्ष का आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में संसद के हालिया घटनाक्रम को लेकर विपक्ष, खासकर इंडी गठबंधन, पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि संसद में जिस प्रकार का आचरण विपक्षी दलों द्वारा किया गया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि देश की लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भी खिलाफ है।



■ पत्रकार वार्ता में कांग्रेस, सपा, टीएमसी और डीएमके पर सीएम ने बोला हमला, कहा- महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध किया

मुख्यमंत्री ने रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभाली थी, तब उन्होंने देश को चार प्रमुख वर्गों-नारी, गरीब, युवा और किसान-के रूप में देखने की बात कही थी। योगी ने कहा कि यही दृष्टिकोण आज भी केंद्र सरकार की नीतियों का आधार है, लेकिन विपक्ष लगातार इन ष्प्रोग्रेसिवष कदमों का विरोध करता रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस विशेष रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बुलाई गई थी। उन्होंने कहा कि इस कानून के प्रति देश की आधी आबादी में उत्साह है, लेकिन संसद में विपक्ष के व्यवहार को लेकर महिलाओं में भारी आक्रोश भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके और अन्य सहयोगी दलों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को बाधित करने का प्रयास किया। योगी ने कहा कि यदि सभी दल सहमति से इसे पारित करते, तो यह पूरे सदन की उपलब्धि होती। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 में पारित इस अधिनियम को लेकर विभिन्न महिला संगठनों ने मांग की थी कि इसे 2034 के बजाय 2029 से लागू किया जाए। इस पर केंद्र सरकार ने संशोधन लाने का निर्णय लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए लोकसभा और विधानसभा की सीटों में वृद्धि की जाएगी, योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर दो. हरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए शाह बानो केस का उल्लेख किया। योगी ने कहा कि जब मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की बात आती है, तो विपक्ष का इतिहास उनके खिलाफ रहा है। वहीं केंद्र सरकार ने तीन तलाक जैसी कुप्रथा पर रोक लगाकर महिलाओं को न्याय दिलाने का काम किया।

### महिला आरक्षण बिल गिरना बीजेपी की बड़ी हार: अखिलेश

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण बिल पर बीजेपी की सोच को सामंती और विभाजनकारी बताया। उन्होंने इसे ध्यान भटकाने की कोशिश और बीजेपी की बदनीयत की हार करार दिया। अखिलेश ने कहा कि विपक्ष की एकता ने बीजेपी की महिला विरोधी साजिशों को नाकाम कर दिया है और अब विपक्ष ही जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व करता है। वह महिला आरक्षण बिल पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक महिलाओं के साथ इनकी सोच ठीक नहीं है। बीजेपी की राजनीति दरारवादी है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज हम एक ऐतिहासिक, लोकतांत्रिक जीत के अवसर पर मिल रहे हैं।

# यूपी भीषण गर्मी की चपेट में सात दिन मौसम शुष्क रहेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि कई जिलों में लू और गर्म रात की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के मुता. बिक 25 अप्रैल तक बारिश के कोई आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 19 से 23 अप्रैल के बीच दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में दिन के समय कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर गर्म रात की स्थिति भी रह सकती है। 24 और 25 अप्रैल को किसी प्रकार की चेता. वनी जारी नहीं की गई है। प्रदेश में शनिवार को तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। बांदा 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म जिला रहा। इसके



■ लू चलने के आसार पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में गर्मी से जूझना पड़ेगा

अलावा प्रयागराज में 43.2 डिग्री, झांसी में 43.1 डिग्री, वाराणसी में 43.0 डिग्री, सुल्तानपुर में 42.8 डिग्री, लखनऊ में 41.0 डिग्री और गोरखपुर में 40.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार शुष्क हवाएं, तेज धूप और नमी में कमी के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है। दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

# मोदी का संबोधन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

नई दिल्ली, वार्ता

■ भाकपा नेता बिनॉय विश्वम ने लगाया आरोप

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद बिनॉय विश्वम ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आदर्श चुनाव आचार सं. हता के 'गंभीर उल्लंघन' का आरोप लगाया है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले की तुरंत जांच करने की मांग की है।

विश्वम ने 19 अप्रैल को लिखे अपने पत्र में तर्क दिया कि पांच राज्यों में चल रहे चुनावों के बीच राष्ट्र के नाम प्रधानमंत्री का हालिया संबोधन 'राजनीतिक' था। उन्होंने कहा कि इस भाषण में एकतरफा बातें की गईं और जनता की राय को प्रभावित करने की सीधी कोशिश की गई। यह तब किया गया जब देश के पांच राज्यों में चुनावी प्रक्रिया चल जारी है। भाकपा नेता ने जोर देकर कहा कि आचार संहिता लागू होने के दौरान इस तरह का संबोधन, निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाता है। उन्होंने विशेष रूप से दूरदर्शन और संसद टीवी जैसे सरकारी चैनलों पर इस संबोधन के प्रसारण पर चिंता जताई और इसे चुनावी नियमों का उल्लंघन बताया। विश्वम ने पत्र में लिखा, ष्राजनीतिक भाषण के प्रसार के लिए सरकारी संसाधनों और आम लोगों के पैसों से चलने वाले मंचों का उपयोग करना चुनावी मानदंडों का अपमान है। भाकपा नेता ने आयोग को आगाह करते हुए कहा कि अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो इससे संस्था की साख गिर सकती है और निष्पक्ष चुनाव में जनता का भरोसा कम हो सकता है।

# महिला आरक्षण पर पीएम मोदी बहा रहे घड़ियाली आंसू: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा हमेशा महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ रही है और यही वजह है कि इस बार उसने महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन लाने का षड्यंत्र किया, जिसके कारण संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और भाजपा को मुंह की खानी पड़ी।

पार्टी ने कहा कि भाजपा शुरू से ही महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है। यह हमेशा महिला आरक्षण के विरुद्ध रही है और यही कारण था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1990 में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लेकर आए थे, तो भाजपा ने इसका विरोध किया था, जिसके कारण वह विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका था। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने



■ भाजपा नहीं देना चाहती महिलाओं को आरक्षण

रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने राष्ट्र के नाम शनिवार को 29 मिनट के संबोधन में 58 बार, यानी लगभग हर 30 सेकंड में कांग्रेस का नाम लिया। इससे साफ है कि श्री मोदी महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के अपने कथित षड्यंत्र के विफल होने के कारण देश के नाम संबा. धन के दौरान घड़ियाली आंसू बहा रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी को संविधान संशोधन विधेयक गिरने पर दुखी होने की बजाय 543 लोकसभा सीटों के आधार पर महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए और कांग्रेस इस व्यवस्था का पूरी तरह समर्थन करेगी। उनका कहना था कि मौजूदा 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं को दे दीजिए और इसमें रोड़ा मत बनिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि देश में जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, वहां मोदी कुछ नहीं बोलते। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी ने कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी के लिए 'कांग्रेस की विधवा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर महिलाओं का अपमान किया है।

### मानव तस्करी में लिप्त दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में मानव तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो नाबालिंग लड़कियों और एक नाबालिंग लड़के को बरामद किया है। बरामद बालक को राजकीय बाल सुधार गृह तथा दोनों लड़कियों को बाल संप्रेक्षण नारी गृह भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि 16/17 अप्रैल की रात रेलवे सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव, विमलेश कुमार और कांस्टेबल शैलेश कुमार यादव अवध-असम एक्सप्रेस में एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात थे। ट्रेन के बिहार स्थित सिवान जिले के जीरादेई स्टेशन पहुंचने पर जनरल कोच में दो नाबालिग लड़कियां, एक नाबालिंग लड़का और दो वयस्क पुरुष संदिग्ध अवस्था में मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान नाबालिंगों ने बताया कि जाहीर हुसैन उर्फ जाहिद हुसैन उर्फ अयात हुसैन और सद्दाम हुसैन उन्हें शादी एवं मजदूरी के बहाने गुवाहाटी से दिल्ली होते हुए कश्मीर ले जा रहे थे। बच्चों ने यह भी बताया कि वे बांग्लादेश के निवासी हैं और दोनों आरोपी उन्हें सीमा पार कराकर भारत लाए थे। रेलवे सुरक्षा बल ने पांचों को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकंग थाना, देवरिया के सुपुर्द कर दिया।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77988.68
निफ्टी 24196.25



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# शेयर बाजार को कंपनियों के तिमाही परिणामों से मिलेगी नई दिशा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों के साथ-साथ कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी रहेगी। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमे. रिका और ईरान के बीच जारी शांति वार्ता में क्या प्रगति होती है, इस पर काफी कुछ निर्भर करेगा। इसके अलावा घरेलू स्तर पर मार्च में आठ मुख्य उद्योग क्षेत्रों के प्रदर्शन के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने वाले हैं।

निवेशकों की नजर एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक जैसी दिग्गज कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी रहेगी। गत सप्ताह बाजार में सोमवार और गुरुवार को गिरावट रही जबकि बुधवार और शुक्रवार को तेजी देखी गई। मंगलवार को अंबेडकर जयंती के मौके पर अवकाश रहा। सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 943.29 अंक (1.22 प्रतिशत) चढ़ा और छह सप्ताह के उच्चतम स्तर 78,493.54 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का



निफ्टी-50 सूचकांक भी 302.95 अंक यानी 1.24 फीसदी की साप्ताहिक बढ़त में 24,353.55 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में जबरदस्त लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 3.42 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 सूचक. ांक 4.31 प्रतिशत उछल गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर चढ़े। अडानी पोर्ट्स में सबसे अधिक 6.64 प्रतिशत की बढ़त रही। इटरनल में 5.14 प्रतिशत, पावरग्रिड में 5.11, टेक महिंद्रा में 4.96, ट्रेंट में 4.78, बीईएल में 4.61, एशियन पेंट्स में 4.41, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 3.97, एनटीपीसी में 3.51 और एलएंडटी में 3.41 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई।

### सीआईआई ने दिया राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाने का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने देश में उद्योगों के विकास को गति देने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाने का सुझाव दिया है। रिपोर्ट में कहा इस बात पर जोर दिया गया है कि निवेश को तेज करने, परियोजनाओं में लगने वाले समय को कम करने और देश को एक प्रतिस्पर्धी वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए औद्योगिक भूमि तक कुशल और पारदर्शी पहुंच अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीआईआई का कहना है कि विनिर्माण, अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स के लिए औद्योगिक भूमि एक बुनियादी संसाधन है। विभिन्न राज्यों में वर्तमान व्यवस्था खंडित प्रक्रियाओं, जटिल विनियमों, अस्पष्ट भूमि शीर्षक, कब्जा मिलने में देरी और आवंटित भूमि के कम उपयोग जैसी समस्याओं से ग्रस्त है।

# चावल, दालों में तेजी, चीनी नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही। चीनी के भाव टूट गए जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 84 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,843 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं की कीमत 2,770 रुपये प्रति क्विटंल पर लगभग स्थिर रही। आटा आठ रुपये सस्ता हुआ और 3,270 रुपये प्रति क्विटंल पर आ गया। सप्ताह के दौरान उड़द दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। चना दाल 23 रुपये और मूंग दाल 22 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल नौ रुपये



और तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विटंल की साप्ताहिक बढ़त में रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 303 रुपये और पाम ऑयल 142 रुपये प्रति क्विटंल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत 104 रुपये और सोया तेल की 76 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 38 रुपये और सूरजमुखी तेल 22 रुपये प्रति क्विटंल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गया। वहीं चीनी भी 20 रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल- दलहन: दाल चना 7689.48 रुपये, मसूर काली 8062.03 रुपये, मूंग दाल 10200.10 रुपये, उड़द दाल 10841.55 रुपये, तुअर दाल 11262.65 रुपये प्रति क्विटंल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विटंल) गेहूं दड़ा 2769.83 रुपये और चावल 3843.22 रुपये प्रति क्विटंल और आटा (गेहूं) 3269.73 रुपये प्रति क्विटंल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4308.70 रुपये और गुड़ 5024.28 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17921.52 रुपये, मूंगफली तेल 18697.83 रुपये, सूरजमुखी तेल 17530.13 रुपये, सोया तेल 14923.28 रुपये, पाम ऑयल 13389.58 रुपये और वनस्पति 14910.15 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प हमसे...**

अपनी सैन्य क्षमता को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि उनके बलों ने करीब 180 ड्रोन को निष्क्रिय किया और अमे. रिकी एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट को भी निशाना बनाया। उन्होंने इसे कोई एक बार की घटना नहीं बताते हुए कहा कि यह ईरान की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता का उदाहरण है।

ईरान की समाचार एजेंसी के अनुसार गालिबाफ ने यह बयान वाशिंगटन के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता की वर्तमान स्थिति पर अधिकारियों को जानकारी देते हुए दिया। गालिबाफ ने कहा कि एफ-35 जैसे आधु. निक फाइटर जेट को निशाना बनाना दिखाता है कि ईरान रक्षा तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके मुताबिक, यह कार्रवाई कई स्तरों पर योजनाबद्ध थी। हालांकि, ऐसे दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पहले भी अमेरिका इन दावों को खारिज करता रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में यह जरूर सामने आया था कि एक अमेरिकी एफ-35 को मिशन के दौरान नुकसान पहुंचा और उसे इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। ईरान ने दावा किया कि उसने अमेरिका और उसके सहयोगियों से जुड़े लगभग 180 ड्रोन को भी मार गिराया। इससे पहले भी ईरान कई बार बड़ी संख्या में ड्रोन इंटरसेप्ट करने की बात कह चुका है। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में ड्रोन और एयर ऑपरेशन युद्ध का अहम हिस्सा बन चुके हैं। गालिबाफ ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत में कुछ मुद्दों पर सहमति बनी है, लेकिन कई बड़े मतभेद अभी भी बाकी हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी देशों का दबाव काम नहीं आया, जिसके बाद अब बातचीत का रास्ता अपनाया जा रहा है। ईरानी स्पीकर ने हालिया युद्धविराम को लेकर कहा कि यह ईरान की रणनीतिक जीत का परिणाम है, जबकि अमे. रिका ने इसे अलग नजरिए से स्वीकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने उद्देश्यों जैसे शासन परिवर्तन या ईरान की सैन्य क्षमता को खत्म करनामें सफल नहीं हो पाया।

**होर्मुज स्ट्रेट...**

सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे किए गए। कुछ लोगों ने इसे ईरान के विदेश मंत्री के लिए बताया, लेकिन ईरानी दूतावास ने इन दावों को खारिज कर दिया। प्रिटोरिया स्थित ईरानी मिशन ने ट्रम्प को इडियट करार दिया है। दूतावास ने दावा किया कि वायरल मैसेज में इस्तेमाल किया गया शब्द ट्रम्प के लिए था, न कि ईरान के किसी अधिकारी के लिए। वायरल ऑडियो में आईआरजीसी नौसेना की ओर से जहाजों को चेतावनी दी गई है कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह ईरान के नियंत्रण में है। समुद्री चैनल 16 पर जारी संदेश में कहा गया कि इस महत्वपूर्ण मार्ग को खोलने का फैसला केवल ईरान के शीर्ष नेतृत्व के आदेश से होगा, किसी बाहरी दबाव से नहीं। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि जो जहाज इस मार्ग से गुजरना चाहते हैं, उन्हें ईरानी नौसेना से अनुमति लेनी होगी।

आईआरजीसी ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि कोई जहाज बिना अनुमति स्ट्रेट पार करने की कोशिश करता है, तो उसे निशाना बनाया जा सकता है। खासतौर पर उन जहाजों को लेकर चेतावनी दी गई है, जिनका संबंध ईरान के विरोधी देशों से है। ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने युद्धविराम की शर्तों का पालन नहीं किया और ईरानी जहाजों व बंदरगाहों पर लगी पाबंदियां नहीं हटाईं। इसी के जवाब में होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह बंद करने का फैसला लिया गया है।

**चार धाम यात्रा...**

में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की और देव डोली से आशीष भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो चुका है। उत्तराखंड के चारधाम देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं, और इन दिव्य धामों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने की इच्छा हर श्रद्धालु के हृदय में रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक और सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं। साथ ही, यात्रा मार्गों पर सुचारू यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखंड में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्य धामों का आशीर्वाद प्राप्त होने के साथ-साथ यात्रा का एक सुखद, सुरक्षित और अविस्मरणीय अनुभव मिले। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से ग्रीन और क्लीन चारधाम यात्रा के सफल आयोजन हेतु सहयोग की अपील करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग रहने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, विधायक सुरेश चौहान,पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, दायित्वधारी प्रताप पंवार, जिला. धिकारी उत्तरकाशी प्रशान्त आर्य, एसपी कमलेश उपाध्याय, एडीएम मुक्ता मिश्रा,मुख्यमंत्री के गढ़वाल कोर्डिनेटर किशोर भट्ट, मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित मामलों को निपटाने के लिए प्रौद्योगिकी को सावधानी से अपनाने का सुझाव

नई दिल्ली, वार्ता

■ राजधानी में आयोजित सम्मेलन में विशेषज्ञों ने रखे विचार

न्यायिक क्षेत्र पर राजधानी में आयोजित एक सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भारत में लंबित मामलों के भारी बोझ से निपटने, विधि शिक्षा में सुधार करने और न्याय को अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने के लिए मध्यस्थता, तकनीक और सावधानी के साथ कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रभावी साधन बताया।

सिल्फ (सोसाइटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स) ने एसएलपी (सोसाइटी ऑफ लीगल प्रोफेशनल्स) के सहयोग से 'लीगल कॉन्क्लेव एंड अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन ष्सभी के लिए किफायती और सुलभ-न्याय पर केंद्रित था। न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए रचनात्मक आलोचना और स्वस्थ बहस की आवश्यकता के महत्व पर मुख्य अतिथि और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि जब प्रणाली की कमियों की ओर ध्यान दिलाया जाता है, तो उसका उद्देश्य सुधार करना होता है, न कि निंदा करना। उन्होंने उभरते मुद्दों पर स्वस्थ बहस को बढ़ावा देने को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने तकनीक को दोधारी तलवार बताते हुए कहा कि इसका उपयोग इसे वरदान या अभिशाप बना सकता है, इसलिए इसे केवल एक सहायक के रूप में देखा जाना चाहिए। लंबित मामलों की समस्या को रेखांकित करते हुए न्यायमूर्ति मनमोहन ने सुझाव दिया कि कानूनी समुदाय को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) प्रणाली, जिसे कभी समाधान माना गया था, अब स्वयं समस्या बन गई है। उन्होंने विशेष रूप से वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की उल्लेखनीय सफलता का उल्लेख करते हुए इसकी अपार संभावनाओं पर जोर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि मध्यस्थता और तकनीक न्याय वितरण प्रणाली को बदलने की कुंजी हैं। शर्मा ने कहा कि पारिवा. रिक न्यायालयों को अदालत नहीं, बल्कि परिवार केंद्र होना चाहिए। अदालतों को अस्पतालों की तरह होना चाहिए।

# ईओ लावड़ ने बुलडोजर से तुड़वाया बाबा साहब की प्रतिमा के लिए बना मंच

## अंबेडकर पार्क में होना था प्रतिमा का अनावरण, चेयरपर्सन ने शासन से मांगी थी अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत द्वारा बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास कर सर्वसहमति से कस्बे में डूडा कॉलोनी के निकट अंबेडकर पार्क का बीते दिनों निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल को प्रतिमा का अनावरण कराया जाना था लेकिन समय पर शासन से अनुमति नहीं मिल पाई थी जिस कारण प्रतिमा नहीं लगवाई गई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बताया गया था कि अनुमति मिलने के बाद जल्द ही बाबा साहब की प्रतिमा लगवाई जाएगी। बताया जाता है कि जिस जगह पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई जानी है वहां पर मंच तैयार कराया गया था। रविवार को नगर पंचायत के तीन कर्मचारी अचानक निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क में बुलडोजर लेकर पहुंचे और जिस मंच पर बाबा साहब की प्रतिमा लगाई जानी थी उसे बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। इसकी सूचना जब आस पड़ोस में रहने वाले दलित समाज को मिली तो वो काकी संख्या में इकट्ठा होकर हंगामा करने लगे। सूचना पर चेयरपर्सन हज्जन आफताब व हाजी शकील कुरैशी के साथ वार्ड नंबर दो की सभासद राजेश देवी भी मौके पर पहुंच गए लेकिन तब तक तीनों कर्मचारी बुलडोजर लेकर जा चुके थे





जिसके बाद चेयरपर्सन नगर पंचायत कार्यालय पहुंची। कुछ ही देर बाद दलित समाज के काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष भी वहां पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसी तरह चेयरपर्सन ने उन्हें समझाकर शांत किया। वहीं जब चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी के आदेश पर मंच को तोड़ा गया है। आरोप है कि जब उन्होंने अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि एसडीएम सरधना के आदेश पर बुल्डोजर चलाया गया है जबकि एसडीएम सरधना उदित नारायण सेंगर से बात की गई तो उन्होंने ऐसे किसी भी आदेश देने से मना कर दिया ओर कहा कि वह कल सोमवार में नगर पंचायत कार्यालय आयेंगे और पूरे प्रकरण की जानकारी लेंगे।

वहीं काफी संख्या में समाज के लोगों ने इकट्ठा होकर अधिशासी अधिकारी के खिलाफ रोष जताते हुए लावड़ चौकी में नगर पंचायत के तीन कर्मचारियों गौरव पुत्र महेश, तनवीर पुत्र अमरसिंह, सुनील पुत्र शन्नो के खिलाफ बिना किसी सरकारी आदेश के बाबा साहब का मंच तोड़ने पर तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। वहीं जब इस मामले की जानकारी जुटाना के लिए मेरठ के एडीएम प्रशासन से बात करनी चाहि तो उनका फोन रिसीव नहीं हो सका।

बिना किसी टेंडर पास किए नगर पंचायत के वर्क ऑडर के बिना सॉलिड बेस की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा मंच बनवाया जा रहा था जिस पर कार्यवाही की गई है। अभी शासन से बाबा साहेब की प्रतिमा लगवाने के लिए अनुमति भी नहीं मिली है और कार्य कराया जा रहा था इसलिए उसे तुड़वाया गया है। अगर उच्चाधिकारियों द्वारा अनुमति मिलती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है फिलहाल यह जमीन नगर पंचायत के सॉलिड बेस की है यहां पार्क बनाना भी ठीक नही और न यह जमीन पार्क के लिए है।

**-मनोज कुमार, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लावड़**

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के निर्माण के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास किया गया था जिसके बाद ठेकेदार को ठेका देकर निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जल्द ही अनुमति मिलने के बाद प्रतिमा भी लगाई जानी थी और अधिशासी अधिकारी द्वारा यहां समय-समय पर निर्माण कार्य की जांच भी कराई जा रही थी लेकिन रविवार को छुट्टी होने के बाद भी अधिशासी अधिकारी द्वारा कर्मचारियों को भेजकर बाबा साहब का मंच तुड़वाना घोर निंदनीय है। इसमें कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। जिस भूमि पर अंबेडकर पार्क का निर्माण कराया जा रहा है वह मालिक. ाना हक नगर पंचायत लिखा हुआ है जिसकी फर्द भी उनके पास है ये कोई सॉलिड बेस की भूमि नहीं है वह नगर पंचायत लावड़ की भूमि दर्ज है।

**-हज्जन आफताब, चेयरपर्सन नगर पंचायत लावड़**

बिना किसी आदेश के निर्माणाधीन अंबेडकर पार्क में बन रहे मंच को तुड़वाना बहुत गलत है इससे हमारे पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस कार्य से पता चलता है कि अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार की मानसिकता बाबा साहब के प्रति ठीक नहीं है।

**-राजेश देवी सभासद वार्ड नंबर-2 नगर पंचायत लावड़**

कुछ लोगों द्वारा चौकी में तहरीर दी गई है कि नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा अंबेडकर पार्क में मंच को तोड़ा गया है जिसके बाद अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अंबेडकर पार्क का निर्माण भी हम ने ही शुरू कराया था और शासन आदेश पर हमने ही तुड़वा दिया है।

**-कुमार गौरव सिंह चौकी प्रभारी कस्बा लावड़**

# किठौर की जैनब ने किया कमाल, इंस्पायर स्कॉलरशिप में चयन से क्षेत्र गौरवान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** जीनियस अल-फलाह इंटर कॉलेजब किठौर की मेधावी छात्रा जैनब ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए इंस्पायर स्कॉलरशिप में चयन प्राप्त कर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जैनब, वरिष्ठ पत्रकार शकील सैफी की पुत्री हैं, जिनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य फुरकान अली ने बताया कि जैनब ने वर्ष 2024 में इंटरमीडिएट परीक्षा 90 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय में टॉप किया था। उनकी इसी उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग की इंस्पायर योजना के तहत उन्हें छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक जावेद अली ने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत जैनब को उच्च शिक्षा के लिए प्रति वर्ष 80 हजार रुपये की छात्रवृत्ति पांच वर्षों तक प्रदान की जाएगी। छात्रा को प्रथम वर्ष की छात्रवृत्ति भी प्राप्त हो चुकी है, जिससे वह अपनी आगे की पढ़ाई को मजबूती से जारी रख रही हैं। वर्तमान में जैनब रूद्रा डिग्री कॉलेज, नानपुर (हापुड़) में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं और विज्ञान वर्ग से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते



हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि इंस्पायर स्कॉलरशिप योजना मेधावी विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दी जाती है, जिसका चयन मानदंड प्रत्येक वर्ष निर्धारित किया जाता है। जैनब की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही है।

## पुरानी रंजिश को लेकर साडू की उंगली काटी, घायल अवस्था में थाने पहुंच युवक

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के दरयागंज पहलाद नगर में एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू से अपने साडू की उंगली काट दी शोर शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गया जिसके बाद घायल थाना लिसाड़ी गेट पहुंचा और पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



थाना कोतवाली क्षेत्र के हरिजन चौक का रहने वाला इश्क पुत्र अब्दुल रजाक घायल अवस्था में थाना लिसाड़ी गेट पहुंचा जहां उसने बताया कि वह फल मंडी से अपने घर आ रहा था इसी दौरान पहलाद नगर दरियागंज रोड जूस वाले के नजदीक उसका साडू फुरकान निवासी डसना गाजियाबाद मौके पर पहुंचा और कहासुनी के बाद उसे पर छुरी से हमला कर दिया और उसकी उंगली काट दी। चीख पुकार मचने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके साडू फुरकान ने उस पर हमला किया है घायल ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत की जहां पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं थाना लिसाड़ी गेट पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू करती है।

# खराब पड़े वाटर कूलरों को सुचारू कराने के लिए अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** नगर के सार्वजनिक स्थलों पर लगे वाटर कूलर पिछले कई महीने से खराब पड़े हैं जिससे लोगों को बहुत भारी परेशानी का सामना झेलना पड़ रहा है। इस संबंध में कस्बे के आरटीआई कार्यकर्ता मौहम्मद नायाब रिजवी युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष आशु पालीवाल, सुहैल रिजवी, वसीम अहमद, दानिश सलमानी, अकील अहमद, शादाब, अलीबाबा आदि ने अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार को ज्ञापन पत्र सौंपते हुए बताया कि कस्बे के मुख्य चौराहे व बाजार के मुख्य मार्गों पर लगे वाटर कूलर पिछले कई महीने से बंद पड़े हैं। लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार से खराब पड़े वाटर कूलरों को सुचारू करने की मांग रखी है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार का कहना है कि खराब पड़े वाटर कूलरो को चलवाने के लिए मिस्त्री काम कर रहे हैं जल्द ही सुचारु कर दिए जाएंगे।

# एलेक्जेंडर क्लब में ऑल इंडिया ओपन स्नूकर प्रतियोगिता का हुआ समापन

**ब्रिजेश धमानी ने आदित्य मेहता को 6-1 से हराकर जीती ट्रॉफी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के प्रतिष्ठित एलेंक्जेंडर क्लब में ऑल इंडिया ओपन स्नूकर प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल में ब्रिजेश धमानी ने इंडिया नंबर 2 आदित्य मेहता को संघर्षपूर्ण मैच में हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इस दौरान दर्शक दीर्घा से खेल देख रहे दर्शकों ने खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्धन किया। विजेता और उपविजेता को मुख्य अतिथि जे.पी. अग्रवाल ने ईनामी राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। फाइनल मुक. ाबले से पूर्व हुए सेमीफाइनल में आदित्य मेहता इंडिया नंबर 2 ने आयुष मित्तल यूपी नंबर 1 को 5-2 से हराया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में ब्रिजेश धमाकी के विरूद्ध खेल रहे नानकचंद चोटिल हो गए जिस कारण उन्हें बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा और ब्रिजेश धमाकी को नियमानुसार विजेता घोषित कर दिया गया। फाइनल मैच में ब्रिजेश धमानी ने आदित्य मेहता को 6-1 से हराते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता का खास पहलू सेमीफाइनल में 123 और 62 का ब्रेक लगाने वाले आदित्य मेहता फाइनल में अपने प्रदर्शन को नहीं दोहरा सके। प्रतियोगिता के विज. ेता को जे.पी. अग्रवाल एसीसी ने पुरस्कार वितरण किया। ब्रिजेश धामी को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार 1 लाख 50 हजार रुपये दिया गया। साथ ही साथ आदित्य मेहता को 75 हजार रुपये पुरस्कार राशि व उच्चतम ब्रेक राशि 10 हजार रुपये प्रदान की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राहुल दास, कोषाध्यक्ष विनीत शारदा (प्रदेश अध्यक्ष भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ), अमन अग्रवाल मीडिया प्रभारी, अंशुल अग्रवाल निदेशक सेवानिवृत्त यूपीपीसीएल के अलावा संजय राठी, संजय शर्मा, अनिल अग्रवाल लोहे वाले, आयोजक सचिव आनंद अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।



# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

## गुस्साएं परिजनों व ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर शव रखकर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हरेरू निवासी आरएसएस के पूर्व मंडल प्रचार प्रमुख स्वर्गीय नेता सुखबीर सैनी के 45 वर्षीय सुरेंद्र सैनी की शनिवार देर रात सड़क हादसे में फलावदा के पास ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राले की टक्कर से मौत हो गई थी। वह अपनी बाइक द्वारा फलावदा बाजार से घरेलू सामान लेकर देर रात करीब 9 बजे वापस अपने घर आ रहे थे। उनके साथ ताउ के लड़के राजेश कुमार भी बाइक पर बैठे हुए थे। जैसे ही कस्बे से बाहर मवाना मार्ग पर इंडेन गैस एजेंसी के सामने पहुंचे तो सामने तेज गति से आ रहे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राले ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। कस्बे की ओर से आ रहे एक एक्टिवा चालक को भी उक्त ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। बताया गया है कि एक्टिवा सवार युवक का नाम मकसूद पुत्र मसूद है। मकसूद को गंभीर हालत में मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राले को लेकर मौके से फरार हो गया। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि सुरेंद्र सैनी की मौके पर ही मौत हो गई थी। उनके साथ बैठे ताऊ के लड़के राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती है। घटना के संबंध में मृतक के भाई ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतक के बड़े भाई भाजपा नेता महेंद्र सैनी ने बताया कि सुरेंद्र परतापुर फैक्ट्री में मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। पुलिस ने रात में ही मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दूर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खगाल कर ट्रैक्टर की पहचान की जा रही है। रविवार प्रात: मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। शव को देखकर स्वजन व गुस्साए सैकड़ों महिलाएं एवं ग्रामीणों ने नगला हरेरू स्थित मृतक के घर के बाहर फलावदा-मवाना मुख्य मार्ग पर शव रखकर हंगामा करते हुए ट्रैक्टर ट्राला सहित चालक को पकड़ने एवं 50 लाख का मुआवजा और मृतक के परिजनों को सरकारी नौकरी दिलाए जाने की मांग



मृतक का फाइल फोटो।

पर करते रहे। जाम लगने से मुख्य मार्ग पर दोनों और वाहनों की लंबी लाइन लग गई मामले की जानकारी मिलते ही सीओ पंकज लवानिया मवाना व एसडीम मवाना व थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानें। मृतक के परिजनों का यह भी आरोप है कि देर रात घटनास्थल पर पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। मामले की जानकारी मिलते हैं चौयरमैन अशोक कुमार सैनी एवं लावड़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल फौजी ने एसडीएम वं सीओ से मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाए जाने की मांग रखी। तब जाकर एसडीएम वं सीओ ने मृतक के परिवार को किसान दुर्घटना बीमा से पांच लाख रुपए की सहायता और मृतक के पुत्र को नौकरी दिलाने व अन्य सुविधाएं दिलाए जाने का आश्वासन दिया। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने

मृतक के परिजनों व ग्रामीणों को बड़ी मुश्किल से समझा बुझा कर शांत किया। तब जाकर तीन घंटे बाद जाम खुल सका। मृतक के परिजनों ने जाम लगाने का कारण यह भी बताया कि 11 अक्टूबर 2024 को इसी घटनास्थल से करीब 300 मीटर की दूरी पर मृतक की भाभी अंजेश की भी सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। जिसका आज तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी। ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग के दोनों और ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क के बीच खड़ी करके मार्ग को अवरूद्ध कर रखा था। पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मृतक के परिजनों ने शव का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक सुरेंद्र अपने पांच भाइयों में तीसरे नंबर का भाई था।



हादसे में घायल हुआ मकसूद।





नंगला हरेरू में धरने पर बैठे मृतक के परिजन।

मृतक सुरेंद्र सैनी की मौत के बाद में उसके परिवार में पत्नी अनीता एवं बड़ा पुत्र अर्जुन, छोटा पुत्र मोहित, छोटा पुत्र वैभव,पुत्री सलोनी,व सबसे छोटी पुत्री छोटी रह गए हैं। सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही पूर्व सांसद डॉ. संजीव बालियान, जिला अध्यक्ष हरबीरपाल, पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम ने मृतक के भाई महेंद्र सैनी को फोन करके दुख व्यक्त किया है।

## यादों में सिमट गया सेंट्रल मार्केट, व्यापारियों और महिलाओं का फूटा दर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के शास्त्री नगर सेक्टर-2 स्थित सेंट्रल मार्किट में ध्वस्तीकरण कार्रवाई के बाद व्यापारियों और स्थानीय महिलाओं का दर्द अब खुलकर सामने आ रहा है। वर्ष 2025 की आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बाद 2026 ने व्यापारियों के लिए और भी गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। अक्टूबर 2025 में 661/6 क्षेत्र में हुई कार्रवाई के बाद कई प्रतिष्ठानों पर सील लगने से हजारों परिवारों की आजी. विका प्रभावित हुई है। धरना दे रहे व्यापारियों का कहना है कि दशकों से चल रहे उनके व्यवसाय को अचानक अवैध घोषित करना अन्यायपूर्ण है। वहीं महिलाओं ने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान अधिकारियों द्वारा अवैध धन वसूला गया। भारतीय किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए पीड़ितों के पुनर्वास की मांग की है। कभी रौनक से भरा सेंट्रल मार्किट आज वीरान होकर सिर्फ यादों में सिमट गया है।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज ने निकाली शौर्य यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव अवसर पर ब्राह्मण समाज के सैकड़ों युवाओं ने कैंट विधानसभा के अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के नेता अमित शर्मा के नेतृत्व में एक शौर्य यात्रा निकाली। यह यात्रा चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी से शुरू होकर भगवान परशुराम जी के मंदिर पर जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान ब्राह्मण समाज की भारी भीड़ शौर्य यात्रा में दिखाई दी। सभी ने भगवान परशुराम की जय जयकार के नारे लगाए और यह बता दिया कि पूरा समाज भगवान परशुराम जी के मार्गदर्शन में एकजुट है और शौर्य यात्रा के माध्यम से सभी ने अपने इतिहास को दर्शाया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के जिम्मेदार अमित शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हर वर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आता है। भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उन्हें शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञानी कहा जाता है। वे आठ अमर चिरंजीवियों में से एक माने जाते हैं। वहीं अमित शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जी एक महान योद्धा थे उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखकर देश की जनता को दिया हकः मनिंदरपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में अभियान के चलते हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर (रामराज) में पूर्व जिपं सदस्य विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि के आवास पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चरित्र पर प्रकाश डाला गया और उनके पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया गया।

संगोष्ठी में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व जिला सहकारी समिति के चेयरमैन मनिंदरपाल सिंह, पूर्व विधायक रणवीर राणा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान के रचियता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखकर जनता को उनका हक दिया है। संविधान से पहले राजा का बेटा राजा हुआ करता था। लेकिन देश आजाद होने के बाद बाबा साहब ने जो संविधान लिखा



राजा का बेटा राजा नहीं होगा असली राजा वह होगा जो जनता वोट डालकर चुनेगी। अब गरीब का बेटा भी चाहे विधानसभा हो चाहे लोकसभा हो उनको वोट डालकर भेजने का काम करती है। जनता वोट से ही राजा बनाकर भेजती है। हमें उनके सम्मान में हर विधानसभा में एक कार्यक्रम कर उनके चरित्र पर प्रकाश डालें तथा उनके पद चिन्हों पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो बाबा साहब को याद करती है और उनको नमन भी करती है। रामराज में बाबा साहब के सम्मान में जो कार्यक्रम किया है वह सराहनीय है।

कार्यक्रम के अध्यक्षता बटावली प्रधान सरदार गुरबचन सिंह ने तथा संचालन जिपं सदस्य विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि ने किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से नीरज गोयल, नरेश बाला खटीक,राजीव चौधरी, प्रधान सरदार गुरबचन सिंह, विपिन छाबड़ा, शोरण सिंह जाटव, कृष्ण देशवाल, प्रधान रविंद्र चौधरी, मलक सिंह गुर्जर, राजपाल सिंह नागर, चेयरमैन छत्रपाल सिंह गुर्जर, रोहित बंसल, पूर्व प्रधान ब्रह्म सिंह चौहान, पूर्व प्रधान ब्रह्म सिंह वाल्मीकि, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र मुखिया, मास्टर ब्रह्मचारी सिंह, विपिन मनचंदा, सुदर्शन गोयल, आशीष उपाध्याय, सतपाल वाल्मीकि, दीनदयाल वाल्मीकि, गंगा शरण वाल्मीकि, लीलू वाल्मीकि, बृजेश बेनीवाल, मनोज सांधन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य भारत वीर गुर्जर पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर संतराम जाटव, नवीन देशवाल, कालू देशवाल, मदनपाल चौधरी, सूरज पटवारी आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# तीन महीने के मासूम की मौत से खुशी का माहौल हुआ गमगीन

## टीकाकरण के बाद बिगड़ी हालत, ग्रामीणों में आक्रोश



मासूम का फाइल फोटो।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** क्षेत्र के दायमपुर गांव में तीन महीने के मासूम तनिष्क की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को गांव में एएनएम रूपा तेवतिया द्वारा मासूम को पहली वैक्सीन लगाई गई थी।

बताया गया कि बच्चे के पिता ब्रजपाल, जो एसी-फ्रिज का काम करते हैं, के अनुसार टीकाकरण के बाद रात में बच्चे की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उसे खून की उल्टी होने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन घबरा गए, लेकिन कुछ ही देर में मासूम की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान गांव में एएनएम के खिलाफ लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला और परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया। हालांकि बाद में परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम के ही बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। वहीं घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

## रसूलपुर धौलडी में खुली सप्लीमेंट की एजेंसी ग्रामीणों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलड़ी में रविवार को भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने तोमर न्यूट्रिशन सप्लीमेंट की एक दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि गांव के लिए यह बहुत गर्व की बात है युवाओं को अब शहर जाना नहीं पड़ेगा। वहीं एजेंसी के ओनर ऋषभ तोमर ने बताया कि आजकल के युवा जिम के शौकीन है उनकी सेहत को ध्यान रखते हुए ब्रांडेड कंपनी के सप्लीमेंट मसल्टेक अवतार मसाला विलेज आदि प्रोटीन मिला करेंगे जिससे कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। अगर देखा जाए तो गांव में जिम संचालक सस्ता और घटिया प्रोटीन रखकर लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं जिसमें जान का खतरा बना रहता है लेकिन हमारी कंपनी के ब्रांडेड प्रोटीन कंपनी द्वारा पास किए गए हैं। इस मौके पर गौरव गुर्जर, प्रखंड अध्यक्ष अमन वर्मा, कासिम भारती, अयान मलिक, शुभम वर्मा, नितिन वर्मा, गौरव जाटव, अंकित जाटव, फुरकान कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर व ट्यूबवेल से तांबा चोरी करने वाला गिरोह गिरफ्तार, 80 किलो तांबा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के सरूरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने ट्रांसफार्मरों और ट्यूबवेलों से तांबा चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 80 किलो तांबे की तार और कॉइल के साथ चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 12-13 अप्रैल की रात क्षेत्र में स्थित एक मशरूम फैक्ट्री सहित कई स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों और ट्यूबवेलों से अज्ञात चोरों द्वारा तांबे की तार और कॉइल चोरी कर ली गई थी। इस मामले में गंगानगर निवासी कोटिल्य तोमर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि गिरोह के सदस्य कालंद और छबड़िया के जंगलों में लगे ट्रांसफार्मरों को निशाना बनाते थे। इसके अलावा वे करीब 15-16 ट्यूबवेलों से भी तांबे की तार चोरी



कर अवैध रूप से बेचते थे। गिरोह लंबे समय से इस प्रकार की वारदातों को अंजाम दे रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सरधना के नेतृत्व में टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर भूनी मार्ग स्थित रजवाहा पटरी पर चेकिंग के दौरान एक सेंट्रो कार और एक मोटरसाइकिल पर सवार पांच संदिग्धों को रोका गया। पूछताछ में उनकी संलिप्तता सामने आने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सन्नी उर्फ शिवम, कपिल, समद, अहमद और विजेंद्र के रूप में हुई है, जो सरधना थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## घर में घुसकर युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** योगी सरकार द्वारा किए जा रहे महिला सुरक्षा के बावजूद भी महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंची खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ घर में घुसकर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने विरोध करने पर परिजनों को गाली गलौज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी की तहरीर पर थाना पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम ऐंची खुर्द निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि ग्राम ऐंची खुर्द थाना परीक्षितगढ़ निवासी दीपक पुत्र मंसाराम ने घर में घुसकर मेरी बेटी के साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकत की परिजनों ने विरोध किया तो मेरी बेटी सहित परिजनों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा जाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बजाज कैपिटल का इंटर्न वर्क 2026: जहां छात्र बनते हैं असली काम के काबिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बजाज कैपिटल ने शनिवार को अपने प्रमुख कार्यक्रम इंटर्न वर्क 2026 की वापसी की घोषणा की। यह 6-8 हफ्तों का ऑनलाइन प्रोग्राम है, जो पूरे भारत के छात्रों को असली कारोबारी माहौल में काम करने का व्यावहारिक अनुभव देने के लिए बनाया गया है। अप्रैल के तीसरे हफ्ते से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम परंपरागत इंटर्नशिप से आगे जाता है यहाँ प्रतिभागी सीधे चल रहे प्रोजेक्ट्स में हिस्सा लेते हैं, जहाँ वे असली काम में योगदान देते हैं और वास्तविक व्यावसायिक फैसलों को करीब से समझते हैं। बजाज कैपिटल के जॉइंट चेयरमैन और एमडी संजीव बजाज ने कहा कि जो एक छोटे से समूह के साथ शुरू हुआ था, वह आज एक ऐसे मंच में बदल गया है जहां युवा यह समझते हैं कि असली काम कैसे होता है। यह शुरुआती अनुभव उनमें एक ऐसा आत्मविश्वास भरता है, जो कोई क्लासरूम नहीं दे सकता। अब अपने चौथे साल में इंटर्न वर्क ने 2023 में 10 छात्रों के एक छोटे समूह से बढ़कर 600 से अधिक प्रतिभागियों तक का सफर तय किया है। इस कार्यक्रम की बुनियाद एक सीधी सोच पर है क्षमता अनुभव से बनती है, केवल देखने से नहीं।

# पुलिस के पहरे में हुआ चाय विक्रेता का अंतिम संस्कार

## पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, गांव में फोर्स तैनात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शनिवार की देर रात करीब 9:30 बजे थाना क्षेत्र के गांव बागपत रोड स्थित कुराली गांव के सामने अज्ञात बदमाश ने चाय विक्रेता को गोली मार कर हत्या कर दी थी। प्राप्त जानकारी अनुसार कुराली गांव निवासी भुल्ले नरेश पुत्र जगदीश रोज की तरह अपनी दुकान में काम कर रहा था इसी दौरान दो व्यक्ति पहुंचे और चाय विक्रेता पर गोली चला दी जिनको दो गोली मारकर बदमाश खेतों में फरार हो गए तभी मौके पर अफरा तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे आला अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की मौके पर पहुंचे परिजनों को पुलिस ने ढांढस बंधाया और जल्दी घटना का खुलासा की बात कही। वहीं रविवार को पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस के साए में भुल्ले का अंतिम संस्कार हुआ। उधर क्राइम ब्रांच और पुलिस की अन्य टीमों ने क्षेत्र में करीब एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पूरे दिन गांव में सन्नाटा छाया हुआ था। ग्रामीणों का कहना था कि भुल्ले बड़ा अच्छा व्यक्ति था और उसकी कोई किसी से पुरानी रंजिश नहीं थी। अंतिम संस्कार में क्षेत्रीय नेता मनोज चौहान कुराली व भाजपा नेता अनवार कुरैशी भी पहुंचे और अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द आरोपी गिरफ्तार किया जाए। कुराली गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

### हत्या का खुलासा करने के लिए सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने संभाली कमान

**जानी खुर्द।** शनिवार की देर रात को चाय विक्रेता की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस टीम लगातार काम कर रही है। सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने जानी गैंग नहर पुल और घटनास्थल गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया है। पुलिस किसी तरह की कोई ढील बरतना नहीं चाहती है। शनिवार की रात से ही सीओ सरधना ने इस केस की कमान खुद संभाली है और पुलिस टीम लगा दी है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने पुलिस के साए में अंतिम संस्कार कराया और परिवार वालों को जल्द से जल्द हत्या का खुलासा करने की बात कही।

## एक माह बाद लूट के दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा किठौर में एक माह पूर्व कन्फेक्शनरी की दुकान पर हुई लूट की वारदात में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, जिंदा कारतूस और लूटी गई रकम में से 700 रुपये बरामद किए गए हैं। किठौर थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना के अनुसार, 18 मार्च को बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े कन्फेक्शनरी की दुकान पर धावा बोलते हुए करीब 10 हजार रुपये की नकदी और अन्य सामान लूट लिया था। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि दो बदमाश फरार चल रहे थे। इसी क्रम में इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सक्सेना के नेतृत्व में बनी टीम किठौर चौकी इंचार्ज मंदीप त्यागी व उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए थाना बहसूमा क्षेत्र के गांव रामराज निवासी धुरी उर्फ गौरव पुत्र राजेंद्र को किठौर-बांबे की पटरी से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# एसी में शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग, लाखों का सामान खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** कस्बे के मोहल्ला कुरैशियान में शनिवार देर रात एसी में हुए शॉर्ट सर्किट से एक मकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में नकदी,ऊर्नीचर समेत लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई। मोहल्ला कुरैशियान निवासी सरताज पुत्र बाबू, जो नोएडा में मुर्गा व्यापार से जुड़े हैं, इन दिनों अपने घर आए हुए थे। शनिवार रात वह परिवार के साथ डायनिंग रूम में बैठे थे, तभी अचानक बेडरूम में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट हो गया। चंद पलों में आग छत की सीलिंग तक पहुंच गई और लपटों ने पूरे मकान को घेर लिया। आग की भयावहता देख सरताज ने शोर मचाकर परिवार को तुरंत बाहर निकाला। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बैड, सोफा, एसी, सेफ अलमारी, पंखे, गीजर, पीवीसी सामग्री सहित करीब लाखों रुपये का सामान और लगभग 50 हजार रुपये नकद जलकर राख हो चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वहीं पीड़ित ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद राजस्व विभाग का कोई भी अधिक. ारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस संबंध में एसडीएम मवाना संतोष कुमार सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ मिला।

## स्टंटबाजी का वीडियो वायरल, बाइक सीज, आरोपी गिरफ्तार

**किठौर।** शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ जिसमें एक युवक अपाचे बाइक पर चार अन्य युवकों को बैठाकर सरेआम स्टंटबाजी करता नजर आ रहा था। यह खतरनाक करतब न केवल युवक की जान के लिए जोखिम भरा था, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता था। थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने बताया कि वीडियो सामने आते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत जांच शुरू की। जांच के दौरान आरोपी की पहचान कस्बा शाहजहांपुर के फूटा महल निवासी फरदीन पुत्र नासिर के रूप में हुई। पुलिस ने बिना देरी किए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने स्टंटबाजी में प्रयुक्त अपाची बाइक को भी सीज कर दिया है और आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क पर इस तरह की लापरवाही और खतरनाक स्टंटबाजी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किठौर पुलिस ने आम जनता, खासकर युवाओं से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# यमुना है हमारी सांस्कृतिक धरोहरः प्रभारी मंत्री

## घाट पर उपस्थित जनसमूह में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर श्रद्धा के साथ एक अलग तरह का झलक गर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर यमुना पक्का घाट आज एक दुर्लभ, आध्यात्मिक अनुभूति का साक्षी बना। आज संध्या जैसे ही ढली, पूरा बागपत मानो भक्ति, रंग और प्रकाश से आलोकित हो उठा। दीपों की अनगिनत कतारें, भगवा आभा से सजे घाट, फूलों की सुसज्जित तोरण द्वार, वैदिक मंत्रों और गूंजते शंखनाद.. इन सबके बीच 'यमुना महा आरती' महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। अक्षय तृतीय के अवसर पर आज संध्या गमगीन में यह आयोजन भक्तिमय बागपत की एक नई पहचान गढ़ने जा रहा है। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने यमुना तट को आस्था, उत्साह और संकल्प से भर दिया। यहां आस्था के साथ जिम्मेदारी का संकल्प भी उतनी ही शक्ति से प्रवाहित हुआ

आरती की पहली लौ जैसे ही प्रज्वलित हुई, यमुना के जल में उसकी झिलमिलाहट ने पूरे वातावरण को दिव्यता से भर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सदियों पुरानी परंपरा आधुनिक संकल्प के साथ पुनर्जीवित हो रही हो। घाट पर उपस्थित जनसमूह में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर श्रद्धा के साथ एक अलग तरह का गर्व झलक रहा था। यह गर्व अपनी यमुना का था, अपनी संस्कृति का था और उस संकल्प का था, जो इस महोत्सव के माध्यम से पूरे बागपत में जागृत हो रहा है। जैसे ही बनारस के आचार्यों ने वेद मंत्रों का उच्चारण आरंभ किया, वातावरण में एक गहन आध्यात्मिक कंपन अनुभव होने लगा। यज्ञ की सुगंध, मंत्रों की लय और आरती की लौ, इन सबने मिलकर ऐसा दृश्य रचा, जिसने उपस्थित जनसमूह को भीतर तक स्पर्श किया। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में धार्मिक आयोजनों को स्वच्छता, सुरक्षा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ जोड़ने की जो दिशा विकसित हुई है, यमुना महा आरती उसका सशक्त उदाहरण बनकर सामने आई। भक्ति भी, प्रकृति भी के भाव को आत्मसात करते हुए यह आयोजन एक ऐसे मॉडल के रूप में उभरा, जिसमें आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलते नजर आए। भगवा रंग से सजी घाट की भव्य सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं ने इस आयोजन को एक दिव्य और अनुशासित स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश सरकार के वन, पर्यावरण, जंतु, उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन बात राज्यमंत्री केपी मलिक तथा माव संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने महाआरती में सहभागिता करते हुए नदियों को बचाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यमुना हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनकी रक्षा करना



प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने बागपत की जनता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा तय करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा बनते हैं। यमुना महाआरती महोत्सव में आए सभी नागरिकों की जागरुकता की प्रशंसा की। सभी गणमान्य अतिथियों ने बागपत की समृद्धि, खुशहाली और यमुना की निर्मलता के लिए मंगलकामनाएं भी कीं। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे पवित्र पर्व पर लिया गया संकल्प अक्षय फल देता है, इसलिए आज का यह यमुना को स्वच्छ और संरक्षित रखने का संकल्प आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरो. हर बनेगा। इस अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, एसपी सूरज कुमार राय, सीडीओ अनिल सिंह, अपर जिला. धिकारी विनीत उपाध्याय, शि. वनारायण, समस्त एसडीएम मनीष यादव, ज्योति शर्मा, भावना सिंह, अमरचंद वर्मा, परियोजना निदेशक राहुल वर्मा, ईओ केके भड़ाना सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।









## पंचमुखी मंदिर में धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** पंचमुखी मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें ब्राह्मण समाज के सभी गणमान्य व्यक्तितो ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करे एवं आरती हवन का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम पर पंडित सुभाष शर्मा चौधरी चौरासी देश खाप ब्राह्मण समाज, पंडित ओंकार शर्मा थंबा चौधरी, बागपत जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, विजयपाल शर्मा, रविन्द्र भारद्वाज, अमित भारद्वाज, देव कुमार शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, एडवोकेट अमित वशिष्ट, दरोगा राकेश शर्मा, प्रधानाचार्य रेनू शर्मा महेंद्र दत्त शर्मा केडी शर्मा थंबा चौधरी ऋषि पाल शर्मा, थांबा चौधरी हरीभजन शर्मा, विनीत शर्मा, डा.रमेश वशिष्ठ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## तीन किसानों की गेहूं की 30 बीघा फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिसाना गांव में तीन किसानों की गेहूं की 30 बीघा फसल संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर राख हो गई। इस घटना में किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने पीड़ित किसानों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की है।

यह घटना शनिवार शाम को हुई, जब राजेंद्र, कमल और अजय नामक किसानों के खेतों में अचानक आग लग गई। तीनों किसानों के खेत एक-दूसरे से सटे हुए थे। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया और शोर मचाया, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि, आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक किसानों की 30 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। अन्य किसानों ने बताया कि उनके खेतों में पड़े भूसे में भी आग लग गई, जिससे और अधिक नुकसान हुआ है। तीनों किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है ताकि आग लगने के कारणों का पता चल सके।

## एक नजर

### कार्यक्रम को सांस्कृतिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह एक जीवंत परंपरा का पुनर्जागरण:डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव को जन-जागरूकता एवं जन-सहभागिता अभियान के रूप में विकसित किया गया है। पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित यह कार्यक्रम पूर्णतः व्यवस्थित और प्रभावी नजर आया। जिलाधिकारी ने स्वयं तैयारियों की निगरानी कर यह सुनिश्चित किया कि आयोजन का हर पहलू चाहे वह सुरक्षा हो, स्वच्छता हो या सांस्कृतिक प्रस्तुति, वह उच्च स्तर का हो। साथ ही श्रद्धालुओं से संवाद भी किया और पक्का घाट पर आस्था और भव्यता और दिव्यता देखने को मिली भक्तिमय में दिखा बागपत। इस युमना महाआरती की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ आस्था के साथ जिम्मेदारी का भाव भी उतनी ही मजबूती से जुड़ा हुआ दिखा। श्रद्धालुओं ने केवल आरती में भाग नहीं लिया, बल्कि यमुना को स्वच्छ रखने, कूड़ा न फैलाने और जल संरक्षण का संकल्प भी लिया। घाट पर श्रमदान और सफाई गतिविधियों ने इस संकल्प को व्यवहार में उतारने की दिशा भी दिखाई। यह दृश्य अपने आप में एक संदेश था कि परिवर्तन केवल शब्दों से नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास से आता है। जिलाधिकारी ने कहा यदि इस आयोजन को सांस्कृतिक दृष्टि से देखा जाए, तो यह एक जीवंत परंपरा का पुनर्जागरण भी है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से जुड़ी यमुना भारतीय जनमानस में आस्था और प्रेम की धारा रही है। बागपत, जो महाभारत कालीन भूभाग से जुड़ा है, यहां इस तरह का आयोजन उस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को फिर से जीवंत करता है। बनारस की टीम द्वारा विशेष संस्कृतिक प्रस्तुतियां, मंच पर प्रस्तुत भजन, लोकगीत और नृत्य-नाटय ने इस विरासत को जीवंत रूप में सामने रखा, जिससे लोगों में अपनी जड़ों के प्रति जुड़ाव और गर्व की भावना और प्रबल हुई। घाट की सजावट में भी भारतीयता के विविध रंग झलकते रहे। भगवा ध्वज, पुष्प सज्जा, पारंपरिक अलंकरण और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो बागपत अपनी सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक विरासत का सामूहिक उत्सव मना रहा हो। पहली बार इतने व्यापक स्तर पर आयोजित इस महोत्सव में नवाचार भी आकर्षण का केंद्र बने। 'जीरो वेस्ट' की अवधारणा को अपनाते हुए प्लास्टिक मुक्त आयोजन का प्रयास किया गया। वेस्ट प्लास्टिक से तैयार 'नन्ही कली देसी डॉल' जैसे मॉडल ने लोगों को यह संदेश दिया कि अपशिष्ट को भी सृजनात्मकता के माध्यम से उपयोगी बनाया जा सकता है। यह पहल विशेष रूप से युवाओं और बच्चों के बीच चर्चा का विषय रही और उन्होंने इसे उत्साहपूर्वक अपनाया। अधिशासी अधिकारी केके भड़ाना के नेतृत्व में नगर पालिका बागपत द्वारा पेयजल ,व्यवस्था ,स्वच्छता जगह-जगह रखे शीतल पेजल के क्यूसेक घड़े भारतीय प्रकृति और संस्कृति का संदेश दे रहे थे। कलावे से लिखा हुआ आकर्षक बागपत यमुना महा आरती का सेल्फी प्वाइंट बना। घाट की सजावट में भी भारतीय संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले। भगवा ध्वज, पारंपरिक अलंकरण, फूलों की झालरें और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा बागपत एक साथ मिलकर अपनी सांस्कृतिक पहचान का उत्सव मना रहा हो। स्थानीय लोगों के साथ-साथ दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया। स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इसे जन-जन के उत्सव का स्वरूप दिया। पहले दिन के इस शुभारंभ में लोग एक जीवंत प्रेरणा लेकर लौटे जिसमें आस्था के साथ जिम्मेदारी जुड़ी हो, संस्कृति के साथ संरक्षण का भाव हो और उत्सव के साथ समाज को सकारात्मक संदेश मिले। आज बागपत में जले ये दीप अब एक संद. श बनकर फैल रहे हैं कि अपनी यमुना पर गर्व करें, उसे स्वच्छ रखें, और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित बनाएं।

## श्रम विभाग का प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय पिछले चार साल से बंद

**■ कार्यालय का हर महीने लगभग जाता है 3500 रूपये किराया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को बड़ौत में श्रम विभाग का प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय पिछले चार साल से बंद पड़ा है। इसके बावजूद सरकार हर महीने किराए के रूप में हजारों रुपये खर्च कर रही है, जिससे अब तक डेढ़ लाख रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। इस स्थिति के कारण क्षेत्र के श्रमिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बागपत मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।





बड़ौत श्रमिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार वर्मा ने इस मामले में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि बंद पड़े कार्यालय का हर महीने लगभग 3500 किराया दिया जा रहा है, जबकि वहां कोई अधिक. ारी या कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। अध्यक्ष ने जानकारी दी कि पूरे बागपत जनपद में केवल एक ही श्रम प्रवर्तन अधिकारी तैनात है, जो बागपत में बैठता है। ऐसे में बड़ौत क्षेत्र के श्रमिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी बागपत जाना पड़ता है, जिससे उन्हें समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। प्रवीण कुमार वर्मा ने बड़ौत में अलग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी की तैनाती और स्थानीय श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश का लाभदिलाने की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारी के अभाव में बुधवार को होने वाली साप्ताहिक मार्केट बंदी का पालन नहीं हो पा रहा है, जिससे श्रमिकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। एसडीएम भावना सिंह ने आश्वासन दिया है कि इस संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराकर जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी। श्रमिक एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करेंगे।

## टीम ने की किसानों के साथ जंगलों में कांबिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मिलाना और खपराना के बीच जंगल में पांच दिन पहले एक तेंदुआ देखा गया है। तेंदुए के लगातार दिखने से किसान दहशत में हैं और वन विभाग से उसे पकड़वाने की मांग कर रहे हैं। किसानों ने वन विभाग को तेंदुए के फोटो और वीडियो भी उपलब्ध कराए हैं।

यह मामला मंगलवार सुबह करीब 9 बजे का है, जब किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे। खपराना निवासी किसान प्रदीप अपने भांजे के साथ खेत की जुताई कर रहे थे, तभी तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर उनके खेत में घुस गया। प्रदीप ने बताया कि गन्ने के खेत में पानी भरा होने के कारण तेंदुआ भाग नहीं पा रहा था, जिससे किसानों ने दूर से उसका वीडियो बना लिया। राहगीरों मंटू, सुरेश और जगपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ कई दिनों से जंगल में दिखाई दे रहा है। वाहन का शोर सुनते ही वह वन क्षेत्र में छिप जाता है। किसानों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारी पहले तो कांबिंग के लिए पहुंचे थे, लेकिन अब वे जंगल में नहीं आ रहे हैं। बड़ौत के वन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मौके पर वन दरोगा विनोद कुमार और संजीव कुमार सहित एक टीम भेजी गई थी। टीम ने किसानों के साथ जंगलों में कांबिंग भी की, लेकिन तेंदुआ दिखाई नहीं दिया। उन्होंने किसानों को बचाव के तरीके बताए हैं, जैसे तेंदुए को देखने पर बेवजह पत्थर न फेंकें और रात में टॉर्च की रोशनी के साथ जंगल में जाएं। हालांकि, अभी तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जा सका है, जिससे किसानों की परेशानी बनी हुई है। वे अब समूह बनाकर खेतों में जाने को मजबूर हैं।

## ईस्टर्न पेरिफेरल पर भीषण सड़क हादसा, 3 लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के मवीकला टोल के पास ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक महिला और एक पुरुष की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के वक्त कार में चालक समेत कुल पांच लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा के बहादुरगढ़ निवासी विश्वनाथ अग्रवाल अपनी पत्नी कुसुम अग्रवाल और दो अन्य रिश्तेदारों के साथ गढ़मुक्तेश्वर में गंगा स्नान के लिए गए थे। स्नान के बाद वे सभी बहादुरगढ़ लौट रहे थे। कार चालक सोनू गाड़ी चला रहा था। दोपहर करीब 1:15 बजे, जब उनकी कार ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर मवीकला टोल प्लाजा से करीब 1 किलोमीटर दूरी पर थी, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। चालक सोनू समेत दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। चालक सोनू ने बताया कि गाड़ी की रफ्तार अधिक होने के कारण वह समय पर नियंत्रण नहीं कर सका, जिससे यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बागपत भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार और असावधानी को माना जा रहा है।




## पति पत्नी के विवाद सुलझाने को लेकर पंचायत में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लड़के की शादी के बाद पति पत्नी विवाद के चलते उसे सुलझानें को एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें मारपीट होने से चार लोगो को चोटे आयी है। दोनो पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है।

रटौल निवासी एहसान मंड़ावली दिल्ली में रहता है दो वर्ष पहले उसने अपने पुत्र इमरान की शादी खोड़ा निवासी अल्लामेहर की लड़की प्रवीन के साथ हुई थी,शादी के बाद से ही पति पत्नी में विवाद रहने लगा प्रवीन के पिता का आरोप है कि लड़का पक्ष उनसे दहेज की मांग करता आ रहा था जिसे सुलझाने के लिए रटौल में एक पंचायत का आयोजन किया गया जिसमे दोनो पक्षों ने अपनी अपनी बात रखी तभी किसी बात को लेकर बात बिगड़ गयी आरोप है कि एहसास के भाई महताब के दामाद इन्तिजार निवासी खोड़ा गाजियाबाद नें इमरान पर चाकू से वार कर दिया जिससे वह घायल हो गया, वह देख वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गयी जो लोग वहा से निकल बस स्टैंड की और भागे जहा लोगो ने वहा तीन लोगो को पकड़ पीट दिया। सूचना मिलते ही मौकें पर पुलिस भी पहुंच गयी मारपीट में एक पक्ष से रमजान, वकील, अललमेहर को चोटे जबकि दूसरे पक्ष से इमरान को चोटे आयी है दोनो पक्षों नें रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है। पुलिस नें घायलो को खेकड़ा सीएचसी पर उपचार के लिए भेजा।





## सूखी झाड़ियों में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी आवास से 100 मीटर की दूरी पर एक खाली प्लॉट में सूखी झाड़ियों में आग लग गई। सूचना मिलते ही सीएफओ अमरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

यह घटना जिलाधिकारी आवास के पास हुई, जहां खाली पड़े प्लॉट में सूखी झाड़ियां और कचरा मौजूद था। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन शुरुआती आशंका सूखी झाड़ियों या कचरे में लगी चिंगारी या लापरवाही को माना जा रहा है। आग तेजी से फैलने लगी थी, जिससे आसपास के लोगों में चिंता बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर विभाग की टीम ने बिना देरी किए आग बुझाने का अभियान शुरू किया। प्लॉट में मौजूद भारी मात्र में ज्वलनशील सामग्री के कारण आग पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण था। हालांकि, फायर कर्मियों की मुस्तैदी और तत्परता के कारण आग को आसपास के रिहायशी इलाकों तक फैलने से रोक दिया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने भी स्थिति का जायजा लिया और लोगों से सतर्क रहने की अपील की। प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए खाली प्लॉटों में कचरा और सूखी झाड़ियों की नियमित सफाई कराने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## गांव में गौरी गाय की तेरहवीं पर किया गया वैदिक यज्ञ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के छपरौली मुकंदपुर गांव में रविवार को गौरी गाय की तेरहवीं पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। गाय की आत्मा की शांति के लिए आसपास गांव के ग्रामीणों ने भी यज्ञ में शामिल होकर आहुति दी।

दरअसल, मुकंदपुर गांव निवासी देवेन्द्र शर्मा की गाय गौरी की गत 7 अप्रैल को मृत्यु हो गई थी। घर के मुख्य सदस्य की भांति परिवार के लोगों के साथ रही। गाय की मृत्यु के बाद उसकी अंतिम संस्कार यात्रा भी उसी तरह से निकाली गई थी, जिस तरह से किसी बड़े बुजुर्ग व्यक्ति की अंतिम यात्रा निकाली जाती है। ढोल-नगाड़ों के साथ गौरी गाय की निकाली गई। अंतिम यात्रा क्षेत्र में चर्चा का बनी थी। अब रविवार को गौरी की तेरहवीं आयोजित की गई, जिसमें गांव के अलावा भी



आसपास से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और यज्ञ में आहुति दी। उसके बाद ब्रह्म भोज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने गौरी गाय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देवेंद्र ने बताया कि गाय जब तक उनके परिवार का हिस्सा रही, तब तक घर में किसी भी चीज की कोई कमी नहीं हुई और न ही घर में कोई बीमार हुआ।

ग्रामीणों का कहना था कि वैसे भी सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। मान्यता है कि जिस घर में गाय होती है वहां सुख-समृद्धि का वास होता है।

देवेंद्र के घर में गौरी गाय की मौजूदगी से सब ठीक रहा। इस गाय के दो दर्जन से अधिक बच्चे विभिन्न घरों में मौजूद हैं।

गौरा का चला जाना गांव वालों के लिए काफी दुखदाई है। अमित शर्मा ने बताया कि गौरी गाय का जब जन्म हुआ था, तब वह बहुत छोटा था। गौरी की कृपा से वे पले बढ़े और उनकी नौकरी लगी।

# हापुड़ में सनसनीः महिला के कटे सिर की सूचना निकली अफवाह, विग रखकर रचा खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के मेरठ रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार सुबह एक सनसनीखेज सूचना ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। दिन निकलते ही यह खबर आग की तरह फैल गई कि रेलवे ट्रैक पर एक महिला का कटा हुआ सिर पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई और नगर कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और माहौल में दहशत और जिज्ञासा दोनों का मिश्रण साफ नजर आने लगा।

प्रारंभिक सूचना के आधार पर मामला बेहद गंभीर माना जा रहा





था। पुलिस ने मौके पर पहुंचते ही पूरे क्षेत्र को घेराबंदी में लेकर जांच शुरू की और फॉरेंसिक टीम को भी तत्काल बुला लिया गया। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर गहन तलाशी अभियान चलाया गया। इसी बीचए जांच के दौरान हापुड कोतवाल विनोद पांडेय ने रेलवे ट्रैक के पास रखी पॉलीथिन को खोल. कर अंदर रखी वस्तु की बारीकी से जांच की। जैसे ही पॉलीथिन खोली गईए पूरे मामले की सच्चाई सामने आ गई और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली। जिस वस्तु को अब तक महिला का कटा हुआ सिर समझा जा रहा थाए वह दरअसल महिलाओं के बालों की तीन विग निकलीं। शरारती तत्वों ने बड़ी चतुराई से इन विग को इस प्रकार से रखा था कि वह देखने में किसी कटे हुए सिर जैसा प्रतीत हो। मामले की सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस ने राहत की सांस लीए लेकिन साथ ही इस तरह की हरकत को गंभीरता से लेते हुए शरारती तत्वों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे कृत्य समाज में अनावश्यक भय और भ्रम फैलाते हैं जो कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बन सकते हैं। जल्द ही दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकिए हापुड़ पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते मामला कुछ ही समय में स्पष्ट हो गया और संभावित दहशत का माहौल टल गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहा आरोपी पुलिस ने दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में पुलिस ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौहल्ला इन्द्रगढ़ी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजकुमार पुत्र लक्ष्मण निवासी मौहल्ला इन्द्रगढ़ी, थाना हापुड़ देहात के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# धारदार हथियार से हमला कर युवक की हत्या, जांच जारी

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अब्दुलापुर निवासी युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक का शव पास के ही गांव के जंगल में आम के बाग में पड़ा हुआ मिला। उसके चेहरे पर चोट के निशान है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं बताया गया है कि मृतक की दो दिन पूर्व ही गांव निवासी युवक से लड़ाई हो गई थी। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

गांव कल्याणपुर निवासी विक्रम चौहान रविवार की सुबह गांव के जंगल में स्थित आम के बाग में गए थे। वहां उन्होंने एक युवक का शव पड़ा हुआ देखा। मृतक के चेहरे पर



चोट के निशान थे, जबकि पास में ही उसकी बाइक और शराब के खाली पव्वे, गिलास पड़े हुए थे। शव को देखकर मामले की जानक. ारी पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट और झड़ीना चौकी इंचार्ज अंकित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त की। मृतक की शिनाख्त गांव गांव अब्दुलापुर निवासी जसवीर सिंह 35 वर्ष के रूप में हुई। मृतक के परिजन को मामले की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन ने बताया कि जयवीर सिंह चार दिन पूर्व ही पास में स्थित एक कालोनी में काम करने के लिए गया था। शनिवार दोपहर को वह कालोनी से काम कर आया था। उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला सका था। परिजन ने पुलिस को बताया कि जसवीर सिंह से दो दिन पूर्व गांव निवासी एक युवक ने विवाद कर लिया था। उस समय उस युवक ने जसवीर सिंह को दो चार दिन में अंजाम भुगतने की धमकी दी थी, और अब जसवीर सिंह का शव मिला है। पुलिस के अनुसार जिस किसी ने भी हत्याकांड को अंजाम दिया है उसने धारदार हथियार का प्रयोग किया है। उसके प्रयोग से ही चेहरे पर चोट के निशान है और उसकी मौत हो गई। इस संबंध में गढ़ सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हत्या क्यों और किसने की है इसकी जांच की जा रही है। जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# परशुराम जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब, निकली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिमरौली क्षेत्र में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं के साथ-साथ महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा में आस्था और उत्साह का ऐसा संगम देखने को मिला कि पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में रंग गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता प्रिंस पंडित के नेतृत्व में विधि-विधान के साथ नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर शहर कोतवाल विनोद पांडेय और बाबूगढ़ कोतवाल मुनीश चौहान भी मौजूद रहे। यात्रा जैसे ही मुख्य मार्गों से होकर आगे बढ़ी, जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत



किया। यात्रा का स्वागत पूर्व प्रधान राजपाल चौधरी के पुत्र हरेंद्र द्वारा किया गया, वहीं वर्तमान प्रधान सरोज देवी, महेश चंद और अमरजीत ने भी फूल-मालाओं से स्वागत कर श्रद्धा व्यक्त की। स्वर्गीय दीननाथ शर्मा के पुत्रों ने भी अपने परिवार के साथ यात्रा का जोरदार स्वागत किया। पूरे मार्ग पर भक्तिमय संगीत, जयकारों और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयघोष करते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। इस आयोजन में समिति के सदस्य अनुज शर्मा बट्टू, शिवम शर्मा, निक्की, विशाल शर्मा, कपिल, मोहित, सोहनपाल शर्मा, जालिम सिंह, मुन्नू, सुरेंद्र चौधरी, रूमाल सिंह, बबलू, योगेंद्र शर्मा, योगेश शर्मा, चेतन, राहुल, सचिन और आशु सहित कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में प्रिंस पंडित ने सभी सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और धार्मिक चेतना को बढ़ावा मिलता है। आयोजन की सफलता से क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा।

# समाजवादी महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव मुक्तेश्वरा में समाजवादी महिला सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही और उन्हें सम्मान के साथ आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया गया। महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा ने कहा कि समा. जवादी सरकार में महिलाओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी और आगे भी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन समाजवादी नेता अंकित भड़ाना ने किया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं समाजवादी नेता विक्रम गुर्जर ने महिलाओं से एकजुट होकर समाजवादी सरकार बनाने को मजबूत करने का आहवान किया। समारोह में समा. जवादी नेता बिन्दर कश्यप भी शामिल हुए और अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को जागरूक करने के लिए गांव-गांव अभियान चलाने की बात कही गई।

## मारपीट के मामले में छेड़छाड़ की तहरीर देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के एक गांव में मारपीट की घटना को छेड़छाड़ में दर्ज कराने का प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस ने मामले की सच्चाई सामने आने के बाद कार्रवाई करने की बात कहीं है। गांव निवासी एक युवक ने अपने ही रिश्तेदार के घर पर पहुंच कर तीन दिन पूर्व गाली गलौज की थी। उस समय मौके पर डायल 112 नंबर पुलिस को भी बुलाया गया। पुलिस को गाली गलौज और मारपीट करने की बात कहीं गई, लेकिन अब एक पक्ष ने उस घटना को किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने की दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की सहीं जांच कर कार्रवाई करने की बात कहीं है।

# अलग अलग स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में नगर समेत अलग अलग गांवों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हवन पूजन के साथ साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

नगर के नक्का कुंआ मंदिर स्थित भगवान परशुराम के मंदिर में वैशाख शुक्ल तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया । इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। पूरे मंदिर में भक्तिमय माहौल बना रहा। यहां मौजूद लोगों ने हवन पूजन में भाग लिया। वरिष्ठ समाज सेवी रूपेश पंडित ने बताया कि भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान जल, अक्षत, चंदन, फूल, फल, मिठाई और नारियल अर्पित कर भगवान परशुराम का पूजन किया गया। लोगों ने परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इसके अलावा गंगा नगरी ब्रजघाट में गंगा सभा आरती समिति के तत्वाधान में विशाल हवन पूजन का आयोजन किया। जबकि हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडेय ने भी भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। जबकि अलावा बक्सर, ब्रजघाट, दत्तियाना, हरोड़ा, खुड़लिया, खिलवाई आदि गांवों में जन्मोत्सव समारोह में ग्रामवा. सियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से व्रत रखा और पूजा-अर्चना कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। आयोजन के दौरान लोगों ने भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प भी लिया। मान्यता है कि परशुराम जयंती के दिन व्रत रखने और पूजा करने से ज्ञान, शक्ति और धन की प्राप्ति होती है। ग्रामीणों ने इस पर्व को श्रद्धा के साथ मनाते हुए इसकी धार्मिक महत्ता को रेखांकित किया। आयोजन को लेकर गांव में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर रूपेश पंडित, राजेश पंडित, हर्षवर्धन शर्मा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों मे किशोरी हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बताया कि दो दिन पूर्व उसकी बेटी घर से बाजार सामान लेने के लिए गई थी। देर शाम तक जब वह वापस नहीं आई तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गांव गढ़ावली के जंगल में एक व्यक्ति कैन लेकर जाता हुआ देखा। पुलिस को देखकर कर वह भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा करते हुए पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपी गांव गड़ावली निवासी गंगा शरण है और उसके पास सेपुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवक को पीटकर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव शाहपुर में चार लोगों ने तीन लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी प्रियाशु ने बताया कि वह 15 अप्रैल को अपने साथियों के साथ अपने गांव शाहपुर में अपने कोल्डड्रिंक पीकर डीजल डलवा कर आ रहे थे। तभी वहा हरमेश, महेन्द्र मास्टर, बिजेन्द्र, कपिल, तुषार ने अपने दो अज्ञात व्यक्तियो के साथ मिलकर उनको ट्रैक्टर समेत रोक लिया। उसके बाद आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौच करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ अभद्र टिप्पणी की। उसका विरोध किया तो उक्त सभी लोगो ने मारपीट शुरु कर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ch, l ,Q toku dh iRuh dh lfnX/k ifjfLFkfr e|ekr

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA महानगर की ओम नगर कॉलोनी में बीएसएफ कर्मी की पत्नी खून से लथपथ हालत में मृत मिली। मृतका के शव के पास में लाइसेंसी रिवाल्वर भी बरामद हुई। परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। अब पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच में जुटी है। महानगर के हाईवे स्थित ओमनगर कॉलोनी के रहने वाले वीपी सिंह अपनी पत्नी पूजा (30) और दो बेटों के साथ रहते हैं। शादी करीब 13 साल पहले हुई थी। वीपी सिंह बीएसएफ में तैनात हैं। वह शुक्रवार की सुबह छुट्टी लेकर घर लौटे थे। दोपहर को दोनों बच्चों को स्कूल से लेने चले गए। दोनों बच्चों को लेकर घर लौटे तो पत्नी पूजा खून से लथपथ हालत में मिली। पति ने पुलिस को बताया था कि पत्नी ने उनके घर से जाने के बाद उनकी लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पति ने ही पुलिस को घटना की जानक. ारी दी थी। इसके बाद सीओ अनिल कपरवान व इंस्पेक्टर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। मृतका सादाबाद के गांव महावतपुर की रहने वाली थीं। उनके भाई राघवेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पति पूजा को प्रताड़ित करता था। आरोप है कि पति ने ही गोली मारकर पत्नी की हत्या की है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतिम कुश्ती हरिओम और संजय के बीच बराबर पर छूटी

'kkg VkbEl laoknnkrk

jk;kA गांव विसावली में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया जिस में पहलवानों ने अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर विजय हासिल की वहीं अंतिम कुश्ती हुई यूपी केशरी पहलवान हरिओम और संजय पहलवान हरियाणा के मध्य हुई जो बराबर पर छूटी।

वहीं विजेता पहलवानों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। कुश्ती दंगल का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनयूजे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डा कमलकांत उपमन्यु ने दो पहलवानों का हाथ मिलवा कर किया उन्होंने कहा कि कुश्ती दंगल ब्रज क्षेत्र की पुरानीध परम्परा है यहां भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने भी कुश्ती लड़ी थी लेकिन आज यह यह परम्परा समाप्त हो रही है। कुश्ती दंगल में अमित अड़ींग,राहुल तिरवाया,गणेश,तिरवाया, विशाल तिरवाया,कान्हा गुडेरा , राममो. हन पहलवान, विपिन,अंकित, अजय , मोहित, मनीष ने अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित कर जीत हासिल की विजेता पहलवानों को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं 31 हजार रूपए की कुश्ती सचिन सारस और ललित सौखखेड़ा के मध्य हुई जो रोमांचक मुकाबले के बाद बराबर पर रही अंतिम कुश्ती 71 हजार लड़ी गई।

# गाड़ी से साइड मांगने पर युवक पर किया जानलेवा हमला, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** रास्ते पर खड़ी गाड़ी से साइड मागने को लेकर युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी जितेंद्र सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल की शाम के समय वह अपनी मोटर साइकिल से गिरिराज के साथ खेत में मजदूरों का खाना लेकर जा रहा था। तभी उनके घर के नजदीक रास्ते पर एक गाड़ी खडी थी। रास्ता न होने के कारण गाड़ी के ड्राईवर को गाड़ी साईड में करने के लिए कहा। गाड़ी के ड्राईवर ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया। ड्राईवर को ऐसा करने से मना किया तो उसने फोन करके गांव निवासी जयंत व निर्मल बुलाया जो अपने कुछ अजात साथियो के साथ आये तथा उसके घर के सामने मारपीट करने लगे। जब उसके भतीजे राजा उसको बचाने आया तो उसके भतीजे के साथ भी लाडी डंडे आदि से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नाजायज चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हाफिजपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध चाकू रखने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को रेलवे क्रॉसिंग के पास से दबोचकर उसके कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया है। थाना प्रभारी के अनुसार, नियमित चेकिंग के दौरान ग्राम सावीं के पास रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र में संदिग्ध गति. विधि के आधार पर एक युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरा. ेपी की पहचान चरन पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम ईसापुर, थाना निगोही, जिला शाहजहांपुर के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना हाफिजपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही यह भी सामने आया है कि आरोपी का आपरा. धिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी व अन्य मामलों में मुकदमे दर्ज हैं।

# रोगियों को मिलेगा आधयात्मिक माहौल, भब्य मंदिर तैयार

'kkg VkbEl laoknnkrk

xko/ku] okrkA जचौंदा स्थित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान में गुबावी पत्थर से नवनिर्मित भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर का प्रांण प्रतिष्ठा समारोह शास्त्रोक्त रीति से सम्पन्न हुआ। इस दौरान जगद्गुरू आदि शंक. राचार्य की प्रतिमा का अनावरण भी विधि विधान से हुआ। भब्य मंदिर की स्थापना से रोगियों व उनके परिजनों को आध्यात्मिक माहौल मिलेगा ।

हर श्रेष्ठ कार्य प्रभु को समर्पित करना चाहिए। मंदिर का निर्माण श्रीमती प्रेम कुमारी एवं कृ ष्ण मुरारी लाल अग्रवाल की स्मृति में उनके उनके पुत्र उमाक. ांत अग्रवाल – इन्द्रा अग्रवाल ने कराया है। मंदिर का विग्रह



अत्यंत मनमोहक है।, सौम्य एवं जीवंत भाव लिए हुए है, जिसमें उनकी मधुर मुस्कान, मुरलीधारण की मुद्रा और दिव्य आभा श्रद्धालुओं को भाव–विभोर कर देती है। संस्थान के मुख्य द्वार के बांए आकर्षक छत्र की छांव में भव्य मंच पर स्थापित आदि शंक. राचार्य की प्रतिमा घ्प्रेमवती देवी–रामबाबू अग्रवाल की स्मृति में विशनचन्द अग्रवाल एवं मायारानी अग्रवाल (बृजवासी टंच) परिवार ने कराया है। प्राण–प्रतिष्ठा का पवित्र अनुष्ठान वृंदावन के आचार्य केशव द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया।

तदुपरांत मंदिर में प्रथम आरती एवं उद्घाटन किया गया। संस्थान परिसर में मंदिर एवं आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा की स्थापना का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था का विस्तार नहीं, बल्कि यहाँ आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को रोगमुक्ति के साथ–साथ आध्यात्मिक शांति और "नई दृष्टि" प्रदान करना है। यह पहल संस्थान के मूल उद्देश्यकृसेवा, साधना और मानव कल्याणकृको और सशक्त करती है। कार्यक्रम में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष स्वामी महेशानंद सरस्वती ने कहा कि "नेत्र सेवा केवल शरीर की दृष्टि ही नहीं, बल्कि जीवन की दिशा को भी प्रकाशित करने का माध्यम है। जब चिकित्सा के साथ आध्यात्मिकता का समन्वय होता है, तब वास्तविक कल्याण संभव होता है। जगद्गुरु पीपा द्वाराचार्य बलराम दास देवाचार्य महाराज (संरक्षक) ने कहा कि "मंदिर और संत परंपरा का सान्निध्य मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और आस्था को जागृत करता है, जिससे जीवन में संतुलन और शांति का संचार होता है। समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत–महात्माओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पावन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने आगंतुकों का आभार जताया। उपस्थित प्रमुख जनों में गोपाल प्रसाद अग्रवाल (भरतपुर), महेश चंद्र कसेरे राम. निवास अग्रवाल, धनेश मित्तल, योगेश उपाध्याय, मुकेश खंडेलवाल, कल्याण दास अग्रवाल, रवि अग्रवाल, राजू अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (पंचवटी), बृजेश शर्मा, प्रीति लवानिया, सात्विक उपाध्याय डा पवित्रा शर्मा एसपी गुप्ता, मूलचंद गर्ग, प्रवीण भारद्वाज, अजयकांत गर्ग, हृदय शर्मा, बीएल शर्मा, विपिन त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बैंकट हॉल से बाइक चोरी

**अफजलगढ़।** मौहम्मद शाहरोज निवासी मौहल्ला नेजो सराय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम मेघपुर स्थित एक बैंकेट हाल में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। उसने बैंकेट हाल के मेन गेट पर अपनी खड़ी कर दी। जब वह लगभग तीन बजे मैरिज हॉल से खाना खाकर वापिस आया, तो उपरोक्त बाइक मैरिज हॉल के मुख्य द्वार से गायब मिली। पीड़ित ने बाइक को इधर-उधर ढूंढने का काफी प्रयास किया परंतु बाइक नहीं मिली जिस पर पीड़ित शाहरोज ने पुलिस को बाइक गुमशुदगी की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

### अक्षय तृतीया पर गन्ने के रस का वितरण



**धामपुर।** जैन धर्म में अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल तृतीया) अत्यंत पावन पर्व है, जो प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) के छह माह के निर्जल कठोर तप के बाद हस्तिनापुर के राजा श्रेयांश द्वारा गन्ने के रस (इक्षु रस) से आहार दान देकर तप समाप्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। यह त्याग, संयम और तपस्या का प्रतीक है। आज अक्षय तृतीया महा पर्व के आयोजन पर जैन समाज धामपुर द्वारा राहगीरों को गन्ने के रस का वितरण कराया गया। वितरण कार्यक्रम में अनिल जैन, पंकज जैन, अरुण जैन ऋषभ जैन अमन जैन नमन जैन हर्षवर्धन जैन, अन्नत जैन आदि शामिल रहे।

### सड़कों पर वृक्षारोपण कराने की मांग

**कोतवाली देहात।** ग्राम धौकलपुर निवासी अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव डा. विकुल मलिक ने भारत सरकार के केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं उत्तर प्रदेश सरकार में वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री डा.अरुण कुमार सक्सेना को पत्र भेज कर जनपद बिजनौर से निकल रहे सभी हाईवे के दोनों ओर वृक्षारोपण कराने की मांग की है। प्रेषित पत्र में कहा कि हाईवे निर्माण कर रहीं कार्यदाई संस्थाओं द्वारा हाईवे निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए जनपद बिजनौर की सभी सड़कों पर से छायादार वृक्षों को संबंधित विभाग से कटवा दिया गया है। जिसके कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। सड़कों पर छायादार वृक्षों के न होने से एक तरफ जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को एवं अन्य यात्रियों को यात्रा करते समय झुलसने वाली भारी गर्मी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जनपद बिजनौर की वृक्षों रहित हो चुकी सड़कों पर वृक्षारोपण कराने की मांग की।

### भाकियू भानु जिलाध्यक्ष पर हमला



**मंडावली।** थाना क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल पर रात करीब नौ बजे हमला हुआ। इस हमले में उनके हाथ में चोट आई है। घटना उस समय हुई जब देशवाल अपने ग्राम गामड़ी से मंडावली आ रहे थे। भूपेंद्र देशवाल ने बताया कि जब उनकी गाड़ी ओवरब्रिज के पास पहुंची, तो ग्राम पुंडरी, थाना नांगल निवासी रामपाल राठी ने उन्हें रुकने का इशारा किया। गाड़ी रोकने पर रामपाल राठी ने उनके साथ गाली-गलौज की। देशवाल के गाड़ी से नीचे उतरते ही रामपाल राठी ने उन पर डंडे से वार कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई। घटना के बाद, जिलाध्यक्ष अपनी यूनियन के सदस्यों के साथ तुरंत मंडावली थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक को घटना के संबंध में लिखित तहरीर दी। वहीं, दूसरी ओर रामपाल राठी का कहना है कि उनकी गाड़ी खराब हो गई थी और भूपेंद्र देशवाल ने ही उनके साथ गाली-गलौज की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर जिलाध्यक्ष का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

### परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई



**हल्दौर।** नगर में परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रविवार को नगर के मोहल्ला टाटमोहरा पर कंप्यूटर सेंटर के संचालक संजीव मिश्रा पर के प्रतिष्ठान पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्य वक्ता चंचल वशिष्ठ ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं में 91.4 अंक प्राप्त करने वाले यश शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा अध्यक्ष श्रीश शर्मा, संजय वशिष्ठ, विशाल महंत, नरेश कुमार शर्मा, संतोष भारद्वाज मौजूद रहे। अध्यक्षता मास्टर जितेंद्र शर्मा व संचालन अतुल गांधी ने किया। वहीं नगर के मौहल्ला फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी गौरव भारद्वाज के आवास पर ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन इकाई द्वारा भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शशांक कौशिक, पंडित संतोष भारद्वाज, नवीन चंद शर्मा, विपिन शर्मा, पंडित विकास गौड़, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### करंट लगने से लाइनमैन झुलसा

**हल्दौर।** गांव सिसौना बिजलीघर पर नसीरपुर नैन सिंह निवासी सुभाष कुमार संविदाकर्मी लाइनमैन के पद पर तैनात है। ग्रामीणों के अनुसार लाइनमैन सुभाष कुमार अम्हेड़ा के खंभे पर मरम्मत कार्य के लिए बिजलीघर पर फोन पर शटडाउन लिया और वह खंभे पर चढ़ गया। आरोप है कि शटडाउन नहीं दिया गया। लाइनमैन को बिजली का तेज झटका लगा। वह बुरी तरह झुलस गया और नीचे आ गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना बिजलीघर देकर आपूर्ति बंद कराई और परिजनों को भी जानकारी दी। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंच गए और घायल को आनन-फानन में उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। निगम के जेई राजकुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन हुआ था या नहीं तथा लाइन में अचानक करंट आने का कारण क्या रहा।

# होटल, अस्पताल और उद्योगों में निरीक्षण

## अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर जागरूकता अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत होटल, अस्पताल और उद्योगों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेश और मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर यह पहल की गई।



नजीबाबाद अग्निशमन केंद्र के प्रभारी के.एस. जादौन के नेतृत्व में यह अभियान 20 अप्रैल तक चलेगा। इस वर्ष 'अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह' की थीम 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ' रखी गई है।

अभियान के दौरान जनपदीय मुख्यालय और तहसील स्तर पर बहुखंडीय भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा सभागारों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसमें अग्नि निवारण, जीवन रक्षा और अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच के साथ-साथ मॉक ड्रिल भी आयोजित की जा रही है।

नजीबाबाद तहसील में संगम पैलेस कोतवाली रोड, सेठी बोर्ड इंडस्ट्रीज नगीना बुन्दकी रोड, सेंट मेरिस हॉस्पिटल कोटद्वार रोड, क्रॉप केयर आर्गेनिक लिमिटेड रायपुर रोड और सेठी मोटर्स (कोतवाली रोड) जैसे स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान अग्निशमन टीम ने उपस्थित स्टाफ और आम लोगों को अग्निशमन उपकरण चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने संदेश दिया कि 'आग से होने वाली घटनाएं अक्सर लापरवाही के कारण होती हैं।' उन्होंने लोगों को छोटी सी सावधानी बरतकर बड़े हादसों को रोकने के महत्व के बारे में भी बताया।

इस दौरान आग से बचाव संबंधी पैम्फलेट भी आम जनता में वितरित किए गए। विभाग का मुख्य उद्देश्य बहुमंजिला भवनों, अस्पतालों, होटलों और औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच करना और वहां के कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना है।

### आभा फाउंडेशन का नेत्र शिविर सफल



**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल छठें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोग अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे। शिविर में लगभग 1380 लोगों जांच कराई। जांच के दौरान 176 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जबकि 705 लोगों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई। इसके अलावा करीब 500 लोगों को मौके पर ही दवाइयों का वितरण किया गया। चश्मों के लिए चिन्हित किए गए 705 लाभार्थियों को 20 अप्रैल को फादरसन पब्लिक स्कूल में चश्में वितरित किया जाएंगे। वहीं मोतियाबिंद के मरीजों के लिए 30-30 लोगों के समूह बनाकर अलग-अलग तिथियों में आरसी हॉस्पिटल बिजनौर भेजा जाएगा। जहां उनका ऑपरेशन कराया जाएगा। ऑपरेशन का पूरा खर्च जैसे आने-जाने की व्यवस्था, अस्पताल में ठहरने और भोजन की सुविधा, फाउंडेशन द्वारा ही वहन किया जाएगा। लाभार्थियों को केवल अपनी निर्धारित तिथि पर सुबह 9 बजे स्कूल पहुंचना होगा। संस्था की संस्थापिका आभा सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य अपने विधानसभा क्षेत्र से मोतियाबिंद जैसी समस्या को पूरी तरह समाप्त करना है।

## दुबई एयरपोर्ट पर युवक की अचानक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम बगदाद अंसार निवासी युवक की दुबई एयरपोर्ट पर अचानक मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। ये खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार जीशान (26 वर्ष) पुत्र शमीम पिछले करीब तीन वर्षों से दुबई में रहकर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। वह छुट्टी लेकर अपने घर धामपुर लौटने के लिए बेहद उत्साहित था और परिजनों से लगातार संपर्क में था।

बीती रात जब वह दुबई एयरपोर्ट पर भारत लौटने के लिए पहुंचा, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसे तत्काल चिकित्सा सहायता देने का प्रयास किया

### घर लौटने से पहले टूटा परिवार का सहारा

गया, लेकिन हृदय गति रुक जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, घर में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोग बेसुध हो गए और पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। जीशान तीन भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर पर था तथा परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था।

ग्रामीणों के अनुसार जीशान मेहनती और सरल स्वभाव का युवक था, जो अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए विदेश में रहकर कठिन परिश्रम कर रहा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भगवान विष्णु के छठे अवतार, चिरंजीवी भगवान परशुराम के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण सभा द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मौहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से नगर परिक्रमा के रूप में प्रारंभ हुई।



कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एड., पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, सर्व ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पाराशर, बिजनौर से आए संपादक डा. पंकज भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रोहित गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष शरद चंद्र, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शुचि शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष नीमा शर्मा सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर उत्सव की शुरुआत को और भी भव्य बनाया गया।

श्री ब्राह्मण सभा धामपुर के नगर अध्यक्ष इंजी.अनिल शर्मा, महासचिव नवचेतन शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र शर्मा बबलू सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का पगड़ी व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इसमें विघ्नहर्ता गणपति महाराज, भगवान शिव, मां लक्ष्मी के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित चंद्रशेखर आजाद, मंगल पांडे, राम प्रसाद बिस्मिल, पंडित मदन मोहन मालवीय एवं बाल गंगाधर तिलक की झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं।

जागरण पार्टी के कलाकारों विकास प्रजापति, छोटू कश्यप, चेतन सैनी आदि ने भजन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बैंड की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा के अंतिम चरण में सुसज्जित रथ पर भगवान परशुराम की प्रतिमा विराजमान रही, जिसके साथ संस्था के पदाधिकारी चलते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते रहे। इससे पूर्व मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधि-विधान से स्नान, वस्त्र एवं अलंकरण किया गया।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पालकी की आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। पूरे नगर में 'जय परशुराम' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य कराएं: डीएम

## गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव को बालिकाओं का टीकाकरण जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय, सीबीएसई/आईसीएसई विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यो के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



डीएम जसजीत कौर ने जनपद के समस्त सीबीएसई, आईसीएसई अन्य बोर्ड से संचालित विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को Human Papillomavirus (एचपीवी) संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान संचालित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि एचपीवी यह एक सामान्य वायरस है, जो आगे चलकर विशेष रूप से बालिकाओं में गंभीर बीमारियों जैसे Cervical Cancer (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) का कारण बन सकता है। समय पर टीकाकरण से इस खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। एचपीवी टीकाकरण सुरक्षित एवं प्रभावी है और यह भविष्य में होने वाली गंभीर बीमा. रियों से बच्चों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि सबंधित विद्यालय अपने क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से समन्वय स्थापित कर टीकाकरण शिविर आयोजित करें। टीकाकरण के दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहें।

टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक निगरानी में रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों एवं अभिभावकों को एचपीवी और इसके टीके के महत्व के बारे में जागरूक करें। अभिभावकों को द्वारा अपने बच्चों को अभी तक पाठ्यक्रम उपलब्ध ना कराने की शिकायत के दृष्टिगत उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों के लिए जल्द से जल्द पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए अभिभावकों के साथ बैठक का आयोजन करें। सभी संबंधित अभिभावकों को लिखित, मौखिक रूप से भी अवगत कराएं कि वे अपने बच्चों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कोर्स उपलब्ध कराएं जिससे कि उनकी पढ़ाई प्रभावित न होने पाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिक कक्षाओं एवं उच्च कक्षाओं के लिए अलग-अलग एवं उपयुक्त समय-सारिणी निर्धारित की जाए। जिससे कि बाजारों में लगने वाले जाम की समस्या पर अंकुश लग सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए साथ ही पानी की टंकियों/फिल्टर की नियमित सफाई कराई जाए। बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक एवं स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और शौचालयों की नियमित सफाई एवं जल की उपलब्धता बनी रहे। छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से चाइल्ड-फ्रेंडली वॉशरूम भी विकसित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में समुचित एवं समृद्ध पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की व्यवस्था की जाए। छात्रों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाने के लिए नियमित लाइब्रेरी पीरियड संचालित किया जाए।

इस मौके पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, डा. केपी सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एडीआईओ डा.नरेंद्र कौर, अमित कुमार डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, फारूक अजीज डीपीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

## एक नजर

### क्लीनिक से चोरी का आरोपी दबोचा

**नगीना।** क्लीनिक में चोरी की सनसनीखेज वारदात की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाबालिग को हिरासत में लेकर चोरी की गुत्थी सुलझा ली है। घटना कायस्थ सराय निवासी डा. अंकित सैनी के क्लीनिक की है। शुक्रवार सुबह डा. अंकित अपने क्लीनिक पर मौजूद थे। इसी दौरान वह पास में ही एक मरीज का परीक्षण करने के लिए केबिन से बाहर गए थे। लगभग 15 से 20 मिनट बाद जब वह वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मेज के गल्ले का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे लगभग 25 हजार रुपए गायब थे। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध नाबालिग लड़के की संलिप्ता पाई गई। सीसीटीवी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग (बाल अपचारी) को चिन्हित कर हिरासत में ले लिया। पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद, पुलिस ने आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

### 38 केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा आज जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नगीना तहसील के हिंदू इंटर कॉलेज, मुस्तफा म्यूनिसिपल इंटर कॉलेज एवं नगर पालिका नगीना परिसर अयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। श्रीमती वान्या सिंह ने बताया कि आगामी जनगणना कार्यों को शुद्धता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के लिए शासन के मंशानुसार आज जिले की समस्त तहसीलों एवं नगर निकायों में प्रति बेच 50-50 प्रगणकों (Enumerators) एवं पर्यवेक्षकों (Supervisors) कुल 38 प्रशिक्षण शिवरों में गणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसकी सफलता सटीक डेटा पर निर्भर करती है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना की बारीकियों, तकनीकी पहलुओं और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा फीडिंग की प्रक्रिया में दक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी तीन दिनों तक निरंतर जारी रहेगा। इस बार डिजिटल माध्यमों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि डेटा संकलन में त्रुटि की गुंजाइश न रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी जेपी यादव, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स और बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक

**कोतवाली देहात।** नगीना विधान सभा के चारों मंडलों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक विकास खंड के डबाकरा हॉल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनका स्मरण किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो का नारा देने वाले अंबेडकर को कांग्रेस कभी पचा नहीं पाई। संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी का चेयरमैन भी एक विदेशी व्यक्ति आइबर जेनिंग्स को बनाने का निर्णय नेहरू जी ने लिया था। किन्तु बाद में गांधी जी के हस्तक्षेप से बाबा साहब ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन बन सके। बाबा साहब संविधान सभा में न आ सके। इसके लिए कांग्रेस ने 1946 में मुंबई से उन्हें हराने का काम किया। ऐसे कितने उदाहरण है, जो कांग्रेस का बाबा साहब के प्रति घोर विरोध प्रदर्शित करते हैं। गोष्ठी में पूर्व सांसद शीशराम रवि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, रजनी कालरा, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, अजीत अग्रवाल आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मलिक, गौरव पाराशर, चौधरी भूरे सिंह, रोहित रवि, रवि प्रजापति, शिवपाल सिंह, दिनेश त्यागी, आदेश चौहान, संजय सिंह, विनीत चौधरी, रॉबिन चौधरी, नरपाल सैनी, सतीश त्यागी, शिवा प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित शिव स्वरूप सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमान भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। 'भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली' यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट करके सजाया सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में शिव स्वरूप सिंह, अर्चना, प्रांजल सिंह चौहान, रघुवीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, डा. शिवराम सिंह, चंद्रकांता, सत्यवती देवी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डा.दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, संदीप भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा, सर्वेश गोस्वामी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### पेड़ पर दो गुलदार देख होश उड़े

**चंदक।** खेत में पेड़ पर एक साथ दो गुलदारों को बैठा देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। समीपवर्ती ग्राम किशनपुर व बहादुरपुर के बीच किसान विनीत के खेत में एक पेड़ पर ग्रामीणों ने एक साथ दो गुलदार बैठे देखे। खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख गुलदार पेड़ से कूद कर जंगल तरफ भाग गए। एक साथ दो गुलदार दिखाई देने से ग्रामीण व किसान दहशत में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पिंजरा लगाकर गुलदारों को पकड़ने की मांग की है।

### भाजपा सरकार की योजनाएं बताई

**कोतवाली देहात।** भाजपा की एक बैठक ग्राम गारबपुर में बिट्टू चौधरी के आवास पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार में हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। किसान, मजदूर, व्यापारी सभी के लिए सरकार द्वारा जनहित में योजनाएं चलाई जा रही है। भाजपा शासन में महिलाएं सुरक्षित हैं। आज किसी भी रास्ते से लोग बेखौफ निकल सकते हैं। बैठक में नरेश प्रधान, राजीव सिंह, सुक्खे सिंह, मानसिंह, देवेंद्र सिंह, रिंकू चौधरी, गौरव, विजेंद्र सिंह, विजय आचार्य, रवि प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# विकास के संकल्प को पूरा कर रही भाजपा : जसवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक व्यक्ति के विकास का संकल्प को पूरा कर रही है।

राज्यमंत्री जसवंत सैनी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने गांव शेरपुर के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने व हेतु नव-निर्मित पानी की टंकी का जलार्पण किया। साथ ही क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण का विधिवत भूमि पूजन व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन के अंतर्गत, गांव के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने हेतु नव-निर्मित पानी की टंकी का फीता काटकर जलार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत में नव-निर्मित अंत्येष्टि स्थल एवं अन्य विकास कार्यों का भी लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया गया। राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए विकास, स्वच्छता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को साझा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रत्येक व्यक्ति के विकास के संकल्प को पूरा कर रही है। ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि गीता रानी व विजयपाल सिंह ने कहा कि ब्लॉक स्तर लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा, प्रमोद कौशिक, दीपक सैनी, ग्राम प्रधान मिथिलेश सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कूड़े में लगी आग

**गंगोह।** मोहल्ला गुलाम औलिया स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पास एक तालाब के कूडे कर्कट में शनिवार रात लगी भीषण आग से निकलने वाली आग की लपटों और धुएं को देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

मौके से गुजर रहे शहजाद मलिक ने तुरंत डायल 112 पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाडी ने घटनास्थल पर पहुंच आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि तालाब की आग से निकला धुआं मंदिर की दीवारों तक पहुंच रहा था। मौके पर मौजूद कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस और फायर टीम ने संयुक्त रूप से स्थिति को संभालकर एक बड़े हादसे को टाल दिया।

# आज के युग में कम्प्यूटर प्रशिक्षण जरूरीः सुमित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन ने कहा कि आज के समय में कम्प्यूटर विभिन्न कार्यों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है इसलिए कम्प्यूटर का प्रशिक्षण जरूरी है।

मॉडल गाँव चकवाली पहुँचे मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन व जिला पंचायत राज अधिकारीप्रदीप द्विवेदी ने नवनिर्मित पुस्तकालय व भगवानपुर के राइफलमैन शहीद जयद्रथ राणा के नाम से बने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया।दोनों अधिकारियों ने गाँव चकवाली में ग्राम संसद भवन की छत के ऊपर कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया। मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन ने कहा कि आज के समय में कम्प्यूटर विभिन्न कार्यों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सभी के लिए कम्प्यूटर का प्रशिक्षण जरूरी हो गया है। कम्प्यूटर की जानकारी से काफी लाभ होगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप द्विवेदी ने विकास कार्यों की सराहना की।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नकुल चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत चकवाली में बनने वाला कम्प्यूटर प्रशिक्षण केंद्र जनपद का पहला प्रशिक्षण केंद्र होगा।

इस प्रशिक्षण केंद्र से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा और वे अधिक सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

# एक मई से आरम्भ होगा गन्ना सर्वेक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गन्ना उत्पादन के सही आंकलन के लिये सर्वे कार्य में शुद्धता, पारदर्शिता और गन्ना किसानों की समस्याओं के निस्तारण एवं गन्ना सर्वेक्षण मैट्रिक प्रणाली पर आधारित होगा और शत-प्रतिशत सर्वेक्षण जी.पी. एस. युक्त हैंड हेल्ड कम्प्यूटर व एंड्रॉयड बेस्ड मशीन से किया जायेगा।

गन्ना आयुक्त ने बताया कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य 1 मई से आरम्भ कर 30 जून तक किया जायेगा पूर्ण। गन्ना किसानों द्वारा बोये गये गन्ना क्षेत्रफल के सम्बन्ध में वेबसाइट के माध्यम से कृषकों के घोषणा-पत्र उपलब्ध होंगे, सम्बन्धित किसानों को अपना घोषणा-पत्र ऑनलाईन स्वयं भरना होगा। सर्वे नीति में पारदर्शिता के दृष्टिगत सर्वे टीम खेत पर पहुंचने से पूर्व इसकी सूचना संबंधित टीम द्वारा एस.एम. एस. के माध्यम से 03 दिन पूर्व किसानों को दी जायेगी।गन्ना सर्वेक्षण संयुक्त टीम के माध्यम से कराया जायेगा, इस टीम में राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, चीनी मिल कार्मिक तथा सम्बन्धित किसान की उपस्थिति होगी अनिवार्य। गन्ना सर्वेक्षण में जी.पी. एस. का प्रयोग करते समय प्रथम पेड़ी, द्वितीय पेड़ी एवं तृतीय पेड़ी का सत्यापन कम्प्यूटरीकृत केन सर्वे रजिस्टर में होगा दर्ज। मानसून गन्ना बुवाई / शरदकालीन गन्ना बुवाई / बसन्तकालीन गन्ना बुवाई वाले खेतों/ड्रिप इरीगेशन वाले खेतों एवं सहफसली खेती को आदर्श मॉडल प्लाट के अन्तर्गत चयनित उत्तम कृषकों का नाम में होगा दर्ज।

प्रथमवार ट्रेंच तथा जोड़ीदार पंक्ति विधि से की गयी गन्ना बुवाई का विवरण दर्ज किया जायेगा ताकि यांत्रिक गन्ना कटाई हेतु विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध हो सके। उपज बढ़ोत्तरी के लिए गन्ना सर्वेक्षण से लेकर 30 सितम्बर तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे, और इस हेतु अनुसूचित जाति व जनजाति के कृषकों, लघु कृषकों एवं अन्य कृषकों से क्रमशः रू.10, रू.100 एवं रू. 200 प्रति कृषक शुल्क जमा कराया जायेगा।

# युवाओं को संस्कारवान बनाएंः स्वामी आदित्यवेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** ग्राम नगली मेहनाज स्थित आर्य समाज में वैदिक सत्संग एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से पधारे सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी आदित्यवेश एवं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मधुर प्रकाश उपस्थित रहे।

स्वामी आदित्यवेश ने कहा कि संस्कारवान युवा ही राष्ट्र को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकते हैं और युवाओं को अनुशासन, संयम एवं राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। डॉ. मधुर प्रकाश ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ हमें दान, देव पूजा एवं संगतिकरण की शिक्षा देता है । जो समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। चौधरी विपिन आर्य ने घोषणा की कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर गांव में चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बच्चों और युवाओं को नैतिक शिक्षा एवं वैदिक संस्कार प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम में विपिन आर्य, अमरीश आर्य एवं प्रभात आर्य ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आर्य समाज की गति. विधियों को समाज हित में अत्यंत उपयोगी बताया। इसके पश्चात पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें दैनिक शाखा में नियमित रूप से आने वाले युवकों को खेल की ड्रेस देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रवीन आर्य, मुकेश आर्य, प्रधान अजब सिंह आर्य, राजबीर आर्य, ईश्वर आर्य, अमरीश आर्य, देवव्रत आर्य, महीपाल आर्य, जनकवीर आर्य, नीटू आर्य, प्रभात आर्य, अनंत आर्य, तेजस आर्य, सानिध्य आर्य, उदय आर्य, वीर आर्य, आदि आर्य, गोरांश आर्य, परमजीत आर्य, आकाश आर्य, अथर्व आर्य, वासू आर्य, आरिस आर्य, अर्श आर्य, अशं आर्य एवं अनिक आर्य प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पहाड़पुर में परशुराम जंयती मनाई

**नागल।** भारतीय ब्राह्मण समाज के पूर्व जिलामंत्री अशोक शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने न केवल ब्राह्मणों के लिए बल्कि उन सभी के लिए फरसा उठाया है जिसके खिलाफ जुल्म हुआ है । इसलिए प्राचीन काल से अत्यचार के खिलाफ ब्राह्मण कभी नही झुका है।

रविवार को ग्राम पहाडपुर में भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगों को एकजूट होकर पापाचारी व समाज को बांटने वाले लोगों के विरुद्ध डटकर सामने आना चाहिए । इससे पहले भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कुलदीप शर्मा,प्रमोद शर्मा, विभोर शर्मा, सुशील शर्मा, नकुल त्यागी, संजय पांडे आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम में प्रदीप धीमान, प्रशांत शंकर शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, विपिन शर्मा, हरिओम शर्मा, हर्षित शर्मा, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

> ■ भगवान परशुराम ने अत्याचार क खिलाफ उठाया फरसा: अशोक

# संस्था ने वरिष्ठ नागरिकों को सक्षम बनायाः अरोडा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी की महानगर इकाई द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित होने तथा संस्थापक केएल अरोडा को राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर मनोनित होने पर आयोजित सम्मान समारोह में उनका सम्मान किया गया।

समारोह का आयोजन नेहरू मार्केट स्थित स्वामी विवेकानंद भवन, राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया। मुख्य अतिथि योग गुरू पद्म्श्री भारत भूषण ने कहा कि आज वरिष्ठ नागरिक सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी के नाम के अनुरूप सबके वैलफेयर की सोच रहे हैं तथा सबके लिये जी रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष केएल अरोड़ा ने कहा कि इस संस्था के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को ऐसे सक्षम बनाया गया है, जो स्वंय दूसरों के लिये कार्य कर रहे हैं आज का कार्यक्रम भी इनके द्वारा स्वंय किया गया है। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष केएल अरोडा के प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के. एल. अरोडा द्वारा अपने साथ राष्ट्रीय महासचिव के रूप में संदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष के रूप में देहरादून से अतुल चुघ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिल्ली से भारत भूषण अल्हाबादी, उपाध्यक्ष अतुल जोशी, गोकरण दत्त शर्मा, हरिद्वार से जगदीश पाहवा, यशपाल मलिक, बिहार से प्रिंस कुमार तथा राष्ट्रीय सचिव के रूप में शिव कुमार गौड़, पंजाब से मुख्तियार सिंह, देहरादून से के. के. ओबेरॉय, ठाकुर सूर्यकांत सिंह, महेश नारंग, लेखा परिक्षक के पद पर मुकेश कुमार गोयल, आर. के. जैन व डा. एसके अग्रवाल सलाहकार व अन्य सदस्यों की घोषणा की तथा सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, सहारनपुर महानगर अध्यक्ष अजय अत्री, महासचिव अरूण सूरी, कोषाध्यक्ष अरूण प्रकाश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक आरपी शर्मा, यशपाल मलिक, बलराम अहल. ूवालिया, वाईके गुप्ता, राकेश जैन, कालीचरण वर्मा, लाखन गुप्ता, उषा गुप्ता, सुमन बाला गुप्ता, मूलचंद आनंद, रमेश चंद सैनी, शिव राम शर्मा, अनुपमा महाजन, सुपनीत सिंह, कुलदीप धमीजा, रंजन गुप्ता, रविन्द्र मिगलानी, राजीव गुप्ता, राजकुमार शर्मा, डा. मोहन लाल, बृजमोहन सिंघल, प्रेम प्रकाश शर्मा, कैप्टन टीएस चन्नी, हरीश आहूजा, सीपी छाबडा, एनएम जोशी, एनके गाबा, शुषमा रामपाल, नीरू सिंह, शिव राम शर्मा, रमेश चंद शर्मा, आरवएसव माथुर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## पोस्टर पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** रामबाग चौराहे पर प्राचीन शिव मंदिर के समीप लगाए गए एक आपत्तिजनक विज्ञापन पोस्टर को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। धार्मिक स्थल और स्कूलों के पास इस तरह के पोस्टर लगाए जाने को लोगों ने सामाजिक मर्यादा और सांस्कृतिक मूल्यों के खिलाफ बताया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर मंदिर परिसर आस्था और श्रद्धा का केंद्र है, वहीं उसके पास इस तरह के पोस्टर लगाना उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। रामबाग चौराहे के आसपास कई विद्यालय संचालित हैं, जहां रोजाना बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं आते हैं।

# उधारी की रकम मांगने पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित ने उधारी की रकम मांगने पर विपक्षियों द्वारा धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम नाल्हेड़ा निवासी विक्की पुत्र हेम. राज ने थाना पर तहरीर देते हुए बताया है कि वह पंजाब में लकड़ी कटाई के काम में ठेकेदारी का काम करता है। बीती शुक्रवार को जब वह क्षेत्र के गांव चोरीमंडी में मजदूरी पर ले जाने के लिए लेबर मजदूर इकट्ठा कर रहा था। तभी पीड़ित को सुमित पुत्र राजपाल निवासी ग्राम दुमझेडा मिला जो कि पहले पीड़ित की लेबर में काम करता था। आरोप है कि सुमित पर पीड़ित के पन्द्रह हजार रुपये उधारी के निकलते हैं।

इस दौरान पीड़ित ने सुमित से अपने उधारी के रूपये मांग लिए। जिससे बोखलाकर सुमित के साथ आये तनवीर पुत्र कुर्बान व असद पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम दुमझेडा ने पीड़ित के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। यदि पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने अपनी गाड़ी से धारदार हथियार निकालकर पीड़ित पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया।

हमले में पीड़ित के सिर और बाजू पर गहरे घाव बन गये तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गंभीर चोटें आयी। पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर आस पास के लोगों ने उसे बामुश्किल बचाया।

वहीं पुलिस ने घायल अवस्था मे थाना पहुंचे पीड़ित को मेडिकल जांच के लिए भिजवाया। जिसके बाद पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना चिलकाना पुलिस ने उपरोक्त दोनो आरोपियों तनवीर तथा असद के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

## तीन नए सदस्य शामिल

**गंगोह।** दृष्टि एक प्रयास संस्था द्वारा साधारण सभा का आयोजन का आयोजन किया गया। सभा तीन नए सदस्यों का संस्था में शामिल किया।

सभा का शुभारंभ अतिथि पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्ष अमित गर्ग ने बताया कि अभी तक 46 नेत्रदान कराए गए हैं, 92 नेत्रहीनों को खोई हुई रोशनी प्राप्त हुई। लगभग 700 नेत्रदान संकल्प पत्र भरे जा चुके हैं। जनजागरण हेतु नेत्रदान संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे। विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों के बीच जागृति अभियान शुरू किया जाएगा। सभा में मोतियाबिंद के मरीजों के लिए नेत्र शल्य शिविर लगवाए जाने पर भी विचार किया गया। मृतक शरीर हेतु डीप फ्रिजर प्रभारी अरविन्द टेबक ने जानकारी दी कि नगर में ये सेवा निरन्तर जारी है। अतिथि ने संस्था के नेत्रदान कार्य की प्रशंसा की व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी नेत्रदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर संस्था में तीन नए सदस्यों डॉ महेश गर्ग, डॉ वीणा सैनी, पंकज राजपूत का स्वागत किया गया।

# गौतमबुद्धनगर को हरा सहारनपुर बना चैम्पियन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर महिला क्रिकेट टीम ने चैंपियन वुमेन चैलेंज ट्रॉफी के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए गौतम बुद्ध नगर को 59 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

सोना स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर खेले गए मुकाबले में सहारनपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 186 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से भुवी ने 50 रन, कल्पना ने 41, निधि ने 35 और वंशिका सैनी ने 14 रन बनाए। गौतम बुद्ध नगर की ओर से कनिका और तन्वी ने 2-2 विकेट लिए, जबकि नमिता सिंह को एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गौतम बुद्ध नगर की टीम सहारनपुर की सधी हुई गेंदबाजी के सामने 127 रन पर सिमट गई। शिखा सहलोत ने 38 और शीतल ने 29 रन बनाए, जबकि कनिका ने 19, नलनी ने 16 और तन्वी ने 14 रन का योगदान दिया। सहारनपुर की ओर से निधि ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट लिए, जबकि नव्या और आस्था ने 2-2 विकेट हासिल किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निधि को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में एसडीसीए के सचिव लतीफ उर रहमान, ऋषभ गुप्ता, परविंदर सिंह, महेश शर्मा, अर्जुन चौहान, फुरकान कुरैशी, शिव कुमार राणा, गौरव चौहान, आमिर कुरैशी, विक्की, साजिद उमर, फैयाज, राहुल खान, अब्दुल अहद और पाली कालरा सहित अन्य मौजूद रहे।

# झाड़-फूंक के बहाने दुष्कर्म के दो आरोपी दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने महिला के साथ झाड़ फूंक के बहाने दुष्कर्म करने वाले दो शातिर आरोपियों को मात्र 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है इस तेज कार्रवाई से इलाके में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस की सख्ती और तत्परता का संदेश गया है

18 अप्रैल को पीड़िता थाना फतेहपुर पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई कि मस्जिद का मौलवी मोहम्मद जुनैद और नदीम ने उसे पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश किया। इसके बाद मौलवी जुनैद ने उसके साथ दुष्कर्म किया जबकि नदीम ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी इस पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 154/2026 दर्ज किया गया, जिसमें धारा 64(1) 123, 61(2), 115(2), 351(3) बीएनएस लगाई गई और बाद में विवेचना के दौरान धारा 352/3(5) बीएनएस भी बढ़ा दी गई। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को बडूली तिराहा थाना नागल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी हैं मौलवी मो. जुनैद पुत्र जमील निवासी बेलडा जुनादार थाना नागल और नदीम पुत्र शकील निवासी ग्राम जीवाला थाना फतेहपुर गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा, उपनि. रीक्षक विजयपाल सिंह हेड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद और हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार शामिल रहे पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। थाना फतेहपुर प्रभारी विनय शर्मा ने साफ संदेश दिया है कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को तत्काल सख्त सजा दिलाई जाएगी।

## यज्ञ का आयोजन

**गंगोह।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर युवा ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिव चौक स्थित पंचायती रामलीला भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ से किया गया। यज्ञ के यजमान राज. ेश वत्स व पुरोहित अनिल शर्मा ने संपन्न कराया। इसके बाद गोष्ठी में वक्ताओं ने समाज में एकता, उच्च शिक्षा के प्रसार और राजनी. तिक पहचान को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने समाज की युवा शक्ति को संगठित कर सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव को गरिमामय ढंग से मनाने पर चर्चा की गई।

# लायंस क्लब अध्यक्ष बने दिशु नामदेव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल की बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष दिशु नामदेव, सचिव पंकज राजपूत, कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल को चुना गया। इस अवसर पर घोषणा के बाद बने पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया गया।

पेंठ बाजार स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में चुनाव अधिकारी अतुल मित्तल ने सर्व सम्मति से हुए चुनाव की जानकारी दी। वरिष्ठ लायन अरविंद कपूर ने बैठक की विधिवत शुरूआत की। उन्होने लायन साथियों को बधाई देते हुए कहा कि वह सेवा भाव से कार्य करते रहे तभी संस्था का मिशन आगे बढ़ेगा। अगले वर्ष के लिए चुने गए बोर्ड को भी उन्होने शुभकामना देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वा. सन दिया। बैठक में अगले एक वर्ष के लिए बोर्ड गठन की घोषणा कर दी गई। अगले वर्ष के लिए दिशु नामदेव अध्यक्ष, पंकज राजपूत सचिव, मुकेश गोयल कोषाध्यक्ष, अतिन गोयल को प्रथम उपाध्यक्ष, अशोक ठकराल द्वितीय उपाध्यक्ष आदि को भी शामिल किया गया है। प्रशासक रविशंकर गर्ग, समन्वयक मार्केटिंग अरविंद टेबक के अलावा राकेश गर्ग, रघुनन्दन गोयल, प्रदीप तायल, सुभाष सैनी, सुशील ऐरन, राजेश गर्ग, दीपक बंसल आदि मौजूद रहे। घोषणा के बाद बने पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया गया।

# सहारनपुर से दुबई कनेक्शन, हड़कम्प

## अवैध खनन के सिंडीकेट का खुलासा- पुलिस की रडार पर सफेदपोश नेता और मीडिया से जुड़े लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेहट इलाके में हाल ही में हुई पुलिस की छापेमारी ने जिले के गलियारों में खलबली और सहारनपुर का दुबई कनेक्शन मिलने से हडकंप मचा है। इस कार्रवाई के बाद से सहारनपुर के कई कथित पत्रकार पुलिस के डर से अंडरग्राउंड हो गए हैं। सूत्रों की मानें तो साइबर सेल की रडार पर अब कई पत्रकारों के मोबाइल और उनका डेटा है, जिससे बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि आरोपी सुरेंद्र का बेटा प्रिंस, जो कि अवैध खनन सिंडिकेट का एक मुख्य हिस्सा बताया जा रहा है, जानकारी के मुताबिक प्रिंस अब तक तीन बार दुबई की यात्रा कर चुका है। पुलिस ने उसके पास से हवाई टिकट भी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि दुबई में मुलाकात के बाद प्रिंस सहारनपुर में अवैध खनन का पूरा सिंडिकेट ऑपरेट कर रहा था। इस सिंडिकेट के तार केवल अपराधियों तक ही सीमित नहीं हैं। जांच में सामने आया है कि इस काले कारोबार में कई सफेदपोश नेता और पूर्व जनप्रति. निधि भी शामिल हैं। कई लोगों के पुख्ता सुबूत भी ईश्वरपाल व सुरेंद्र के फोन से साइबर सेल पुलिस को मिले है जो इनसे लगातार बात करके कारोबारियों को डराने का काम करते थे। पुलिस को ऐसे कई तथ्य मिले हैं।

आखिर वो कौन से पत्रकार हैं जो खबर दिखाने के बजाय खनन माफिया के सिंडिकेट का हिस्सा बन गए? साइबर सेल उनके कॉल रिकॉर्ड और चैट खंगाल रही है। वह सफेदपोश नेता कौन है जो सत्ता या पार्टी की आड़ में रहकर इस अवैध धंधे को लाभ पहुँचा रहा था? माना जा रहा है कि पकड़े गए सदस्यों से पूछताछ में कई बड़े चेहरों से नकाब उतर सकता है। पुलिस और प्रशासन की इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि खनन माफिया का नेटवर्क कितना गहरा है।

### 30 लाख की रंगदारी की रकम व दस्तावेज बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह के निर्देशन में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गैंग के कब्जे से 30,00,000 रुपये की रंगदारी की रकम व महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए।

पुलिस अधीक्षक देहात मयंक पाठक ने प्रेसवार्ता कर खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि जांचोपरांत कुछ और लोगो पर कार्यवाही भी कार्यवाही होगी। अभियुक्त खनन व्यापारी और पेट्रोल पंप मालिकों को डरा-धमकाकर जबरन वसूली कर रहे थे और साझेदारी के नाम पर दबाव बना रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया के जरिए भी धमकी देकर अपना खौफ कायम करते थे। घटना के संबंध में थाना बेहट पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू की गई थी एसएसपी अभिनन्दन सिंह के कुशल नेतृत्व और सटीक रणनीति के चलते प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दीक्षित बेहट की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ अन्य आपराधिक गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। इस बड़ी कार्यवाही से क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले गैंग का नेटवर्क पूरी तरह ध्वस्त हो गया है।

# चौधरी साहब की मूर्ति का अनावरण करेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंतः चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि 2 मई को गुरुकुल नारसन के हरजौली गांव में राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी जनसभा को संबोधित करेंगे और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की मूर्ति का अनावरण करेंगे।

त्रिलोक त्यागी उबैदुर्रहमान के कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय लो. कदल मजबूत संगठन खड़ा करेगा और पार्टी को ताकत दी जाएगी। उत्तराखंड राष्ट्रीय लोकदल का पहले से परिवार रहा है बीच में हम थोड़ा ध्यान नहीं दे पाए। लेकिन अब हम सब मिलकर उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल को बहुत बड़ी ताकत बनाने जा रहे हैं। 2027 में उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल मजबूती से चुनाव लड़ेगा। राष्ट्रीय लोकदल के उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि उत्तराखंड में 2 मई को अपने नेता जयंत चौधरी के आगमन पर जबरदस्त स्वागत करने की तैयारी में जुट जाओ। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत एवं वरिष्ठ नेता उबैदुर्रहमान ने कहा कि 2 मई को जयंत चौधरी की जनसभा को एतिहासिक बनाया जाएगा।

कार्यक्रम को कृष्णपाल राठी, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत चौधरी, राजदीप ढाका, देवपाल राठी, विनय प्रधान, जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी, उदयवीर चाहर, मोरध्वज चौधरी, अशोक चौधरी, शैलेंद्र सिंह, सुधीर कुमार आदि ने संबोधित किया।

# यज्ञ ही साक्षात नारायण हैः आचार्य अमित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आचार्य अमित ने कहा कि यज्ञ ही साक्षात नारायण है।



आर्यन सिटी मल्हीपुर रोड स्थित कॉलोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में यज्ञाचार्य आचार्य पंडित अमित भारद्वाज ने मंत्रोच्चार कर अरणीमंथन के द्वारा अग्नि का प्राकट्य किया गया। आज प्रात: काल से ही 18 महापुराण के वैदिक विद्वानों ने 18 पुराने का पाठ किया। प्रात: काल यज्ञशाला में यजमानों ने मंडप पूजन किया और चारों वेदों का पाठ किया गया। आचार्य अरुण चंद्र शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ की महिमा अनादि काल से है इस महायज्ञ में बक्सर बिहार से पधारे श्री श्री 1008 गंगा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण त्रिदंडी स्वामी महाराज द्वारा भक्ति ज्ञान, वैराग्य और भीष्म संवाद का वृतांत सुनाया गया।

इस अवसर पर रविंद्र कुमार, केपी सिंह, सोनू पवार, हेमंत भारद्वाज, अजय कुमार सिंह, अभिषेक राणा, अंकुश राणा, अभिनव गुप्ता, राजीव सैनी, मुकेश शर्मा, बुद्धि रंजन शर्मा, राजपाल सिंह, हरिशंकर शर्मा ,वीरेंद्र चौधरी, रकम सिंह ,नितिन कुमार, शौर्य त्यागी ,पुष्पा सिंह आदि भक्तों ने पूजन किया।

# मृतक धूम के परिजनों से मिले विधायक आशु मलिक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के देहात विधायक आशु मलिक ने ऑन डयूटी शिक्षामित्र मृत धूम सिंह के परिजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं जताई और केन्द्र व राज्य सरकार से 50-50 लाख रूपये मुआवजे की मांग की।



गौरतलब है कि 14 अप्रैल को दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे के उदघाटन हेतु आयोजित रैली में बीएलओ शिक्षमित्र धूम सिंह ऑन डयूटी हृदयगति रूकने से मौत हो गयी थी। आज आशु मलिक मृतक धूम सिंह के गांव सूबरी मेहराब पहुंचे और उसके परिजनों से मुलाक. ात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होने घटना को दुखद बताते हुए केन्द्र व राज्य सरकार से धूम सिंह के परिजनों को 50-50 लाख रूपये का मुआवजा देने की मांग की।

## गन्ने के रस का वितरण

**गंगोह।** अक्षय तृतीया पर्व और जैन धर्म के प्रथम तीर्थाकंर ऋषभ देव महाराज के प्रथम पारणा दिवस के उपलक्ष्य में स्टाल लगाकर निशुल्क ईशु गन्ना रस वितरण किया गया।

शिविर में सैकडों लोगों ने गन्ना रस पीने का कार्य किया। गर्मी के मौसम में गन्ना रस पीकर लोग आयोजकों को बधाई देते नजर आयें। शुभारम्भ मनोज जैन, एसआर सैनी और सभासद शालू चौधरी ने दीप प्रज्जवलन और फीता काटकर किया।

## सुरक्षा की गुहार

**गंगोह।** जेहरा गांव की एक महिला ने ससुराल पक्ष पर घर में घुसकर चोरी करने, तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर पुलिस में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

कविता देवी ने तहरीर में कहा है कि वह 17 अप्रैल को कचहरी से लौटकर शाम के समय घर पहुंची तो उसके गेट का ताला बंद था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए ससुराल पक्ष के कई लोग छत के रास्ते घर में घुस आए और सोने-चांदी के जेवर, कपड़े, इन्वर्टर, सिलाई मशीन, गैस चूल्हा समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए और घर में तोड़फोड़ भी की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# लिटिल एंजेल्स स्कूल का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद फजलुर्रहमान, हाजी नूर आलम व इमरान सैफी ने लिटिल एंजेल्स पब्लिक स्कूल का फीता काटकर शुभारंभ किया।

स्कूल के उद्घाटन के बाद पार्षदो ने परिसर का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। हाजी नूर आलम ने शिक्षा को भविष्य की कुंजी बताया। पार्षद फजलुर्रहमान ने कहा कि बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजना प्रत्येक परिवार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चे अपने परिवार, अपने शहर अपने वार्ड अपने समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। पार्षद हाजी इमरान सैफी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कमी न आने दें। प्रिंसिपल सायरा हसन एडवोकेट ने बताया कि संस्थान में बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की व्यवस्था की गई है, और साथ ही स्कूल में नि:शुल्क एडमिशन के साथ बहुत कम फीस में बच्चों की शिक्षा को घर-घर पहुंचाना ही इनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यहां प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को अनुशासन के साथ पढ़ाई कराएंगे। साथ ही खेल और सह-शैक्षिक गति. विधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# कार्यकर्ता संगठन मजबूत करेंः दयाराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दयाराम भार्गव ने पदाधिकारियों से संवाद कर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिये।



दयाराम भार्गव आज लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ पश्चिमांचल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यक्रमों,नीतियों को जन जन पहुंचाना है, क्योंकि केवल यही पार्टी है जो अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़ों और समाज में निम्न स्तर का जीवन व्यतीत करने वाले लोगों के विकास और उत्थान की बात करती है। उन्होंने आगे कहा कि अभी तक समाज वादी पार्टी और कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को एनडीए से डराने, ठगने व धमकाने का ही काम किया है। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष हाफिज गुफरान अली ने कहा कि प्रदेश में कई बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनी, लेकिन सपा ने अल्पसंख्यकों के विकास और उत्थान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। केवल बहला फुसलाकर वोट लेने का काम किया। चार बार सरकार बनाने के बाद भी वक्फ बोर्ड से सम्बन्धित 1993 के सुप्रीम कोर्ट के आर्डर को वक्फ बोर्ड से मस्जिदों के इमामों को वक्फ बोर्ड से तनख्वाह दी जाए लागू नहीं कर पाए। बैठक में प्रदेश सचिव कुदुस कुरैशी, जिलाध्यक्ष डॉ. रईस कमाल, कुदूस अहमद, कारी गयासुद्दीन, हकीम शोएब रहमानी ने भी अपने विचार रखे। बैठक में मुश्ताक मंसूरी, मोहम्मद रिजवान, खलील सागर, नौशाद अहमद, समीर मलिक, फराह अंसारी, अफजाल अमीर आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया निर्वाण दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ स्वामी तुरीयानन्द सत्संग सेवा आश्रम आज आद्य सतगुरू श्रीश्री 1008 स्वामी तुरीयानन्द महाराज का 55वां निर्वाण दिवस महोत्सव, अक्षय तृतीया सम्वत 2083 के उपलक्ष में आश्रम प्रागंण में गद्दीनशीन श्रीश्री 1008 स्वामी विवेकानन्द गिरि महाराज के सानिध्य में बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। प्रात:काल पं. दीपक अग्निहोत्री द्वारा हवन यज्ञ किया गया।



मण्डी समिति रोड, कृष्णा नगर में आयोजित सत्संग में स्वामी विवेकानन्द गिरि महाराज ने दूर दराज व अन्य प्रांतों से आयी साध-संगत पर अपनी अमृत वर्षा करते हुए उद्धव एवं श्री प्रसंग का वर्णन सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबो दिया। इसके अलावा उन्होंने द्रोपदी प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने बताया कि द्रोपदी के पुकारने पर ही भगवान श्री कृष्ण चीर-हरण समय पर गए, पहले क्यों नहीं? जिसमें उन्होंने बताया कि जब द्रोपदी को दुशासन उसको निर्वस्त्र करने लगा जब उसने स्वयं पर निर्भरता छोड़कर हरि-हरि, अभयम कृष्णा, अभयम कृष्णा की गुहार लगायी तब मुझे उसके शील की रक्षा का अवसर मिला, जैसे ही मुझे पुक. ारा, मैं अविलम्ब पहुंच गया अब इस स्थिति में मेरा दोष क्या है। इस अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें साध-संगत व दूसरे प्रांतों से आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के प्रधान ओम प्रकाश अरोडा, उप प्रधान महेन्द्र पाल ढल्ल, महासचिव प्रवीण वधावन, कोषाध्यक्ष अमित वत्ता, संयुक्त सचिव सुभाष चन्द मल्होत्रा, सुदर्शन बजाज आदि मौजूद रहे।

## आत्मरक्षा के सिखाए गुर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्पोर्ट्स स्टेडियममें प्रवीन कुमार, सहायक प्रशिक्षक के निर्देशन में महिला खिलाड़ियों को महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढाई।

अभियान में समाज के सभी वर्गो की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के अर्न्तगत खेल विभाग द्वारा महिलाओं की आत्मरक्षा हेतु जूडो खेल में प्रशिक्षक रूपेश कुमार द्वारा महिला खिलाडियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये एवं ताईक्वांडो की महिला खिलाडियों को ताईक्वांडो प्रशिक्षका प्रियंका चौहान द्वारा महिला खिलाडियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाये गये।

# जनता की परेशानी बने नए मीटरः फरहाद

## कहा- सरकार ने जो सपना दिखाया जमीन पर कहानी अलग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समा. जवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाकर सपना दिखाया गया कि लोगों का बिजली बिल कम हो जाएगा, उन्हें ज्यादा सहुलियत मिलेगी। लेकिन जमीन पर कहानी अलग ही दिखाई पड़ती हैं।



फरहाद आलम गाडा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। बिना सूचना के बिजली कट रही है, रिचार्ज के बाद भी निगेटिव बैलेंस के संदेश आ रहे हैं और भुगतान करने के बावजूद कई दिनों तक बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पा रही है। सहारनपुर जिले में भी हजारों उपभोक्ता इन स्मार्ट मीटरों के आगे बेबस नजर आ रहे हैं। उनका दावा है कि स्मार्ट मीटर की वजह से न सिर्फ बिजली कट रही है बल्कि कुछ मामलों में पहले की तुलना में बिल भी ज्यादा आने लगा है।

स्मार्ट मीटर की इस समस्या को समझने के लिए उपभोक्ताओं से सीधी बात की। कुछ अधिकारियों से भी सवाल-जवाब किए। समझने का प्रयास है कि जमीनी हकीकत क्या है, लोगों की परेशानियां क्या हैं, सिस्टम की खामियां क्या रही हैं।

गाजियाबाद में 24 मार्च को अचानक से हजारों लोगों की बिजली कट गई थी। जांच में पता चला कि स्मार्ट मीटर को बिना बताए ही पोस्टपेड से प्रीपेड कर दिया गया, इस वजह से कई उपभोक्ताओं का बैलेंस निगेटिव में चला गया। हैरानी की बात यह रही कि कई मामलों में कोई मैसेज या रिमाइंडर नहीं मिला, सीधे बिजली काट दी गई।

# चोरी की घटना का खुलासा, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कबजे से चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिए।

मिली जानकारी के अनुसार वांदी कुंवर रजिउज्जमा पुत्र कुंवर जमील हुसैन सादिक निवासी जाकिर नगर नई दिल्ली ने रविवार को थाने में लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी जुबैर पुत्र नामालूम निवासी नामालूम व मौ. समी पुत्र नामालूम निवासी अज्ञात ने उसकी मोटरसाइकिल में रखे कानों के कुंडल चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। थाना मंडी पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी व उपनिरीक्षक जगपाल सिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान दो शातिर आरोपियों जुबैर पुत्र फकरूद्दीन निवासी निकट अरबी मदरसा व मौ0 शमी पुत्र गुलनवाज निवासी टोली कालान लक्खी गेट थाना मंडी को मंडी समिति परिसर से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए कानों के सोने के दो कुंडल बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपियों बीएनएस की धारा-303(2) के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया।

# बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाएंः निम

## संयोजक किशोर भारती व संजय ने बताया जीवन में डा. भीमराव आम्बेडकर के विचारों का महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/रामपुर मनिहारान।** भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों का पालन करने से लक्ष्य पूरे होंगे।

मल्हीपुर स्थित वृंदावन गार्डन में भाजपा द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के उपलक्ष में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने जनसैलाब को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोश के मूल मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारें बाबा साहेब के अंत्योदय व समरसता के सपने को पूरी तरह से धरातल पर साकार कर रही हैं। कार्यक्रम संयोजक किशोर भारती और मंडल अध्यक्ष संजय की देखरेख में संपन्न हुए इस आयोजन में समाज को विकास व राष्ट्रवाद की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया गया। संगोष्ठी में ग्राम मल्हीपुर प्रधान धर्म सिंह, प्रधान महावीर, प्रधान गुलाब, बीरम, प्रधान पंकज, प्रधान ब्रह्मसिंग और सभासद सूरज वाल्मीकि, सभासद अनिल कुमार, कर्ण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पेट्रोल डालकर जलाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव अब्दुल्लाहपुर अहाडी में दो दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसे युवक सोनू पुत्र अनिल के भाई जोनी ने सोनू के दोस्त पर पैट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार को ग्राम अब्दुल्लाहपुर अहाडी निवासी युवक सोनू पुत्र अनिल संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलस गया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पिलखनी में भर्ती कराया गया था। तब तक पुलिस को किसी भी व्यक्ति के द्वारा कोई तहरीर नही दी गई थी। शनिवार को घायल सोनू के भाई जोनी पुत्र अनिल ने थाना पर तहरीर देकर सोनू के दोस्त सौरभ पुत्र जग्गा उर्फ जसवीर द्वारा पैट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप लगाया है। वादी जोनी ने बताया है कि आरोपी सौरभ उसके भाई सोनू को घर से बुलाकर ले गया तथा उसके साथ लात घूसों से मार पिटाई की जिससे सोनू बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद आरोपी ने जान से मारने की नियत से पीड़ित के भाई सोनू के ऊपर पैट्रोल डालकर आग लगा दी। जिसमें उसकी कमर सहित शरीर के कई हिस्से गंभीर रूप से झुलस गये। वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी सौरभ पुत्र जग्गा उर्फ जसवीर के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

# रिंकू ने दिलाई कोलकाता को पहली जीत

### KKR ने RR को 4 विकेट से हराया, रिंकू के नाबाद 53 रन वरुण- कार्तिक को 3-3 विकेट



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने **IPL** 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए राजस्थान रायल्स (आरआर) को 4 विकेट से हरा दिया। ईडन गार्डन्स में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान 20 ओवर में 155/9 ही बना सकी। जवाब में कोलकाता ने 19.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। टीम की जीत में रिंकू सिंह ने नाबाद 53 रन की अहम पारी खेली। राजस्थान की यह लगातार दूसरी हार रही और टीम 8 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि कोलकाता पहली जीत के साथ 9वें नंबर पर पहुंच गई है।

वैभव-यशस्वी के बीच 81 रन की साझेदारी टीम के लिए ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई। वैभव के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 39, शिमरोन हेटमायर ने 15 और रियान पराग ने 12 रन बनाए। पांच बैटर्स सिंगल डीजिट में आउट हुए। सुनील नरेन ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर रन आउट हुए। कोलकाता के लिए वरुण चक्रवर्ती और कार्तिक त्यागी ने 3-3 विकेट झटके। अनुकूल राय ने नाबाद 29 रन बनाए 156 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता के 85 रन पर 6 विकेट गिरा दिए थे। लेकिन रिंकू सिंह (नाबाद 53) और अनुकूल राय (नाबाद 29) ने मैच पलट दिया। कोलकाता के लिए रिंकू और अनुकूल राय के अलावा कैमरन ग्रीन ने 29 और रोवमन पावेल ने 27 रन बनाए। राजस्थान के लिए रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई, नांद्रे बर्गर और यश पुंजा को 1-1 विकेट मिला। यश राज पुंजा ने 13.3 ओवर में अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया। रमनदीप सिंह कवर ड्राइव खेलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन गेंद तेज और बाहर थी, जिससे उनका अंदरूनी किनारा लग गया। गेंद सीधे स्टंप्स पर जा लगी और रामनदीप 13 गेंदों में 10 रन बनाकर बोल्ड हो गए। यह यश पुंजा के लिए एक खास पल रहा, क्योंकि वे आज डेब्यू मैच में अपना पहला आईपीएल विकेट लिया। 10.1 ओवर में जडेजा ने रोवमन पावेल को आउट कर दूसरी सफलता हासिल की। पावेल आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑन के ऊपर बड़ा शाट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद की पिच तक नहीं पहुंच पाए और टाइमिंग बिगड़ गई।

गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर हवा में गई, जहां डेनोवोन फरेरा ने आसान कैच लपक लिया। पावेल 20 गेंदों में 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 6.6 ओवर में रवींद्र जडेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अंगकृष रघुवंशी को एसबीडब्ल्यू कर दिया। रघुवंशी रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे उनके पैड पर लगी, जो ऑफ स्टंप के सामने थी। जडेजा के इस ओवर में सिर्फ 1 रन आया और एक अहम विकेट मिला। रघुवंशी 19 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता के पावरप्ले में 51 रन पर 3 विकेट गिरे। इस दौरान कैमरन ग्रीन, अजिंक्य रहाणे और टिम साइफर्ट आउट हुए। 4.4 ओवर में रवि बिश्नोई ने बड़ा विकेट दिलाया। कैमरन ग्रीन आगे बढ़कर खेलने गए, लेकिन बिश्नोई ने चतुराई से गुगली लेग साइड पर डाल दी, जो और ज्यादा टर्न हो गई। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए बाईं ओर डाइव लगाकर गेंद पकड़ी और एक हाथ से सीधे स्टंप्स पर मार दिया। ग्रीन काफी बाहर रह गए थे और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। ग्रीन 13 गेंदों में 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। बतौर ओपनर सबसे ज्यादा डक के मामले में अजिंक्य रहाणे 12 बार शून्य पर आउट होकर टाप पर पहुंच गए हैं। उनके बाद पार्थिव पटेल (11), शिखर धवन (10), गौतम गंभीर (10) और डेविड वार्नर (9) का नाम आता है। कोलकाता को लगातार दूसरे ओवर में झटका लगा। 1.2 ओवर में नांद्रे बर्गर ने अजिंक्य रहाणे को आउट कर केकेआर को बड़ा झटका दिया। आफ स्टंप के बाहर शार्ट गेंद पर रहाणे कट शाट खेलने गए।

# अनिरुद्ध चंद्रशेखर ने जीता बुसान ओपन टेनिस युगल खिताब

**(दक्षिण कोरिया), वार्ता।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर और उनके जापानी जोड़ीदार ताकेरू युजुकी ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए बुसान ओपन 2026 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट का युगल खिताब जीत लिया। आज यहां खेले गए मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध चंद्रशेखर और ताकेरू युजुकी ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त नीदरलैंड के जीन-जुलियन रोजर और अमेरिका के थियोडोर वाइनगर को 4-6, 6-3, 10-7 से हराया। भारत-जापानी जोड़ी ने तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद पहला सेट गंवा दिया था,

लेकिन दूसरे सेट के आठवें गेम में एक अहम ब्रेक लेकर वापसी की और मैच को सुपर-टाईब्रेकर तक पहुंचाया, जिसे उन्होंने जीत लिया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और ताकेरू युजुकी ने बुसान में युगल ड्रॉ के शुरुआती दो राउंड बिना कोई सेट गंवाए आसानी से पार कर लिएद्ध उन्होंने दक्षिण कोरिया के स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ीदार सुक एन-ग्यून-जून किम और ब्रिटेन की जोड़ी बेन जोन्स-जोशुआ पेरिस को हराया। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने सुपर-टाईब्रेकर में भारतीय जोड़ी ऋत्विक बोलिपल्ली और अर्जुन काधे को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह अनिरुद्ध चंद्रशेखर का इस सीजन का पहला खिताब था और ताकेरू युजुकी के साथ जोड़ी के रूप में उनकी पहली जीत थी।

## खेल विशेष

### नर्बुरग्रिग क्वालिफायर्स में सात कारों की टक्कर में रेसिग ड्राइवर की मौत

**बर्लिन, वार्ता।** जर्मनी में एडीएसी 24 नर्बुरग्रिग क्वालिफायर्स के दौरान सात कारों की टक्कर में रेसिग ड्राइवर जुहा मिएट्टिनेन की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस स्पर्धा में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन भी हिस्सा ले रहे थे। आयोजकों द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, 66 वर्षीय मिएट्टिनेन को गाड़ी से बाहर निकाला गया और मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां उन्हें बचाने की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी मौत हो गई। यह गंभीर हादसा रेस के शुरुआती चरण में हुआ और इसमें सात ड्राइवर शामिल थे। रेस आयोजकों ने एक बयान में कहा, ष्आपातक.ालीन सेवाओं के तुरंत पहुंचने के बावजूद, आपातकालीन चिकित्सक दुर्घटना में शामिल ड्राइवर, जुहा मिएट्टिनेन को नहीं बचा सके, जिन्हें गाड़ी से बाहर निकाला गया था, मेडिकल सेंटर में उन्हें बचाने की तमाम कोशिशें नाकाम रहने के बाद ड्राइवर की मौत हो गई।

### शिवा व शॉटगन शूटर सबीरा हारिस भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

**काहिरा, वार्ता।** काहिरा में जूनियर विश्व कप, जो 27 अप्रैल को समाप्त होगा, 21 साल से कम उम्र के निशानेबाजों के लिए इस साल का पहला जूनियर आईएसएसएफ विश्व कप है। इसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों के मुकाबले शामिल होंगे। इस साल का दूसरा जूनियर विश्व कप सितम्बर में इटली के पोरपेटो में होना तय है, लेकिन वह केवल शॉटगन इवेंट्स के लिए होगा। पिछले साल जर्मनी के सुहल और नई दिल्ली में हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अलग-अलग चरणों में, भारतीय निशानेबाजों ने 37 पदक जीते थे, जिनमें 17 स्वर्ण पदक शामिल थे - यह किसी भी फेडरेशन द्वारा जीते गए सबसे ज्यादा पदक थे। हाल के वर्षों में भारतीय निशानेबाजों ने जूनियर शूटिंग प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर अपना दबदबा बनाए रखा है और इस साल भी वे इसी सिलसिले को जारी रखने की उम्मीद करेंगे। काहिरा टूर्नामेंट में, 71 भारतीय निशानेबाज 18 अलग-अलग स्पर्धाओं में पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। इनमें से 36 निशानेबाज 15 ओलंपिक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे।

### श्रीराम बालाजी व नील ओबरलीट्नर ने जीता युगल खिताब

**लिस्बन (पुर्तगाल), वार्ता।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी के एन-श्रीराम बालाजी और उनके ऑस्ट्रियाई जोड़ीदार नील ओबरलीट्नर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को ओइरास 3 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट 2026 का युगल खिताब जीत लिया। आज यहां तीसरी वरीयता प्राप्त इस भारत-ऑस्ट्रियाई टेनिस जोड़ी ने एक कड़े मुकाबले वाले फाइनल में कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस और उरुग्वे के एरियल बेहार को 6(9)-7(7), 6-4, 11-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फटी, अगले मैच में खेलना मुश्किल



**हैदराबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के बैटिंग कोच माइकल हसी ने उप्पल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 रन की हार के बाद पुष्टि की कि आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फट गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह चोट ष्काफी गंभीर लग रही हैष और नम्बर 3 पर बल्लेबाजी करने वाला यह खिलाड़ी टीम के लिए ष्एक बड़ा नुकसान साबित होगा।

म्हात्रे, जिन्होंने सीएसके के असफल रन चेज में 13 गेंदों पर 20 रन बनाए थे, अच्छी लय में दिख रहे थे और उन्होंने टीम को वह शुरुआती गति प्रदान की जिसकी उन्हें अक्सर कमी खलती थी। हालांकि, कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ बल्लेबाजी करते समय, उन्हें दूसरा रन पूरा करने में काफी दिक्कत हुई और उन्हें अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग को पकड़ते हुए देखा गया। उन्हें मैदान पर ही तुरंत मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। इसके बाद विकेटों के बीच दौड़ते समय वह साफ तौर पर असहज महसूस कर रहे थे और कुछ ही गेंदों बाद आउट हो गएद्ध नीतीश रेड्डी की गेंद पर हेनरिक क्लासेन ने उनका शानदार कैच लपका। पवेलियन लौटते समय, म्हात्रे को रामकृष्ण घोष और फिजियो तैफुन सिमसेक की मदद से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। हसी ने कहा कि जाहिर है, यह हैमस्ट्रिंग का फटना है।

# गुजरात के खिलाफ कई सवालों का जवाब देने उतरेंगे मुम्बई इंडियंस



**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक हाई-प्रेशर वाली आईपीएल रात के लिए तैयार है, जहां फॉर्म, साख और निराशा-सब एक ही फ्रेम में टकराएंगे। कहानी साफ है: क्या मुंबई इंडियंस के सुपरस्टार्स आखिरकार एक साथ जलवा दिखा पाएंगे, या गुजरात टाइटन्स अपना दबदबा बनाए रखेगी, जबकि जसप्रीत बुमराह का विकेटों का सूखा और लंबा खिचता जाएगा?

एक तरफ है गुजरात, एक ऐसी टीम जिसने शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद चुपचाप अपनी रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उन्होंने सीजन की शुरुआत दो हार के साथ की थी, लेकिन अब लगातार तीन जीत के साथ जोरदार वापसी की है, और पॉइंट्स टेबल के ऊपरी हिस्से में जगह बना ली है। शुभमन गिल इस बदलाव का चेहरा रहे हैं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और सही टाइमिंग के साथ बल्लेबाजी की है, जिसमें हाल ही में खेली गई 86 रनों की मैच-विनिग पारी भी शामिल है। उनके साथ, साई सुदर्शन ने भले ही ज्यादा सुर्खियां न बटोरी हों, लेकिन वह टॉप ऑर्डर की संरचना में एक अहम कड़ी बने हुए हैं। फिर आते हैं जोस बटलर, जो ऐसा लग रहा है कि उन्होंने ठीक सही समय पर अपनी पुरानी लय फिर से पा ली है। उनके हाल के स्कोर - 60, 52 और 25 - बताते हैं कि वह एक बार फिर मैच-विनिग मोड में आ रहे हैं। इसमें मध्यक्रम में वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और राहुल तेवतिया को भी जोड़ लें, तो जीटी अचानक सीजन की शुरुआत के मुकाबले ज्यादा मजबूत और गहरी टीम नजर आती है।

# अय्यर को तुरंत भारतीय टी-20 टीम में जगह मिलनी चाहिए: अश्विन



**नई दिल्ली, वार्ता।** चाहे आईपीएल 2025 हो या अब तक का आईपीएल 2026, श्रेयस अय्यर इस समय 'अपने सर्वश्रेष्ठ जोन' में हैं और यह उनकी फॉर्म और पंजाब किंग्स के नतीजों में स्पष्ट दिख रहा है। आर अश्विन ने सुझाव दिया है कि अय्यर को भारत की टी-20 टीम में होना चाहिए, चाहे यह स्पष्ट ना हो कि वह किसकी जगह लेंगे। अश्विन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट कार्यक्रम में कहा कि मैं सिर्फ बनाए गए रनों या छक्कों-चौकों को नहीं देख रहा हूं, बल्कि मैदान पर उनकी मौजूदगी का प्रभाव देख रहा हूं।

जब श्रेयस अय्यर गार्ड मार्क करते हैं, तो लगता है कि वह एक ऐसे जोन में हैं, जो किसी क्रिकेटर के करियर में सिर्फ एक या दो ही साल के लिए आता है और तब ऐसा लगता है कि आप कोई गलती नहीं कर रहे। और यह इसलिए होता है क्योंकि आप जोन में होते हैं। सब कुछ सही चल रहा होता है, मसलन कि आप क्या खा रहे हैं, कब सो रहे हैं, कैसे अभ्यास कर रहे हैं। नेट्स में जो गेंद खेलते हैं, वही मैच में भी आपको मिलती है।ष अय्यर ने अपनी पिछली तीन पारियों में 50, नाबाद 69 और 66 बनाए हैं और इस समय आईपीएल 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 187-96 है। अश्विन ने कहा कि क्रीज पर उनकी मौजूदगी ही गेंदबाजों के लिए कई तरह से डर पैदा कर रही है। खुद को बेहतर बनाने की उनकी भूख शानदार है। मैंने काफी समय तक क्रिकेट खेला है और कई खिलाड़ियों से मिला हूं। बहुत कम खिलाड़ियों में यह इच्छा होती है कि वे अपनी ताकत छोड़कर अपनी कमजोरियों पर काम करें। आपने कई करियर देखे होंगे, जहां खिलाड़ियों ने अपनी कमजोरियों पर बिल्कुल भी काम नहीं किया है। लेकिन अपने कमजोरियों पर काम करने का सफर ही अच्छे से महान बनने का होता है। मुझे लगता है कि श्रेयस ने अच्छे से महान बनने की यात्रा शुरू कर दी है। मैं यह नहीं कह रहा कि वह महान हैं, बल्कि यह एक यात्रा है। कहा जाता था कि वह शॉर्ट बॉल नहीं खेल सकते। उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं टेस्ट मैच में पुल खेलकर आउट हो जाऊंगा, लेकिन चुनौती से पीछे नहीं हटूंगा। जसप्रीत बुमराह की गेंद को मिडविकेट के सामने पुल करके छक्का मारना, यह कई खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। इस समय अगर उन्हें बड़े मौके नहीं मिलते, तो यह उनका नुकसान नहीं है। यह हमारा नुकसान है कि हम उन्हें भारतीय टीम के लिए वही करते नहीं देख पा रहे, जो वह अपने राज्य या फ्रैंचाइजी के लिए कर रहे हैं।

# कोबोली ने ज्वेरेव को अपसेट किया

**म्यूनिख, वार्ता।** फ्लेवियो कोबोली ने शनिवार को म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन में घरेलू दर्शकों को शांत कर दिया, जहां उन्होंने मौजूदा चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पछाड़कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने एटीपी रैंकिंग में नम्बर 3 खिलाड़ी ज्वेरेव के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत के लिए शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन किया। कोबोली ने 32 विनर्स लगाए और अपनी पहली सर्व पर सिर्फ आठ पॉइंट गंवाए, और इस तरह उन्होंने टॉप-5 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी पहली जीत हासिल की।

कोबोली ने कहा कि यह मेरे अब तक के सबसे अच्छे मैचों में से एक था, और वह भी टूर पर मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक के खिलाफ। हेड 2 हेड सीरीज में कोबोली ज्वेरेव से 1-2 से पीछे हैं। वह सच में एक बहुत अच्छा इंसान है और उसकी टीम में सभी के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, इसलिए उसके खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल था।

लेकिन आज मुझे लगता है कि मैंने अपने सबसे अच्छे मैचों में से एक खेला, और मैं अपने प्रदर्शन से सच में बहुत खुश हूं। अपनी 69 मिनट की जीत के साथ, कोबोली इस सीजन में क्ले और हार्ड कोर्ट दोनों पर एटीपी टूर के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, और इस तरह वह कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर की सूची में शामिल हो गए हैं। इसके बाद अमेरिकी नम्बर 1 बेन शेल्टन ने भी वैसा ही कमाल दिखाया और स्लोवाकियाई क्वालिफायर एलेक्स मोल्कन को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरे साल म्यूनिख के फाइनल में जगह बनाई।

# बीजिंग में ह्यूमनॉइड रोबोट ने इंसानों का हाफ-मैराथन वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

**बीजिंग, वार्ता।** शेन्जेन ऑनर स्मार्ट टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के 'फ्लैश' नाम के ह्यूमनॉइड रोबोट ने रविवार को 2026 बीजिंग ई-टाउन हाफ-मैराथन में जीत हासिल की।

ऑटोनॉमस नेविगेशन (स्वचालित संचालन) श्रेणी में दौड़ते हुए उसने 50 मिनट और 26 सेकंड का समय लिया, जो इंसानों के 57:20 के वर्ल्ड रिकॉर्ड से बेहतर है। पुरुषों का हाफ-मैराथन वर्ल्ड रिकॉर्ड पिछले महीने पुर्तगाल में आयोजित लिस्बन हाफ-मैराथन में युगांडा के स्टार लंबी दूरी के धावक जैकब किप्लिमो ने बनाया था। 2025 में आयोजित पहले ई-टाउन हाफ-मैराथन में कि तियानगोंग अल्ट्रा' ने दो घंटे, 40 मिनट और 42 सेकंड में जीत हासिल की थी। उस दौड़ में हिस्सा लेने वाली 20 टीमों में से केवल छह टीमें ही 21-0975 किलोमीटर की दौड़ सफलतापूर्वक पूरी करके इतिहास रच पाई थीं।

रविवार को आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में, ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने उल्लेखनीय प्रगति की और दौड़ने में अधिक तेज तथा स्थिर होने जैसी तकनीकी सफलताओं का प्रदर्शन किया।

इस वर्ष भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई, जिसमें जर्मनी, फ्रांस और ब्राजील के प्रतिभागी भी शामिल थे। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, रोबोट और इंसान धावकों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ही मार्ग का अनुसरण किया, लेकिन उनके लिए अलग-अलग लेन निर्धारित की गई थीं। रोबोट के लिए दौड़ पूरी करने की अधिकतम समय सीमा (कट-ऑफ टाइम) तीन घंटे और 40 मिनट निर्धारित की गई थी। इस वर्ष जोड़े गए नए प्रारूप में भागीदारी के दो तरीके शामिल हैं - रिमोट कंट्रोल और ऑटोनॉमस नेविगेशन। रिमोट कंट्रोल श्रेणी की टीमों के लिए, उनके दौड़ पूरी करने के समय को 1-2 के गुणांक से गुणा किया जाता है। बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से लगभग 40 प्रतिशत टीमों ने ऑटोनॉमस नेविगेशन पद्धति को अपनाया।चाइनीज इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स के डिप्टी सेक्रेटरी-जनरल, लियांग लियांग ने बताया, गुणांक तय करने का मकसद ऑटोनॉमस नेविगेशन के रिसर्च और डेवलपमेंट को गाइड करना और बढ़ावा देना है। यह ह्यूमनॉइड रोबोट्स के लिए एक तकनीकी आधार का काम करेगा, ताकि भविष्य में हमारी रोजमर्रा की जदिगी के ज्यादा से ज्यादा कामों में इनका इस्तेमाल किया जा सके।

# प्रभु ने जीता में ट्रिपल जंप का खिताब




**यूजीन (अमेरिका), वार्ता।** भारतीय एथलीट सेल्वा प्रभु ने ओरेगन टीम इनविटेशनल 2026 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों का ट्रिपल जंप खिताब जीता। शनिवार को हुई इस स्पर्धा में 21वर्षीय भारतीय एथलीट ने हेवर्ड फील्ड में 16-61मी की अपनी सबसे अच्छी छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया। उस दिन उनकी बाकी दो सफल छलांगें 16-57मी और 16-37मी रहीं।

अपालोस एडवर्ड्स 16-53मी की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि झावोर बेनेट 16-11मी की छलांग के साथ टॉप तीन में शामिल हुए। पुरुषों के ट्रिपल जंप में सेल्वा प्रभु का पर्सनल बेस्ट 17-05 मी है, जो उन्होंने इसी साल मार्च में फेएटविले में हुई एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप एथलेटिक्स मीट में बनाया था। यह इस इवेंट में भारत का इंडोर नेशनल रिकॉर्ड भी है। कुल मिलाकर, पुरुषों के ट्रिपल जंप का राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रवीण चित्रवेल के नाम है, जिन्होंने 17-37मी की छलांग लगाई है - यह कारनामा उन्होंने दो बार किया है। यह 2026 एथलेटिक्स सीजन में सेल्वा प्रभु का तीसरा खिताब था। उन्होंने अपने सीजन की शुरुआत जनवरी में मैनहैटन, कंसास में हुई थाने बेकर एथलेटिक्स मीट में जीत के साथ की थी। वहां 16-49मी की उनकी छलांग ने उन्हें एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के एशियन गेम्स 2026 के लिए तय एंट्री स्टैंडर्ड 16-28मी को पार करने में भी मदद की, एशियन गेम्स इसी साल के आखिर में जापान में होने वाले हैं। सेल्वा प्रभु ने इसी महीने की शुरुआत में पालो ऑल्टो में हुई स्टैनफोर्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता भी 15-76 मी की छलांग के साथ जीती थी। इस साल अपनी बाकी चार प्रतियोगिताओं में से तीन में यह भारतीय जंपर दूसरे स्थान पर रहा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आरक्षण पर सियासत

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल गिरने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष में वाकयुद्ध छिड़ गया है। एक ओर सत्ता पक्ष इसे चीरहरण बता रहा है, तो विपक्ष इसे बीजेपी की नीयति की हार बता रहा है। यानि अब महिलाओं पर भी नेताओं ने सियासत चला दी है, लेकिन इसके लीभ या हानि अभी तक कोई नहीं बता पाया। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का विषय एक विभाजनकारी और ध्रुवीकरण वाला मुद्दा है। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी उचित हिस्सेदारी प्राप्त हों। यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में सही कदम है। महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्रता से लागू करने के लिए एक उचित प्रणाली भी विकसित करने की आवश्यकता है। नारी शक्ति वंदन विधेयक या महिला आरक्षण विधेयक हाल ही में संसद द्वारा पारित किया गया। इस अधिनियम का लक्ष्य संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए कुल सीटों में से एक तिहाई सीटों आरक्षित करना है। महिला आरक्षण विधेयक की क्या आवश्यकता है? इस पर गौर करें तो महिला आरक्षण बिल यह सुनिश्चित करेगा कि संसद में आधी आबादी का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि वे महिलाओं के मुद्दों के प्रति ग्रहणशील हों, सशक्त हों और रोल मॉडल बनें। लोकसभा में 82 महिला सांसद और राज्यसभा में 31 महिला सांसद हैं। विधेयक में अनुच्छेद 330 (ए) को सम्मिलित किया गया है, जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए लोकसभा में सीटों के आरक्षण पर अनुच्छेद 330 के प्रावधानों से प्रेरित है। महिला आरक्षण विधेयक द्वारा प्रस्तुत किए गए इस अनुच्छेद में प्रत्येक राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण विधेयक का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए सभी सीटों में से एक-तिहाई सीटें आरक्षित करना है। यह अधिनियम आरक्षित सीटों में से महिलाओं के लिए सीटें भी आरक्षित करेगा। आरक्षित सीटों का आवंटन भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जाएगा। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सम्मिलित कर उन्हें सशक्त बनाने का लक्ष्य रखता है। यह अधिनियम यह सुनिश्चित करेगा कि देश की राजनीति में महिलाओं का विधिवत प्रतिनिधित्व हो। वैश्विक लैंगिक सूचकांक 2023 की रिपोर्ट के अनुसार 146 देशों में से भारत 127वें स्थान पर है। राजनीतिक सशक्तिकरण श्रेणी के अंतर्गत महिलायें सांसदों का 15.1 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती हैं। कुछ विरोधियों का तर्क है कि महिला आरक्षण विधेयक बड़े चुनावी सुधारों जैसे राजनीति का अपराधीकरण और पार्टी के अंदर लोकतंत्र से ध्यान हटा सकता है। कुछ विरोधियों का तर्क है कि महिलाओं के लिए आरक्षण पुरुष उम्मीदवारों के लिए नुकसानदेह हो सकता है जिन्हें दो-तिहाई सीटों पर चुनाव लड़ना होगा। यह तर्क दिया जाता है कि यह महिलाओं की असमान स्थिति को बनाए रखेगा क्योंकि उन्हें गुणवत्ता के आधार पर निर्वाचित नहीं होने के रूप में देखा जाएगा।

## हर 30 सेकेंड में कांग्रेस का नाम लिया



भाजपा हमेशा महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ रही है और यही वजह है कि इस बार उसने महिला आरक्षण की आड़ में परिस. ीमन लाने का षड्यंत्र किया, जिसके कारण संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और भाजपा को मुंह की खानी पड़ी, भाजपा शुरू से ही महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है, यह हमेशा महिला आरक्षण के विरुद्ध रही है और यही कारण था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1990 में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लेकर आए थे, तो भाजपा ने इसका विरोध किया था, जिसके कारण वह विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने राष्ट्र के नाम शनिवार को 29 मिनट के संबोधन में 58 बार, यानी लगभग हर 30 सेकंड में कांग्रेस का नाम लिया।

**-सुप्रिया श्रीनेत, प्रवक्ता, कांग्रेस**

# इस साल लोगों को झुलसाएगी गर्मी





**एम. इमरान**

भारत में वर्ष 2026 का गर्मी का मौसम सामान्य से अधिक तीव्र होने की आशंका के साथ शुरू हो चुका है। मौसम वैज्ञानिकों और विभिन्न एजेंसियों के अनुसार इस बार गर्मी जल्दी आई है और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव और अधिक बढ़ने वाला है, विशेष रूप से पश्चिमी भारत जैसे राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिमी मध्य प्रदेश में इसका असर अधिक दिखाई देगा।

## बढ़ती गर्मी का वर्तमान परिदृश्य

साल 2026 की शुरुआत से ही भारत में मौसम के पैटर्न में बदलाव देखने को मिला है। फरवरी महीने में ही कई शहरों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया, जिससे यह संकेत मिल गया था कि इस बार गर्मी जल्दी और अधिक तीव्र रूप में आएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मार्च से मई के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी और अधिक हीटवेव (लू) वाले दिन देखने को मिल सकते हैं। इस वर्ष तापमान कई क्षेत्रों में सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है, जो यह दर्शाता है कि गर्मी का प्रभाव पहले से ही तेज हो चुका है। यह स्थिति बताती है कि भारत में गर्मी का मौसम अब केवल मई-जून तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मार्च और अप्रैल में ही भीषण गर्मी महसूस होने लगी है।

## पश्चिमी भारत में गर्मी की स्थिति

पश्चिमी भारत, जिसमें मुख्य रूप से राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से आते हैं, हर साल गर्मी के लिए जाना जाता है, लेकिन 2026 में इस क्षेत्र में स्थिति और अधिक गंभीर होती दिखाई दे रही है। हाल ही में गुजरात के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। अहमदाबाद और कच्छ क्षेत्र में भी तेज गर्मी देखी गई। राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। कई क्षेत्रों में दिन के समय तेज धूप और रात में भी गर्मी बनी रहने की समस्या सामने आ रही है, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। मुंबई जैसे तटीय शहरों में भी स्थिति अलग प्रकार की है। वहां तापमान भले ही थोड़ा कम हो, लेकिन आर्द्रता के कारण फील लाइक तापमान अधिक हो जाता है, जिससे शरीर पर गर्मी का असर ज्यादा पड़ता है।
इस तरह पश्चिमी भारत में गर्मी का प्रभाव दो रूपों में दिख रहा है-
- आंतरिक क्षेत्रों में अत्यधिक तापमान और लू
- तटीय क्षेत्रों में गर्म और उमस भरा मौसम

दोनों ही स्थितियां स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं।

## गर्मी बढ़ने के प्रमुख कारण

भारत में इस वर्ष बढ़ती गर्मी के पीछे कई वैज्ञानिक और पर्यावरणीय कारण हैं। इनमें प्रमुख निम्नलिखित हैं-

**एल नीनो का प्रभाव**-वैज्ञानिकों का मानना है कि 2026 में एल नीनो की स्थिति विकसित हो सकती है, जिससे भारत में तापमान बढ़ता है और मानसून कमजोर पड़ता है। एल नीनो के कारण समुद्र के तापमान में वृद्धि होती है, जिससे वायुमंडलीय दबाव और हवा के पैटर्न में बदलाव आता है, और इसका सीधा असर भारत के मौसम पर पड़ता है।

**कम वर्षा और सूखा**-रिपोर्टों के अनुसार इस साल मानसून सामान्य से कम रहने की संभावना है, जिससे गर्मी और अधिक बढ़ सकती है।

**कम वर्षा का मतलब है-**
- **मिट्टी में नमी की कमी**
- **जल स्रोतों का सूखना**
- **तापमान में तेजी से वृद्धि**

## जलवायु परिवर्तन

पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसका प्रभाव भारत पर भी साफ दिखाई दे रहा है।
गर्मी के दिनों की संख्या बढ़ रही है व हीटवेव तीव्र हो रही हैं। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि भविष्य में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## शहरीकरण और कंक्रीट का प्रभाव

बड़े शहरों में कंक्रीट और डामर की वजह से हीट आइलैंड प्रभाव बढ़ जाता है, जिससे शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक हो जाता है।

## पश्चिमी भारत में संभावित प्रभाव

आने वाले दिनों में बढ़ती गर्मी का असर कई क्षेत्रों पर पड़ सकता है-

**स्वास्थ्य पर प्रभाव**- हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ सकते हैं
- बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा अधिक
- लंबे समय तक धूप में रहने वालों पर गंभीर असर

रिपोर्ट्स में अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमा. रियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

**कृषि पर प्रभाव-**
- फसलों की पैदावार कम हो सकती है
- गेहूं जैसी फसलें प्रभावित हो सकती हैं
- सिंचाई की मांग बढ़ेगी

**जल संकट-**
- पानी की कमी बढ़ सकती है
- भूजल स्तर नीचे जा सकता है
- शहरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है

## बिजली की मांग में वृद्धि

- एयर कंडीशनर और कूलर के उपयोग से बिजली की मांग बढ़ेगी
- इससे बिजली कटौती की संभावना भी बढ़ सकती है

## लोगों के जीवन पर असर

गर्मी का असर सिर्फ स्वास्थ्य या कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जीवन को भी प्रभावित करता है।
- दोपहर के समय बाजारों में भीड़ कम हो जाती है
- कामकाजी लोगों का समय बदला जा रहा है
- स्कूलों के समय में भी बदलाव किया जा रहा है

इसके अलावा निर्माण कार्य और बाहरी श्रमिकों को सबसे ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

## बचाव के उपाय और सावधानियां

गर्मी से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय अपनाए जा सकते हैं-

**व्यक्तिगत सावधानियां-**
दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक धूप से बचें
- हल्के और ढीले कपड़े पहनें
- पर्याप्त पानी पिएं
- सिर को ढककर रखें

## स्वास्थ्य संबंधी उपाय

- ORS या नींबू पानी का सेवन करें
- ज्यादा थकान होने पर तुरंत आराम करें
- बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें

# ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र का अद्भुत देश

**पूर्वी ग्रीनलैंड का सबसे बड़ा शहर तसिल्लाक ऊंचे पहाड़ों और गहरे फजॉर्ड से घिरा हुआ है। यह स्थान स्थानीय इनुइट संस्कृति को जानने और नॉर्दर्न लाइट्स देखने के लिए जाना जाता है। सर्दियों में स्कीइंग और डॉग स्लेजिंग यहां की खास गतिविधियां हैं। वहीं यहां दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है और लगभग पूरी तरह मानव-रहित है। यहां ध्रुवीय भालू, आर्कटिक लोमड़ी, वालरस और दुर्लभ पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। प्रकृति प्रेमियों और रिसर्चर्स के लिए यह जगह बेहद खास है।**

ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र का एक अद्भुत और रहस्यमय देश है, जो अपनी बर्फीली दुनिया, विशाल ग्लेशियरों, तैरते हिमखंडों (Icebergs) और रंग-बिरंगे घरों के लिए जाना जाता है। यहां की कच्ची-पक्की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और रोमांचक गतिविधियां इसे दुनिया के सबसे अनोखे पर्यटन स्थलों में शामिल करती हैं। अगर आप प्रकृति, एडवेंचर और शांति- तीनों का अनुभव करना चाहते हैं, तो ग्रीनलैंड एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। आइए जानते हैं ग्रीनलैंड के 10 सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थलों के बारे में।

**इलुलिसैट आइसफ्योर्ड**
इलुलिस्सात आइसफजॉर्ड यूनेस्को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, यहां आप विशाल हिमखंडों को तैरते हुए देख सकते हैं। यहां समुद्र में तैरते विशालकाय हिमखंडों को देखना एक आध्यात्मिक अनुभव जैसा है। ग्लेशियर से बर्फ के टूटने की आवाज और नीले पानी में उनकी शांति अद्भुत सुकून देती है।

**नुक (छनना)-दुनिया की सबसे छोटी राजधानी**
पहाड़ों और समुद्र से घिरी ग्रीनलैंड की राजधानी नुक, आधुनिकता और परंपरा का संगम है। यहां का ग्रीनलैंड नेशनल म्यूजियम और तट पर बनी मदर ऑफ द सी की मूर्ति देखने लायक है। इसी के साथ रंगीन घर मुख्य आकर्षण हैं। यहां की ताजी हवा आत्मा को तरोताजा कर देती है।



**डिस्को खाड़ी**
यह क्षेत्र व्हेल वाचिंग के लिए प्रसिद्ध है। नाव में बैठकर हम्पबैक और मिंक व्हेल को उछलते हुए देखना प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव महसूस कराता है। डिस्को द्वीप ज्वालामुखीय परिदृश्य, लाल बेसाल्ट पर्वत और हरे-भरे नजारों के लिए प्रसिद्ध।

**केंगरलुसुआक**
यदि आप विशाल ग्रीनलैंड आइस शीट पर चलना चाहते हैं, तो यहां जरूर जाएं। यह जगह नॉर्दर्न लाइट्स देखने के लिए दुनिया के सबसे साफ आसमान वाली जगहों में से एक है।

**इक्वि ग्लेशियर**
इक्विप सेर्मिया ग्लेशियर इसे कैल्विंग ग्लेशियर भी कहते हैं। यहां आप सुरक्षित दूरी से ग्लेशियर के विशाल टुकड़ों को समुद्र में गिरते हुए देख सकते हैं। प्रकृति की इस अपार शक्ति को करीब से देखना रोमांच भर देता है। इसे ष्बर्फ की दीवारष कहा जाता है, जहां ग्लेशियर को टूटते हुए देखना एक अद्भुत अनुभव है।

**उनार्तोक हॉट स्प्रिंग्स-प्राकृतिक गर्म झरने**
बर्फ के बीचों-बीच प्राकृतिक गर्म पानी के कुंड में नहाना आपकी सारी थकान मिटा देगा। चारों ओर तैरते बर्फ के टुकड़ों को देखते हुए गर्म झरने का आनंद लेना एक परम सुखद अनुभव है। इसे उनाटोक भी कहते हैं। बर्फ के बीच प्राकृतिक गर्म पानी के झरने में नहाने का अनूठा अनुभव।

**स्कोर्सबी संड या स्कोर्सबिसंड**
यह दुनिया का सबसे बड़ा फ्योर्ड सिस्टम है। यहां की शांति, गहरी घाटियां और जंगली जानवर जैसे ध्रुवीय भालू और कस्तूरी बैल इसे किसी परीकथा जैसा बनाते हैं। दुनिया का सबसे लंबा फजॉर्ड, जो शानदार प्राकृतिक नजारे पेश करता है।

**सिसिम्युट- बर्फ में ढंके रंग-बिरंगे घर बर्फ**
यह ग्रीनलैंड का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यहां आप डोग स्लेजिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां के रंग-बिरंगे घर बर्फ की सफेद चादर पर किसी पेंटिंग जैसे लगते हैं।

**-साभार डब्ल्यू.डी.**

# केंद्रीय सतर्कता आयोग : दंतहीन शेर या आशा की किरण



**विनीत नारायण**

सभी जानते हैं कि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। सरकारी मशीनरी में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 1964 में स्थापित केंद्रीय सतर्कता आयोग सीवीसी आज भी भ्रष्टाचार विरोधी लड़ाई का प्रमुख हथियार माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में सीवीसी के पास लंबित मामलों की संख्या ने चिंता का विषय बना दिया है। सीवीसी की 2024 की वार्षिक रिपोर्ट (जो 31 अगस्त 2025 को जारी की गई और 31 दिसंबर 2024 तक के आंकड़ों पर आधारित है) के अनुसार, सीबीआई द्वारा जांचे गए 7,072 भ्रष्टाचार के मामले अदालतों में लंबित हैं, जिनमें से 379 मामले 20 वर्ष से अधिक पुराने हैं। 2,660 मामले 10 वर्ष से ज्यादा लंबित हैं। यह आंकड़ा न केवल न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति को दर्शाता है, बल्कि सीवीसी की निगरानी वाली पूरी व्यवस्था की कमजोरियों को भी उजागर करता है। विभागीय जांच, अनुशासनिक कार्यवाही और अभियोजन स्वीकृति में देरी के कारण आम नागरिक का भ्रष्टाचार विरोधी संस्थानों में विश्वास डगमगाता जा रहा है।

गौरतलब है कि सीवीसी स्वयं जांच एजेंसी नहीं है। यह शिकायतों की समीक्षा करता है, विभागीय मुख्य सतर्कता अधिकारियों द्धसीवीओक्ष को निर्देश देता है और सीबीआई को जांच सौंपता है। लेकिन वास्तविक कार्यवाही अन्य एजेंसियों पर निर्भर है। पहला कारण है मानव संसाधनों की कमी। सीवीसी के पास सीमित स्टाफ है, जबकि केंद्रीय मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और बैंकों में हजारों मामले आते हैं। सीवीओ अक्सर अंशकालिक होते हैं और उनके पास अन्य जिम्मेदारियां भी होती हैं। दूसरा, प्रक्रियागत देरी। प्रारंभिक जांच से लेकर प्रमुख दंड की अनुशंसा तक कई चरण हैं। सीवीसी ने 2020 में समय-सीमा निर्धारित की थी, लेकिन मंत्रालय अक्सर अभियोजन स्वीकृति में देरी करते हैं। 2024 रिपोर्ट में ही 46 संगठनों से 200 मामले अभियोजन स्वीकृति के लिए लंबित बताए गए।

तीसरा, अदालती लंबितता। भारत में कुल 5।5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। भ्रष्टाचार के मामले जटिल होते हैं। साक्ष्य इकठा करना, गवाहों की उपलब्धता और राजनीतिक दबाव, आदि इन सबके कारण ट्रायल सालों तक खिंच जाते हैं।चौथा कारण संस्थागत। सीवीसी की सिफारिशें सलाहकारी होती हैं, बाध्यकारी नहीं। 2024 में 23 महत्वपूर्ण मामलों में विभागों ने सीवीसी की सलाह को कमजोर कर दिया या नजरअंदाज कर दिया। यह स्थिति 'विनीत नारायण' मामले (1998) में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद बनी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप मौजूदा सीवीसी एक्ट, 2003 बना। कोर्ट ने सीवीसी को स्वायत्तता देने के लिए कहा था, लेकिन कानून में इसे पर्याप्त दांत नहीं दिए गए। नतीजा सीवीसी को 'दंतहीन शेर' कहा जाने लगा। सुप्रीम कोर्ट के 'विनीत नारायण' फैसले ने सीवीसी को 'वैधानिक निकाय' का दर्जा दिलाया। चयन समिति में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और विपक्ष के नेता शामिल हैं, ताकि राजनीतिक हस्तक्षेप रोका जा सके। लेकिनपी जे थॉमस मामले (2011) में कोर्ट ने 'संस्थागत अखंडता' पर जोर दिया। फिर भी आज सीवीसी को दंतहीन क्यों माना जाता है? क्योंकि कानून में सीवीसी को स्वतंत्र जांच का अधिकार नहीं दिया गया। यह सीबीआई पर निर्भर है, जो स्वयं राजनीतिक दबाव में आ सकती है। सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हैं, इसलिए विभाग अनुशासनिक कार्यवाही में अपनी मर्जी चला सकते हैं। सीवीसी की सीमा 'ग्रुप ए' अधिकारियों और पीएसयू तक सीमित है। मंत्रियों और सांसदों पर इसका अधिकार नहीं। संसाधनों की कमी, स्टाफ की अपर्याप्तता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी ने इसे कमजोर बना दिया। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इरादे को कानून ने पूरा नहीं किया, नया गठन स्वायत्तता का दिखावा भर है। सवाल उठता है कि समस्या जटिल है, लेकिन क्या समाधान संभव है? जहां चाह वहां राह, सीवीसी ने पहले ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। इसमें सभी विभागीय जांचों को सीवीसी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और AI आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाए, ताकि हर चरण की समय-सीमा की निगरानी हो। सीवीसी की 2020 की गाइडलाइंस को कानूनी रूप दें, अभियोजन स्वीकृति 3 महीने में अनिवार्य हो। देरी पर विभागीय अधिकारियों पर दंड का प्रावधान हो। भ्रष्टाचार के मामलों के लिए विशेष अदालतें बढ़ाई जाएं और सीबीआई-सीवीसी मामलों को प्राथमिकता दी जाए। सीवीसी को अधिक टेक्निकल एग्जामिनर्स और जांच अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। सीवीसी सिफारिशों को आंशिक रूप से बाध्यकारी बनाया जाए, जैसे प्रमुख दंड की अनुशंसा को केवल उच्च स्तरीय समिति ही बदल सके। उल्लेखनीय है कि जब भी किसी विभाग से कुछ उम्मीद की जाती है तो वो हमेशा मानव संसाधनों की कमी का बहन बनाते हैं परंतु शायद सीवीसी जैसे बड़े संगठनों को इस बात की जानकारी नहीं है कि देश भर में सेवानिवृत अधिकारियों की एक अनूठी ताकत है जो अक्सर अनदेखी रह जाती है। गौरतलब है कि इन रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस, आईआरएस या इंजीनियरिंग व बैंकिंग सेवाओं के अधिकारियों के पास 30-40 वर्ष की सेवा का अमूल्य अनुभव है। वे विभागीय प्रक्रियाओं की बारीकियां जानते हैं। कौन सा नियम किस तरह का 'लूपहोल' पैदा करता है, फाइल कैसे घुमाई जाती है, टेंडर में घोटाला कैसे होता है।वे दस्तावेजों को देखकर तुरंत अनियमितताएं पकड़ लेते हैं, जो युवा अधिकारियों को मुश्किल लगती हैं। सेवानिवृत्त अधिकारी सीवीओ के रूप में या सलाहकार के रूप में काम कर सकते हैं। वे प्रशासनिक कार्यप्रणाली को खूब समझते हैं, इसलिए अनुशासनिक कार्यवाही में उचित सलाह दे सकते हैं। जो कि न्यायसंगत लेकिन सख्त साबित हो सकती है। सीवीसी को एक 'रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स एडवाइजरी पैनल' बनाना चाहिए, जहां अनुभवी अधिकारी पार्ट टाइम आधार पर जटिल मामलों की समीक्षा करें। इससे न केवल लंबितता कम होगी, बल्कि युवा स्टाफ को मेंटरशिप भी मिलेगी। उनकी निष्पक्षता और अनुभव सीवीसी को विश्वसनीय बनाएगा। सीवीसी में लंबितता सिर्फ आंकड़ों की समस्या नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता की समस्या है। सुप्रीम कोर्ट के 'विनीत नारायण' के फैसले ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए सीवीसी एक्ट में संशोधन जरूरी है। सेवानिवृत्त नौकरशाहों को सक्रिय रूप से जोड़कर, डिजिटल ट्रैकिंग और बाध्यकारी सिफारिशों से सीवीसी को मजबूत बनाया जा सकता है। तभी भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और 'दंतहीन शेर' सच्चा शिकारी बनेगा। सरकार, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर इस दिशा में कदम उठाने होंगे। अन्यथा, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू-कश्मीर। डोडा जिले के भदेरवाह के पास तीन महीने से अधिक समय तक हिमपात के कारण बंद रहने के बाद फिर से खोले गए भदेरवाह-चंबा अंतर्राज्यीय मार्ग के पास से यात्रा करते सुरक्षाकर्मी।

## तुर्की यूक्रेन से गैस पाइपलाइनों पर हमला नहीं करने की गारंटी ले: रूस

**मास्को।** रूस ने तुर्की से बार-बार यह अपील की है कि वह यूक्रेन से इस बात की गारंटी ले कि 'तुर्कस्ट्रीम' और 'ब्लू स्ट्रीम' गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे पर कोई हमला नहीं किया जाएगा। रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि काला सागर के नीचे तुर्की को गैस आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों पर यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों को देखते हुए, हमने अपने तुर्की भागीदारों से बार-बार आग्रह किया है। हमने उनसे कहा है कि वे यूक्रेनी पक्ष को स्पष्ट और कड़े संकेत भेजें और मांग करें कि वे इस तरह के आक्रामक कृत्यों को तुरंत रोकें तथा भविष्य में भी ऐसा न होने की गारंटी दें।

# नेतन्याहू के गुस्से से घबराए डोनाल्ड ट्रम्प!

## इजरायल को बताया अब महान सहयोगी, पहले लेबनान में हमलों को लेकर कही थी एयरस्ट्राइक रोकने की बात

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान संकट और इजरायल-लेबनान तनाव के बीच अमेरिका और इजरायल के रिश्तों में भी हलचल देखने को मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ताजा बयानों ने कूटनीतिक स्तर पर नई बहस छेड़ दी है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।

क्षेत्रीय अस्थिरता के इस दौर में, विशेष रूप से युद्धविराम प्रोटोकाल और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री संचालन की सुरक्षा को लेकर बातचीत जटिल बनी हुई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा था कि इजरायल को लेबनान में एयरस्ट्राइक रोकनी होगी। उन्होंने लिखा था कि 'अब बहुत हो गया', जिससे यह संकेत गया कि अमेरिका ने इजरायल को सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया है। इस बयान के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सलाहकारों में चिंता बढ़ गई और व्हाइट हाउस से स्पष्टीकरण मांगा गया। विवाद बढ़ने के बाद ट्रम्प ने अपने रुख में नरमी दिखाई और इजरायल की तारीफ करते हुए उसे अमेरिका का महान सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल साहसी, मजबूत, वफादार और समझदार देश है, जो कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़ा रहता है। ट्रम्प के इस बयान को उनके पहले दिए गए सख्त संदेश के उलट माना जा रहा है, जिससे राजनीतिक हलचल और बढ़ गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि समझौता केवल आक्रामक सैन्य अभियानों पर रोक लगाता है, लेकिन आत्मरक्षा का अधिकार सुरक्षित रहता है। इस बयान से यह स्पष्ट करने की कोशिश की गई कि इजरायल अपनी सुरक्षा से जुड़े कदम उठाने के लिए स्वतंत्र है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने इजरायल के साथ चल रहे 10-दिवसीय युद्धविराम को बनाए रखने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं। अल जजीरा को दिए इंटरव्यू में कासिम ने कहा कि शांति तभी संभव है जब सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई (हवाई, जमीनी और समुद्री) पूरी तरह बंद हो। उन्होंने यह भी मांग की कि अगले चरण में इजरायल को लेबनान की जमीन से पूरी तरह हटना होगा।



■ इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सलाहकारों में चिंता बढ़ गई और व्हाइट हाउस से स्पष्टीकरण मांगा गया

### सीजफायर के बीच लेबनान में इजरायली हमले जारी

**बेरूत।** लेबनान में जारी युद्धविराम के बावजूद इजरायली सेना ने एक बार फिर दक्षिणी हिस्से में हवाई और तोपखाने हमले किए हैं। इजरायली सेना ने इन कार्रवाईयों को खतरे के खिलाफ उठाया गया कदम बताया है, जो कथित तौर पर नई येलो लाइन के दक्षिण में स्थित थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, बेरूत से जुड़े संवाददाता ने बताया कि रविवार को इजरायल ने कई गांवों में लगातार गोलाबारी और मशीनगन से फायरिंग की। इसके साथ ही दो अलग-अलग हवाई हमले भी किए गए। पहला हमला हिजबुल्ला के उन लड़ाकों पर किया गया, जो इजरायल के अनुसार येलो लाइन के करीब पहुंच रहे थे, लेकिन उसे पार नहीं किया था। रिपोर्ट में कहा गया कि यह गतिविधि रेखा के उत्तर में हुई थी, न कि उसके भीतर। दूसरा हमला एक व्यक्ति पर किया गया, जो एक सुरंग के प्रवेश द्वार की ओर बढ़ रहा था, जो येलो लाइन के दक्षिण में स्थित बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इटली में गोली मारकर दो भारतीयों की हत्या

**रोम।** इटली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो भारतीय नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उत्तरी इटली के बर्गामो प्रांत के कोवो इलाके में हुई। जानकारी के अनुसार, यह हमला शुक्रवार रात हुआ। दोनों लोग एक वेयरहाउस से बाहर निकल रहे थे, जिसे धार्मिक गतिविधियों और वैसाखी समारोह के दौरान सभा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। यह जगह गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के पास स्थित है। बता दें कि मृतकों की पहचान 48 वर्षीय रागिंदर सिंह, जो कोवो में रहते थे और अग्नाडेलो के निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है।

### बंगलादेश में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी

**ढाका।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर बंगलादेश सरकार ने ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। बंगलादेशी समाचार पत्र 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात से इन नई दरों को लागू होने के बाद पेट्रोल की कीमत 116 टका से बढ़कर 135 टका (करीब 1.10 डॉलर) प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह डीजल 100 टका से बढ़कर 115 टका और केरोसिन 112 टका से बढ़कर 130 टका प्रति लीटर हो गया है।

### मेक्सिको के बार में सशस्त्र हमले में आठ लोगों की मौत: रिपोर्ट

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मोरेलोस राज्य में एक बार में हुए सशस्त्र हमले में आठ लोगों की मौत हो गई। 'एन' प्रसारक ने यह जानकारी दी। चैनल के अनुसार, गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस को बार के अंदर आठ लोग बेहोश मिले। यह घटना शनिवार तड़के अयाला नगर पालिका के एनेनेकुइल्को कस्बे में हुई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने कई गोलियों की आवाज सुनी, जिसके बाद सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे। मोरेलोस राज्य अभियोजक कार्यालय जांच का नेतृत्व कर रहा है।

# ईरानी सशस्त्र बल पूरी तरह से युद्ध को तैयार

## हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है, अभी भी, जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है: संसद अध्यक्ष



■ ईरानी विदेश मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन की यूरोपीय संघ की अपील को किया खारिज

**मॉस्को।** ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के समाधान के लिए वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत के बावजूद, ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। प्रेस टीवी ने गालिबफ के हवाले से कहा कि हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है। अभी भी, जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है। सशस्त्र बल जमीन पर पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। प्रसारक के अनुसार, संसद अध्यक्ष ने इस बात से इन्कार किया कि जारी बातचीत से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही हो सकती है। गालिबफ ने कहा कि हमारा मानना है कि बातचीत के कारण सशस्त्र बल तैयार नहीं हैं। इसके विपरीत, सड़कों पर आम लोगों की तरह, हमारे सशस्त्र बल भी तैयार हैं। इससे पहले, पाकिस्तानी प्रसारक जियो टीवी ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता का दूसरा दौर इस्लामाबाद में अगले सप्ताह के अंत में होने की संभावना है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए, जिनमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए। 8 अप्रैल को वाशिंगटन और तेहरान ने दो सप्ताह के लिए युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में हुई बाद की बातचीत बेनतीजा रही। हालांकि शत्रुता फिर से शुरू करने की कोई घोषणा नहीं की गई, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी है। मध्यस्थ बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन की स्थिति को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन के लिए यूरोपीय संघ की अपील को खारिज करते हुए इसे 'चरम पाखंड' बताया। बगाई यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास के 17 अप्रैल के पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के लिए बिना शुल्क और टोल मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। कल्लास ने अपने पोस्ट में कहा था कि 'अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार' होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बिना शुल्क और टोल मुक्त होना चाहिए। बगाई ने कल्लास की पोस्ट के जवाब में 'एक्स' पर कहा कि अरे, वो 'अंतर्राष्ट्रीय कानून'?! वही कानून जिसका हवाला देकर यूरोपीय संघ दूसरों को उपदेश देता है, जबकि चुपचाप अमेरिका-इजरायल के आक्रामक युद्ध को हरी झंडी देता है और ईरानियों पर हो रहे अत्याचारों को अनदेखा करता है?! उपदेश देना बंद करो, यूरोप की अपने उपदेशों पर अमल न करने की आदत ने उसके 'अंतर्राष्ट्रीय कानून' के वादों को पाखंड की पराकाष्ठा में बदल दिया है। राजनयिक ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून का कोई भी प्रावधान ईरान को, एक तटीय राज्य होने के नाते कि होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रमण के लिए होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने से नहीं रोकता है। ईरानी आईआरजीसी नौसेना ने घोषणा की कि उसने शनिवार शाम से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, और यह तब तक लागू रहेगा जब तक अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी पूरी तरह से हटा नहीं ली जाती। अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर स्थित ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले सभी समुद्री यातायात की नाकाबंदी शुरू कर दी। यह जलडमरूमध्य विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और एलएनजी आपूर्ति का स्रोत है।

### ईरान से युद्ध एपस्टीन विवाद से ध्यान भटकाने की चाल

■ अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का ट्रम्प पर हमला बोलीं: अमेरिकी जनता नहीं चाहती ईरान से जंग

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब जिद और ताकत की खतरनाक लड़ाई में बदल चुका है, जहां हालात हर दिन और विस्फोटक होते जा रहे हैं। एक महीने से ज्यादा समय तक चले अमेरिका और इजरायल का ईरान के साथ टकराव ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया। अब इसी उथल-पुथल के बीच अमेरिका की राजनीति भी इस आग में झुलसती नजर आ रही है। इसका बड़ा कारण है कि जारी तनाव के बीच अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर सीधा हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। हैरिस ने अपने बयान में कहा कि ट्रम्प को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ सैन्य टकराव में खींच लिया है। बढ़ते तनाव के समय अमेरिकी उपराष्ट्रपति के इस बयान ने न सिर्फ अमेरिकी सत्ता में हलचल मचा दी है, बल्कि वैश्विक कूटनीति में भी नई बहस और तनाव को जन्म दे दिया है, जिससे हालात और ज्यादा विस्फोटक बनते जा रहे हैं। अपने बयान में कमला हैरिस ने इस पूरे घटनाक्रम को एक ऐसा कदम बताया जो अमेरिका की जनता की इच्छा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध ऐसा है जिसे अमेरिकी जनता नहीं चाहती, लेकिन फिर भी सरकार इसे आगे बढ़ा रही है। हैरिस ने आरोप लगाया कि यह युद्ध असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है, खासकर एपस्टीन फाइल्स जैसे विवादों से। उनके मुताबिक, सरकार आपरेशन एपिक फ्यूरी जैसे अभियानों का इस्तेमाल लोगों का ध्यान हटाने के लिए कर रही है। मिशिगन में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए हैरिस ने ट्रम्प प्रशासन को अब तक का सबसे भ्रष्ट, बेरहम और अयोग्य प्रशासन बताया।

# कैपिटल हित में भारत लगाएगा प्रदर्शनी

■ पहलगाम हमले की पहली बरसी पर उजागर होगा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काला सच
■ इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की सच्चाई को दुनिया के सामने लाना है

**वाशिंगटन।** भारत एक बार फिर वैश्विक मंच पर आतंकवाद के मुद्दे को मजबूती से उठाने जा रहा है। अमेरिका की संसद भवन कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास मंगलवार को 'द ह्यूमन कास्ट ऑफ टेररिज्म' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की सच्चाई को दुनिया के सामने लाना है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा करेंगे। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान खुद को अमेरिका-ईरान संघर्ष में शांति दूत के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। यह प्रदर्शनी विशेष रूप से पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित की जा रही है, जो आपरेशन सिंदूर के रूप में समाप्त हुआ था। यह पहली बार नहीं है जब भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठाया है। पिछले साल जुलाई में, जब पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष था, भारत ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भी इसी तरह की एक प्रदर्शनी आयोजित की थी। इसका उद्देश्य वैश्विक समुदाय का ध्यान इस गंभीर मुद्दे पर केंद्रित करना था। यह डिजिटल प्रदर्शनी दुनिया भर में हुए भयावह आतंकवादी हमलों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करेगी। इसमें 1993 के मुंबई बम धमाके, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमला जैसे दिल दहला देने वाले कृत्य शामिल होंगे। प्रदर्शनी में प्रत्येक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठनों के नामों का भी उल्लेख किया जाएगा, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा जैसे कई पाकिस्तान-आधारित व्यक्ति और संगठन शामिल हैं। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की पहली बरसी है। इस हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों ने बैसरन घाटी में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। यह हमला भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की एक और भयावह मिसाल बनकर सामने आया था।



## दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंसी में भी नहीं लेंगी ब्रेक

### दूसरी बार मां बनने की खबर के बाद भी जारी रखेंगी शूटिंग

**मुंबई।** अक्षय तृतीया के खास मौके पर, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने घोषणा की है कि वे एक बार फिर माता-पिता बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दीपिका ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपनी बेटी 'दुआ' के साथ एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया और फैंस को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी दी। यह खबर सुनते ही फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है और इंटरनेट पर जैसे हलचल मच गई है। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों के हवाले से एक इंडस्ट्री सोर्स ने बताया कि अपनी प्रेग्नेंसी के बीच भी दीपिका पादुकोण फिल्म 'राका' के लिए इंटेंस एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं और वह अपनी पूरी प्रेग्नेंसी के दौरान इस फिल्म की शूटिंग जारी रखेंगी। दीपिका ने एक बहुत ही प्यारी तस्वीर शेयर की है जिसमें उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट पकड़ा हुआ है, जो यह खुशखबरी दे रहा है। तस्वीर में रणवीर और दीपिका दोनों के हाथ अपनी बेटी को बड़े प्यार से थामे हुए देखे जा सकते हैं, जो अब एक बड़ी बहन बनने वाली है। इस घोषणा को बहुत ही सिपल रखते हुए दीपिका ने कैप्शन में सिर्फ बुरी नजर से बचाने वाले इमोजी लगाए हैं। यह पोस्ट दीपिका और रणवीर दोनों ने मिलकर शेयर किया है।

# प. एशिया में तनाव का सीधा असर समुद्री रास्तों पर

## ईरानी नौसेना की होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग ने हालात को और भड़काया

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव अब खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इसका सीधा असर समुद्री रास्तों पर दिखने लगा है। ईरान की नौसेना द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग की घटना ने हालात को और भड़का दिया है। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है।

इसी बीच इस मामले में सामने आए एक आडियो क्लिप ने इस पूरे मामले को और गर्म कर दिया है। पूरी बात को ऐसे समझिए कि संकट के बीच जब होर्मुज का रास्ता खुला तब वहां के कई सारे जहाज गुजरने लगे, लेकिन फिर अचानक से ईरान ने यू-टर्न लेते हुए होर्मुज बंद करने का फैसला किया। इतना ही नहीं रास्ते में मौजूद सभी जहाजों को बलपूर्वक रोकने भी लगे। इसी क्रम में भारत के दो जहाज को भी रोका और फिर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) की तरफ से जहाज पर गोलीबारी करने की भी बात कही गई, जिसके बाद से भारत में इस बात को लेकर खूब चर्चा चल रही है। अब इस मामले में नया मोड़ तब सामने आया, जब भारतीय सुपरटैंकर 'सनमार हेराल्ड' इराक से करीब 20 लाख बैरल तेल लेकर गुजर रहा था। तभी अचानक ईरानी गनबोट्स ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। अब इस दौरान एक आडियो खूब सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि ये आडियो जहाज के कप्तान का है। आडियो में गोलीबारी से नाराज कप्तान को ईरानी नेवी को फटकार लगाते हुए सुना जा सकता है। सामने आए आडियो क्लिप में जहाज के कप्तान गुस्से में ईरानी नेवी के अधिकारी से कहते हैं कि पहले हमें जब रास्ता देने की अनुमति दी गई थी, फिर अचानक से ये हमला क्यों किया गया? कप्तान ने आडियो में इस बात पर भी जोर दिया कि वहां गुजरने के जब जहाजों को हरी झंडी दिखाया गया था, उस सूची में हमारा जहाज दूसरे नंबर पर था।

**यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है**

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# उत्तर कोरिया ने दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें

## हाई अलर्ट पर जापान, अमेरिका व दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत जारी



■ यह इलाका पहले भी मिसाइल परीक्षणों के लिए जाना जाता रहा है

**सियोल।** एशिया में एक बार फिर तनाव की लहर तेज हो गई है। रविवार को दक्षिण कोरिया ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने अपनी पूर्वी समुद्री सीमा की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब क्षेत्र पहले से ही सुरक्षा चुनौतियों और शक्ति संतुलन के दबाव से जूझ रहा है।

लगातार हो रहे मिसाइल परीक्षण न केवल पड़ोसी देशों के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अस्थिरता की आशंका को बढ़ा रहे हैं। दक्षिण कोरियाई सेना के जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार ये मिसाइलें रविवार सुबह उत्तर कोरिया के पूर्वी तटीय इलाके सिनपो से छोड़ी गईं। यह इलाका पहले भी मिसाइल परीक्षणों के लिए जाना जाता रहा है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और अपनी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। इतना ही नहीं रविवार सुबह जापान में उस समय हड़कंप मच गया, जब उत्तर कोरिया की ओर से कई बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने की खबर सामने आई। स्थिति को गंभीर मानते हुए जापान सरकार तुरंत हाई अलर्ट पर आ गई और देशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे उत्तर कोरिया की ओर से कई मिसाइलें छोड़ी गईं। हालांकि शुरुआती जानकारी के अनुसार ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के बाहर ही समुद्र में गिर गईं, जिससे किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस घटना के बाद जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया मिलकर स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं। सभी देश मिलकर यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि इन मिसाइलों का मकसद क्या था और आगे क्या खतरा हो सकता है। घटना के तुरंत बाद जापान सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय के संकट प्रबंधन केंद्र में एक आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि वे तेजी से जानकारी जुटाएं और हर स्थिति के लिए तैयार रहें।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108